भोपाल

रविवार, 16 नवंबर 2025

अगहन मास कृष्ण पक्ष –12

वर्ष : 12, अंक : 226

पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 25
न्यून. 12

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## श्रीनगर के नौगाम पुलिस स्टेशन में बड़ा धमाका

# 9 की मौत, 32 घायल डीजीपी ने कहा- हादसा था...कोई साजिश नहीं

- विस्फोटक फरीदाबाद से नौगाम लाए गए थे
- गृह मंत्रालय ने कहा धमाके के कारणों की जांच की जा रही




प्रेस कांफ्रेंस में डीजीपी नलिन प्रभात (मध्य में)

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर/नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात ने बताया कि नौगाम पुलिस स्टेशन में हुआ भीषण धमाका पूरी तरह दुर्घटनावश था और इसमें किसी साजिश का मामला नहीं है। इस हादसे में नौ लोगों की मौत और 32 लोग घायल हुए, जबकि धमाके से पुलिस स्टेशन और आसपास की इमारतें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। डीजीपी प्रभात ने बताया कि व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल मामले की जांच के दौरान बरामद किए गए विस्फोटक हरियाणा के फरीदाबाद से नौगाम पुलिस स्टेशन लाए गए थे। इन्हें पुलिस स्टेशन के परिसर में खुले स्थान पर सुरक्षित तरीके से रखा गया था। उन्होंने कहा कि नियमों के अनुसार इन विस्फोटकों के नमूनों को फोरेंसिक और रासायनिक जांच के लिए भेजना आवश्यक था। बरामद सामग्री की मात्रा अधिक होने की वजह से एफएसएल टीम पिछले दो दिनों से नमूने तैयार कर रही थी। विस्फोटक सामग्री बेहद संवेदनशील और अस्थिर थी, इसलिए टीम पूरी सावधानी से इसका परीक्षण कर रही थी। डीजीपी ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11:20 बजे इसी प्रक्रिया के दौरान अचानक धमाका हो गया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी नौगाम पुलिस स्टेशन में हुए विस्फोट पर दुख व्यक्त किया है। नौगाम धमाके पर गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव (जम्मू-कश्मीर प्रभाग) प्रशांत लोखंडे ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### धमाके में जान गंवाने वालों में कई अधिकारी शामिल



*जम्मू कश्मीर सरकार ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख की आर्थिक सहायता का ऐलान किया*

जान गंवाने वालों में एसआईए का एक अधिकारी, एफएसएल टीम के तीन सदस्य, दो क्राइम फोटोग्राफर, दो राजस्व अधिकारी (मजिस्ट्रेट टीम से जुड़े), और एक दर्जी शामिल हैं। धमाके में 27 पुलिसकर्मी, दो राजस्व अधिकारी और तीन स्थानीय नागरिक घायल हुए हैं। विस्फोट इतना बड़ा था कि पुलिस स्टेशन की इमारत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, और आसपास की कई इमारतों पर भी इसका काफी असर पड़ा है।






## खबर संक्षेप

### जया किशोरी का धीरेंद्र शास्त्री ने किया सम्मान



**कोसीकलां।** बागेश्वर पीठाधीश्वर पं.धीरेंद्र शास्त्री की पदयात्रा में शनिवार सुबह मशहूर कथावाचक जया किशोरी पहुंचीं। उनका धीरेंद्र शास्त्री ने सम्मान किया। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ और बाबा की पदयात्रा अगले पड़ाव के लिए रवाना हो गई। इस दौरान पुंडरीक गोस्वामी और परमार्थ निकेतन आश्रम के प्रमुख चिदानंद सरस्वती भी यात्रा में शामिल हुए।

### आरके सिंह सहित 3 नेताओं को पार्टी से निकाला



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में जीत के बाद भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह समेत तीन नेताओं को पार्टी से निकाला है। यह कार्रवाई पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए की गई। सिंह पर एक्शन लेते हुए उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से निलंबित किया है। कटिहार की मेयर ऊषा अग्रवाल और एमएलसी अशोक अग्रवाल के खिलाफ भी कार्रवाई की है।

### समस्या के चलते 39 हजार ग्रांड विटारा बुलाई



**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी ने ग्रांड विटारा मॉडल के लिए एक बड़ा रिकॉल जारी किया है। कंपनी के अनुसार, लगभग 39,506 यूनिट्स प्रभावित हुई हैं, जो 9 दिसंबर 2024 से 29 अप्रैल 2025 के बीच बनाई गई थीं। रिकॉल का कारण है एसयूवी के फ्यूल लेवल इंडिकेटर और वार्निंग सिस्टम में संभावित खराबी बताई जा रही है।

### गर्दन में तेज दर्द के चलते शुभमन अस्पताल में भर्ती



**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल को गर्दन में तेज दर्द के चलते अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। गिल का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में आगे खेल पाना अनिश्चित है क्योंकि दूसरे दिन शनिवार को ईडन स्टेडियम में साइमन हार्मर की गेंद पर स्लॉग स्वीप करने के प्रयास में गर्दन में ऐंठन आने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए थे।

## भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जबलपुर में हुआ राज्य स्तरीय 'जनजातीय गौरव दिवस' समारोह

# पीएम ने कहा..जनजातियों की ओर से बोली जाने वाली सभी बोलियों पर अध्ययन होगा



पीएम मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया

◀ कार्यक्रम को राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी संबोधित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में प्रदेशभर से पहुंचे जनजातीय समाज के लोग मौजूद थे

### जनजातियों का समग्र कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

### वंचितों को वरीयता देना ही हमारी नीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि स्वाधीनता संग्राम के प्रारंभिक काल में जनजातीय जननायकों के योगदान को इतिहासकारों और तत्कालीन सरकारों ने सिरे से नकार दिया था। किंतु हमने बीड़ा उठाया है कि जनजातीय वीरों और जननायकों के बारे में आज की नई पीढ़ी को भी अवगत कराया जाए।

हर साल 15 नवंबर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का जन्मदिवस है। इस दिन को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने के पीछे हमारी मंशा है कि जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया, उनके बारे में जानें, समझें, विचार करें और इन शूरवीरों के योगदान को ▶▶ शेष पेज 6 पर



**महिला क्रिकेट विश्वकप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए क्रांति गौड़ को दिया गया एक करोड़ का चेक**

### सीएम डॉ. यादव ने की घोषणाएं

- ◀ अगले वर्ष से मप्र में होगी 5000 छात्रावास अधीक्षकों की भर्ती
- ◀ जनजातीय विभाग से संचालित प्रदेश के सभी बालिका आश्रम शालाओं एवं छात्रावासों के नाम रानी दुर्गावती के नाम पर रखे जाएंगे
- ◀ सभी बालक आश्रम शालाओं और छात्रावासों के नाम राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह के नाम पर रखे जाएंगे

### स्वाधीनता का दीया सबसे पहले मध्य प्रदेश की पावन धरती पर जलाया गया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महिला क्रिकेट विश्वकप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए क्रांति गौड़ को एक करोड़ रुपए का चेक प्रदान किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश के बड़वानी, आलीराजपुर और जबलपुर में जनजातीय वर्ग के लिए विशेष आयोजन हुए। इनमें केंद्र और प्रदेश के कई मंत्री शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वाधीनता का दीया सबसे पहले मप्र की पावन धरती में ही जला था और यह दीया जलाने का जिम्मा भी हमारे जनजातीय वीरों ने ही उठाया था। उन्होंने कहा कि मप्र में नमक सत्याग्रह ने ही जंगल सत्याग्रह की नींव रखी। सिवनी के जंगलों में हुआ टुरिया सत्याग्रह जनजातीय वीरों और वीरांगनाओं के शौर्य और साहस का जीवंत प्रमाण है।

### जनजातीय समुदाय की प्रतिभाओं का किया सम्मान

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विशिष्ट उपलब्धियां प्राप्त करने वाले जनजातीय समुदाय के युवाओं, चित्रकारों और सिकल सेल एनीमिया के निवारण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टर्स को भी सम्मानित किया गया। महिला क्रिकेट विश्वकप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छतरपुर जिले की महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़ को एक करोड़ का चेक और प्रशस्ति-पत्र दिया गया। पद्मश्री अर्जुन सिंह धुर्वे, श्रीमती फुलझारिया बाई, श्रीमती उजियारो बाई, विक्रम अवॉर्डी सुश्री रागिनी मार्को, सुश्री सृष्टि सिंह को सम्मानित किया गया। राज्यपाल पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में प्रतियोगी परीक्षा पास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (पीवीटीजी) के चयनित 6 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र दिया गया। कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जनजातीय वर्ग के दो मेधावी विद्यार्थियों को महाराजा शंकर शाह और रानी दुर्गावती मेधावी पुरस्कार प्रदान किए गए। विभिन्न योजनाओं में जनजातीय हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए गए।

## भाजपा की टोली बैठक में हो चुका विचार-विमर्श

# मुख्यमंत्री का दिल्ली दौरा... जल्द हो सकती हैं निगम-मंडलों में नियुक्तियां

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री निवास में संगठन और सरकार के समन्वय के लिए बनी टोली की बैठक के बाद निगम-मंडलों में नियुक्तियों का रास्ता खुल गया है।

इस बैठक में नियुक्तियों पर चर्चा हुई और 'एक व्यक्ति एक पद' सिद्धांत का पालन करते हुए नियुक्तियां करने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ▶▶ शेष पेज 6 पर

**भाजपा युवा महिला मोर्चा के अध्यक्ष भी होंगे घोषित**



फाइल फोटो

### नियुक्तियों के लिए इनका दावा मजबूत

निगम-मंडलों में नियुक्ति की पहली सूची में उन पूर्व मंत्रियों का दावा सबसे मजबूत माना जा रहा है, जो विधानसभा चुनाव हार गए थे या जिन्हें मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिल सकी थी। वे भी प्रमुख दावेदार हैं जिन्हें आश्वासन देकर कांग्रेस से तोड़ कर ▶▶ शेष पेज 6 पर

## लालू की बेटी रोहिणी ने छोड़ी राजनीति

# कहा- मैं अपने परिवार से भी नाता तोड़ रही हूं



■ मेरे लिए मेरा आत्म सम्मान सर्वोपरि

एजेंसी ▶▶ पटना


राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिनी आचार्या ने राजनीति छोड़ने का ऐलान किया है। इतना ही नहीं उन्होंने अपने परिवार से दूरी बनाने की भी घोषणा कर दी है। रोहिणी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह वही बात है जो संजय यादव और रमीज़ ने मुझसे कहने को कहा था। राजद की हार की ओर ▶▶ शेष पेज 6 पर

## वक्फ बोर्ड के प्रमुखों को आई धमकी

# संघ पर फूल बरसाए तो सिर कलम की 'धमकी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के चेयरमैन सनवर पटेल और



फैजान खान



सनवर पटेल

■ इंस्टाग्राम अकाउंट की जानकारी जुटा रही पुलिस

वक्फ बोर्ड के डायरेक्टर फैजान खान को सिर कलम कर (काटकर) जान से मारने की धमकी मिली है। दोनों ने पिछले माह निकले आरएसएस के पथ संचलन का फूल बरसाकर ▶▶ शेष पेज 6 पर

## भोपाल में लगातार 8वें दिन सीवियर कोल्ड वेव

**आज भी एक दर्जन जिलों में अलर्ट**

# राजगढ़ में पारा 6.5 डिग्री... दो दिन बाद मिलेगी कड़ाके की सर्दी से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित एक दर्जन जिलों में शीतलहर बरकरार है। शनिवार को भोपाल में लगातार 8वें दिन सीवियर कोल्ड वेव का असर रहा। राजगढ़ में प्रदेश में सबसे कम रात का पारा 6.5 डिग्री रहा, यहां ओस जमने के हालात बन गए हैं।

भोपाल में रात का पारा 1.6 डिग्री गिरकर 8 डिग्री रहा, जो सामान्य से 7.6 डिग्री कम है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार दो दिन बाद प्रदेश में कड़ाके की सर्दी से राहत मिलेगी। ▶▶ शेष पेज 6 पर

**मंगलवार से हवाएं होंगी पूर्वी, बढ़ेगा रात का पारा**



राजधानी की स्मार्ट सिटी रोड, देर शाम 7:20 बजे का दृश्य

### आज भी राहत नहीं

मौसम केंद्र ने रविवार को भी भोपाल, सीहोर, राजगढ़, इंदौर, देवास, शाजापुर, शिवपुरी, रीवा, सतना, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी और मैहर जिलों में कुछ जगह सीवियर कोल्ड वेव और शेष स्थानों पर कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया है।




**आरोपियों के गिरफ्तार होते ही अलग-अलग थाना पुलिस ने दर्ज की झपटमारी की एफआईआर**

दो नाबालिगों ने दो युवकों के साथ मिलकर शहर में 12 नवंबर की रात की थी आधा दर्जन वारदात

# डिप्टी सीएम के पीए के अलावा आठ अन्य लोगों से झपटे थे मोबाइल फोन



टीटी नगर पुलिस ने बाणगंगा इलाके से घेराबंदी करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जय प्रकाश अस्पताल, मेडिकल के पास डिप्टी सीएम के पीए से मोबाइल झपटने वाले दो नाबालिग झपटमार और उनके साथ मौजूद दो युवकों से आधा दर्जन मोबाइल झपटने की वारदातों का खुलासा हुआ है। वारदातों का खुलासा होने के बाद संबंधित थाना पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार डिप्टी सीएम के पीएम सुधीर कुमार दुबे (51) निवासी तुलसी नगर ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया था कि 11 नवंबर की रात वह जयप्रकाश अस्पताल के सामने मेडिकल के पास टहल रहे थे, तभी पीछे से आई बाइक पर सवार अज्ञात बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया। पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। साथ ही मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। इस दौरान पता चला कि तीन अज्ञात बदमाशों ने स्प्लेंडर बाइक से झपटमारी की घटना की है। पुलिस ने बाणगंगा इलाके से घेराबंदी करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पता चला कि दो नाबालिगों ने अपने बालिग साथी फरदीन और एक अन्य युवक के साथ मिलकर वारदात की थी।

### शाहपुरा, बागसेवनिया और कोलार में की थी वारदात

आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि उन्होंने शाहपुरा थाना क्षेत्र से तीन मोबाइल झपटे थे। इसके अलावा बागसेवनिया से दो मोबाइल और हबीबगंज थाना क्षेत्र कमलापति स्टेशन व मानसरोवर कॉम्पलेक्स के पास से दो मोबाइल झपटे। कोलार में भी अमरनाथ कॉलोनी से एक मोबाइल झपटा गया। पुलिस ने आरोपियों से कुल 9 मोबाइल बरामद किए हैं। यदि डिप्टी सीएम के पीए के साथ मोबाइल झपटमारी की घटनाएं नहीं होती तो पुलिस सक्रिय नहीं होती और झपटमारों तक नहीं पहुंचती। हैरानी की बात तो यह है कि टीटी नगर में हुई झपटमारी की ही शिकायत दर्ज की गई। बाकि थाना पुलिस ने झपटमारों की गिरफ्तारी के बाद प्रकरण दर्ज किया।

**मोबाइल बरामदगी में पुलिस की उपलब्धि**

## अब तक 2 हजार 350 से अधिक मोबाइल मालिकों को सौंपे

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशन में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा तकनीक आधारित सतत कार्रवाई के माध्यम से नागरिकों के गुम एवं चोरी गए मोबाइल फोन की बरामदगी में लगातार उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की जा रही है। इसी क्रम में हाल ही में अनूपपुर, छतरपुर और डिंडौरी जिलों ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज कराते हुए सैकड़ों गुमशुदा मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए हैं। थाना कोतमा पुलिस ने मोबाइल दुकान में हुई चोरी का खुलासा करते हुए 31 महंगे स्मार्टफोन बरामद किए, जिनकी कुल कीमत लगभग 5 लाख 50 हजार रुपए है। पुलिस ने मुख्य चोर तथा चोरी का मोबाइल खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके अतिरिक्त जिले में गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी में भी पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई की है। थाना कोतवाली अनूपपुर द्वारा 02 गुम स्मार्टफोन एवं थाना कोतमा पुलिस द्वारा 10 गुम मोबाइल फोन बरामद कर नागरिकों को लौटाए गए। अक्टूबर माह से अब तक मध्यप्रदेश पुलिस ने साइबर तकनीक और ट्रैकिंग सिस्टम के माध्यम से 2 हजार 350 से अधिक मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को वापस सौंपे हैं। इसमें बुरहानपुर (76), छिंदवाड़ा (201), सिंगरौली (288), विदिशा (275), इंदौर (272), भोपाल (100 ) सहित कई जिलों का विशेष योगदान रहा है।

**कोलार में बड़ा हादसा टला**

## फ्रीज का कंप्रेशर फटने से लगी आग, धमाके से दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के कोलार स्थित रायपिंक सिटी फेज-1 में शुक्रवार की देर रात करीब दस बजे घर में रखे फ्रीज का कंप्रेसर फटने से आग लग गई। यह मामला शनिवार को प्रकाश में आया। अचानक जोरदार धमाके की आवाज सुनकर आसपास रहने वाले लोग घबरा गए और दहशत फैल गई। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के मकानों तक कंपन महसूस हुआ।

इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। आग से घर में रखा सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। कोलार फायर सब



इस मकान में हुआ हादसा

स्टेशन के प्रभारी पंकज खरे ने बताया कि एक दमकल मौके पर पहुंची और आग पर पूरी तरह से काबू पाया।

इसी तरह 11 मील क्षेत्र में एक पुल पर खडी कार में भी आग लगने की घटना सामने आई। यहां भी दमकल पहुंची और आग पर काबू किया। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका।

**प्रॉपर्टी डीलर की बेटी गिरफ्तार**

## महिला ड्रग पेडलर से 9 ग्राम एमडी और आईफोन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीला जमालपुरा पुलिस प्रॉपर्टी डीलर की बेटी को गिरफ्तार कर उसके पास से 9 ग्राम एमडी जब्त की है। युवती के बारे में जानकारी जुटाने पर पता चला कि वह नशे की आदी है और खुद पब, हुक्का लाउंज में जाती है। अनुमान है कि उक्त ड्रग उसने किसी से खरीदा था और उसे पब सहित हुक्का लाउंज और हाई प्रोफाइल पार्टियों में सप्लाई करती थी। पुलिस ने आरोपी युवती के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है। एसआई डीपी सिंह ने बताया कि शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात मुखबिर से सूचना मिली कि इस्लामी गेट के पास मैदान में एक युवती संदिग्ध हालत में अंधेरे में खड़ी है। उसके पास अवैध मादक



पदार्थ हो सकता है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर युवती को स्टाफ की मदद से हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम यक्सा खान (25) निवासी चित्रांश अपार्टमेंट बीडीए कॉलोनी थाना कोहेफिजा का होना बताया। महिला स्टाफ द्वारा तलाशी लेने पर उसके पर्स में छोटी-छोटी 8 पारदर्शी पन्नियों में रखा 9 ग्राम एमडी ड्रग्स व आईफोन मिला। आईफोन व एमडी ड्रग्स की कीमत एक लाख 52 हजार रुपए बताई जा रही है।

**'कूनो' बनेगा इको-टूरिज़्म का राष्ट्रीय गंतव्य**

## कूनो में प्रकृति, रोमांच और संस्कृति का उत्सवकूनो फॉरेस्ट रिट्रीट के द्वितीय संस्करण का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क के सुरम्य वातावरण में कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट के द्वितीय संस्करण का भव्य आगाज़ हुआ। पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में आयोजित कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट का उद्देश्य पर्यटन, वन्यजीव और संस्कृति का एक ऐसा अनूठा संगम प्रस्तुत करना है, जो पर्यटकों के लिए अविस्मरणीय हो। अपर मुख्य सचिव पर्यटन, मप्र टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक शिव शेखर शुक्ला ने भी कार्यक्रम को



कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट में प्रस्तुतियों देतीं कलाकार।

संबोधित किया। उद्घाटन अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में बधाई नृत्य ने भगवान राम और कृष्ण के जन्म प्रसंगों को जीवंत किया, वहीं बुंदेलखंड के प्रसिद्ध नौरता नृत्य ने प्रदेश की समृद्ध लोक परंपराओं से परिचय कराया।

## सिख प्रीमियर लीग 2 का भव्य आयोजन



**भोपाल।** सिख प्रीमियर लीग-2 के सफलतापूर्वक दो दिनों के आयोजन के दौरान शनिवार को विशिष्ट अतिथि प्रदेश मंत्री भाजपा राजेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने भाग लिया है। तीन दिवसीय आयोजन में रविवार को क्वार्टर फाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे।

**ढोलक की थाप पर सामूहिक आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया**

## भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर हुआ भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के बीएसएसएस कॉलेज में शनिवार को बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की स्तुति के रूप में ढोलक की थाप पर सामूहिक आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर बीएसएसएस पूर्व छात्र संघ के द्वारा वॉकथॉन का भी आयोजन किया गया।

इसमें वॉक फॉर ए कॉजः मधुमेह मुक्त समाज की ओर कदम बढ़ाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थी मौजूद रहे।

## रन भोपाल रन का आयोजन 7 दिसंबर को




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कॉलेज लाइफ में सिगरेट का चस्का लगा था, लेकिन दौड़ फिटनेस से ये चीज दूर हुई, क्योंकि दौड़ने से हैप्पी हार्मोन रिलीज़ होते हैं, आपकी बॉडी एक्टिव रहती है, इसलिए रन भोपाल रन की स्थापना की। अब इस आयोजन का 11वां संस्करण 7 दिसंबर को होगा। यह कहना है रन भोपाल रन के फाउंडर, आईएएस निशांत बरबड़े का। जो होटल पलाश में आयोजित रन भोपाल रन की प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। 'दौड़ हिंदुस्तान के दिल के लिए' थीम के साथ मैराथन की शुरुआत टीटी नगर स्टेडियम से सुबह 6 बजे होगी। मैराथन 21 किमी, 10 किमी और 5 किमी की श्रेणियों में प्रतिभागी दौड़ लगाएंगे।

**मुंबई के प्रख्यात गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और जीआई एंडोस्कोपी विशेषज्ञ डॉ. भट्ट ने किया उद्घाटन**

## सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में उन्नत जीआई एंडोस्कोपी सेवाएं शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुंबई के प्रख्यात गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और जीआई एंडोस्कोपी विशेषज्ञ एवं मॅटर सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल के डॉ. चेतन भट्ट ने सागर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में शनिवार को एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड (ईयूएस) सेवाओं का उद्घाटन किया। डॉ. चेतन भट्ट पहली बार प्रदेश में आए हैं। प्रेसवार्ता में डॉ. भट्ट ने सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में बीएफ-यूसी19ओएफ स्कोप के साथ मध्य भारत के पहले ओलंपस इयू-एमई3 ईबीयूएस सिस्टम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सागर ग्रुप के डायरेक्टर सागर सुधीर अग्रवाल, डॉ. आदित्य अग्रवाल डायरेक्टर एसएमएच और डॉ. अतुल अदानिया सीईओ एसएमएच, डॉ. निखिल जालोरी जैन और डॉ. रघुवीर चंद्रा गैस्ट्रोएंटरोलॉजी कंसल्टेंट एसएमएच, जॉकी चौकसे टीम लीड ओलंपस उपस्थित रहे। डॉ. भट्ट ने एसएमएच की सुविधाओं और रोगियों की देखभाल की सराहना की। डॉ. जालोरी जैन ने बताया कि नई प्रणाली अग्नाशय संबंधी समस्याओं, सिस्ट और पाचन तथा छाती के क्षेत्रों में कैंसर का पता लगाने में बेहद मदद करेगी।



धुआं निकलता देखकर ड्राइवर ने रोकी बस, खुद भी कूदकर बचाई जान

# चलती बस से अचानक निकलने लगा सफेद धुआं घबराए यात्री, तेजी से निकले बाहर... हादसा टला


हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के बोर्ड ऑफिस चौराहे से न्यू मार्केट की ओर जा रही एक लो-फ्लोर बस में अचानक धुआं उठने से यात्रियों में दहशत फैल गई। यह देख ड्राइवर ने तुरंत बस को रोका और खिड़की से कूदकर जान बचाई, जबकि बस में सवार अन्य 6-7 यात्री बस के अगले गेट से तुरंत बाहर निकले और अपने आप को सुरक्षित किया। इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुईं। घटना के बाद बस को डिपो रवाना किया गया। जहां बस की जांच के लिए भी टीम पहुंच गई थी।

बीसीएलएल के अधिकारियों ने बताया कि टर्बो जाम होने के कारण साइलेंसर से धुआं निकला। तकनीकी कारणों से इस तरह के मामले सामने आते हैं। इससे किसी तरह की घबराने की जरूरत यात्रियों को नहीं है। बस को दुरुस्त करवाकर इसका दोबारा संचालन शुरू किया जाएगा।

**बीसीएलएल का तर्क-** टर्बो जाम होने से साइलेंसर से निकला धुआं,

**बस को डिपो रवाना किया** जांच के लिए टीम भेजी



बोर्ड ऑफिस चौराहे से न्यू मार्केट की ओर जा रही लो-फ्लोर बस के पिछले हिस्से से निकलता धुआ।

### टीआर-4 बोर्ड ऑफिस चौराहे से न्यू मार्केट की ओर जा रही थी

शनिवार को सुबह बीसीएलएल की टीआर-4 बस बोर्ड ऑफिस चौराहे से न्यू मार्केट की ओर जा रही थी, तभी अचानक बस के पीछे हिस्से से धुआं निकलने लगा। यह धुआं पूरी बस में फैल गया। यह देखकर ड्राइवर ने तुरंत बस को रोका और यात्रियों को तुरंत बाहर निकलने को कहा। हालांकि बस में 6-7 ही सवारियां थीं, जो तेजी से बाहर निकल गईं। ड्राइवर ने फौरन स्थिति को भांपते हुए धुएं पर काबू किया। बाद में बस डिपो रवाना हो गई।

### एमआईसी बोले- बस के दस्तावेज पूरे, लेकिन करवाएंगे जांच

नगर निगम में महापौर परिषद के सदस्य मनोज राठौर ने बताया कि चलती बस में सफेद धुआं निकलने की घटना हुई है। बस के पिछले हिस्से में शार्ट-सर्किट के कारण धुआं निकला। सभी यात्री सुरक्षित हैं। बस के दस्तावेज भी पूरे हैं, लेकिन फिर भी जांच करवाई जा रही है।



बस को खड़ा करने पर धुआं सड़क पर फैल गया।

### जांच के बाद दोबारा बस का संचालन शुरू किया जाएगा

बीसीएलएल के मैनेजर रोहित यादव ने बताया कि टर्बो जाम होने से साइलेंसर से धुआं निकला। इससे कोई घबराने की बात नहीं है। बस को डिपो भेजा गया है। जांच के बाद दोबारा बस का संचालन शुरू होगा।

---

प्रिंटिंग मशीन में काम करने के दौरान प्रिंटिंग और विदेशी राइटरों की किताब पढ़कर सीखी नोट छापने की कला

# दसवीं पास युवक घर में छाप रहा था 500 रुपए के नकली नोट, 2 लाख 25 हजार 500 रुपए के नकली नोट बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिपलानी पुलिस ने पांच सौ रुपए के नकली नोट छापने वाले युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 2 लाख 25 हजार 500 रुपए के नकली नोट बरामद किए। आरोपी महज दसवीं पास है। प्रिंटिंग मशीन में काम करते-करते वह छपाई का हुनर सीखा था। इसके बाद विदेशी राइटरों की किताब पढ़ी और पांच सौ रुपए के नोट प्रिंट करने लगा था। पुलिस ने उसके पास से कंप्यूटर, प्रिंटर, पंचमशीन, नोट बनाने की डाई, हॉट स्टंपिंग क्वाइल सहित नोट बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाला अन्य सामान बरामद किया।

मूलतः उत्तर प्रदेश का रहने वाला आरोपी करीब एक साल से नोट बनाकर उन्हें बाजार में खपा रहा था। अब तक वह पांच छह लाख रुपए के नकली नोट खपा चुका था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार सूचना मिली कि शांति नगर निजामुद्दीन कॉलोनी के पास दुकानदारों से सामान खरीदने के बाद एक युवक पांच सौ रुपए का नोट थमा रहा है। वह बीस तीस रुपए का सामान खरीदने के बाद पांच सौ रुपए का नोट देता था। दुकानदारों को संदेह हुआ और उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

*बीस रुपए का सामान खरीदने पर देता था 500 रुपए का नकली नोट*

**अब तक पांच से छह लाख रुपए मार्केट में खपा चुका था युवक**



करोंद स्थित मुरली नगर में युवक के घर में नकली नोट छापने का सामान

विवेक यादव

### मुंबई और मंडीदीप में कर चुका है काम

आरोपी विवेक यादव महज दसवीं कक्षा तक पढ़ा है। इसके बाद प्रिंटिंग प्रेस में काम सीखने लगा। उसे प्रिंटिंग का काम ठीक से आने लगा। वह मुंबई और मंडीदीप में प्रिंटिंग प्रेस में काम कर चुका है। उसे असली नोट की तरह हूबहू नकली नोट बनाने थे। लिहाजा उसने विदेशी राइटरों की किताब भी पड़ी। उसने नोट बनाने का सामान खरीदा सभी ऑनलाइन खरीदा था।

### करीब एक साल से नकली नोट छाप रहा था आरोपी

सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर तलाशी ली। तलाशी में उसके पास 500 रुपए के 23 नोट मिले। पुलिस ने उसके पास मिले नोट का असली नोट से मिलान किया तो कुछ संदेह हुआ। पुलिस उसे लेकर थाने पहुंची उसने अपना नाम विवेक यादव पिता मनोज यादव (21) कोरल लाइफ फेस-टू मुरली नगर करोंद बताया। उसने बताया कि वह मूलतः थाना मईल, जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। उसने बताया कि वह करीब एक साल से नकली नोट छाप रहा था। उसने नोट किसी को दिए नहीं, बल्कि वह खुद नकली नोट चला रहा था। अलग-अलग दुकानों में पहुंचकर वह बीस तीस रुपए का सामान खरीदता था। इससे उसके नकली नोट से असली रुपए आ जाते थे।

### बनना चाहता था अमीर, इसलिए खुद चलाए नकली नोट

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि एक साल से उसने नकली नोट बनाने का काम शुरू किया था। उसने कंप्यूटर प्रिंटर खरीदे और बाद में हॉट स्टंपिंग मशीन सहित रोलर और अन्य सामान खरीदा उसके पास मिलने रोलर की कीमत ही एक लाख रुपए है। उसने बताया कि उसने छापे हुए सभी नोट खुद मार्केट में चलाए हैं। वह किसी को कम कीमत में नोट नहीं देना चाहता था। वह चाहता था कि नकली नोट से खुद ही अमीर बनें। लिहाजा वह जब कोई सामान खरीदने जाता था कि अपने नकली नोट चलाता था।



आरोपी युवक से बरामद नकली नोट।

---

दिल्ली की ओर से आने वाली ट्रेनें होने लगी लेट

# कोहरे की वजह से गोरखपुर-पुणे स्पेशल, पटना-डॉ. आंबेडकर एक्सप्रेस 6 घंटे की देरी से आई भोपाल

**सर्दी के इस सीजन में पहली बार शहर आने वाली एक दर्जन से अधिक ट्रेनें देरी से आई**



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इन दिनों दिल्ली व यूपी में कोहरे का असर देखने को मिल रहा है। इस वजह से अब दिल्ली यूपी की तरफ से आने वाली ट्रेनें लेट होने लगी है। शनिवार को इन रूटों से आने वाली एक दर्जन से अधिक ट्रेनें आधा से 6 घंटे तक की देरी से भोपाल पहुंची।

हालांकि रेलवे अधिकारी इससे समान्य देरी होना बता रहे हैं। लेकिन इस वजह से यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर बच्चे, बुजुर्ग व महिलाओं को खासी परेशानी हो रही है। ट्रेन के इंतजार में घंटों-घंटों बिताना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि सर्दी के इस सीजन में यह पहला मौका है। जब दिल्ली व यूपी से आने वाली ट्रेनें कोहरे की वजह से देरी से भोपाल पहुंची।

### स्पेशल ट्रेनों को घंटों-घंटों आउटर पर किया जा रहा खड़ा

*देरी से चलने वाली ट्रेनों में अधिकांश स्पेशल ट्रेनें है। जिनमें यात्रियों को 30 फीसदी तक अधिक किराया देने के बाद भी घंटो की देरी से अपने गतव्य स्थान तक पहुंचना पड़ रहा है। तो वहीं स्टेशन पर भी ट्रेन के इंतजार में घंटो परेशान होना पड़ रहा है। रेल यात्रियों का कहना है कि स्पेशल ट्रेनों के लिए आउटर पर आधा से दो घंटे तक रोक लिया जाता है। इससे खासी परेशानी होती है। रेलवे इन ट्रेनों का किराया भी अधिक लेता है और समय पर भी नहीं चलती है।*

### यह ट्रेनें पहुंचीं देरी से

- 01416 गोरखपुर - पुणे स्पेशल 6.11 घंटे लेट
- 09344 पटना - डॉ.आंबेडकर स्पेशल 5.55 घंटे
- 05543 मुजफ़्फरपुर - श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि स्पेशल 3.25 घंटे लेट
- 01415 पुणे-गोरखपुर स्पेशल 3.22 घंटे लेट
- 12920 मालवा एक्स. 2.36 घंटे लेट
- 14813 जोधपुर-भोपाल एक्स. 2.12 घंटे लेट
- 01080 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्पेशल 1.55 घंटे लेट
- 01026 बलिया - दादर सेंट्रल स्पेशल 1.29 घंटे लेट
- 06530 गोमती नगर-सरएम.विश्वेश्वरय्या टर्मिनल बेंगलुरु स्पेशल 1.52 घंटे लेट
- 12808 समता एक्सप्रेस 0.35 मिनट लेट
- 20424 पातालकोट 0.32 मिनट लेट
- 12722 दक्षिण एक्स. 0.25 मिनट लेट
- 11058 अमृतसर एक्स. 0 .25 मिनट लेट
- 18238 छतीसगढ़ एक्स. 0.34 मिनट लेट
- 12191 श्रीधाम एक्सप्रेस 0 .25 मिनट लेट

---

**सीएमआरएस ने किया रिव्यू, टीम दिल्ली रवाना**

# मेट्रो के सभी आठ स्टेशनों का निरीक्षण पूरा, ओके रिपोर्ट के बाद कॉमर्शियल रन की डेट होगी तय

◆ *आग से सुरक्षा, लिफ्ट-एस्केलेटर, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, यात्री सुविधाओं और भीड़ प्रबंधन व्यवस्था की बारीकी से जाच*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी मेट्रो के संचालन को हरी झंडी मिलने का रास्ता अब पूरी तरह साफ हो गया है। शनिवार को सीएमआरएस के तीन दिवसीय निरीक्षण के बाद टीम शाम करीब चार बजे दिल्ली रवाना हो गई। निरीक्षण के अंतिम दिन एम्स, अलकापुरी व डीआरएम स्टेशन का निरीक्षण किया व सुरक्षा मानकों के हर एक पहलू की जांच की।

तीनों दिन कमिश्नर नीलाभ्र सेनगुप्ता के नेतृत्व में निरीक्षण किया गया। सीएमआरएस का दौरा होने के बाद वह अपनी रिपोर्ट प्रदेश सरकार को देगी। यहां से ओके मिलने के बाद कॉमर्शियल रन की फाइनल डेट तय होगी। भोपाल मेट्रो के डीजीएम स्पेशल अरविंद सोनी ने बताया कि टीम के सदस्य शाम चार बजे निरीक्षण पूरा करने के बाद दिल्ली रवाना हो गए।

### तकनीकी और सुरक्षा मानकों की समीक्षा

*सीएमआरएस के नीलाभ्र सेनगुप्ता ने कॉरिडोर में मौजूद सभी प्रमुख प्रणालियों की सूक्ष्म जांच की। डिपो एवं रोलिंग स्टॉक, सभी मेट्रो स्टेशनों के ट्रैक एवं टर्नआउट, सिग्नलिंग एवं ट्रेन कंट्रोल सिस्टम, थर्ड रेल पावर सप्लाई सिस्टम, संचालन एवं मेंटेनेंस प्रोटोकॉल, फायर सेफ्टी एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था, यात्री सुविधाएं एवं स्टेशन प्रबंधन प्रणाली, स्टेशन स्तर पर सुरक्षा प्रणालियों का परीक्षण, निरीक्षण के दौरान आग से सुरक्षा, लिफ्ट-एस्केलेटर, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, यात्री सुविधाओं और भीड़ प्रबंधन जैसी व्यवस्थाओं की भी कड़ी जांच की गई।*

### ट्रेन और डिपो संचालन की विस्तृत जांच की

डिपो में ट्रेन संचालन, रखरखाव मानकों, ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर के प्रदर्शन, ट्रेन परीक्षण के रिकॉर्ड और विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की भी जांच की गई। निरीक्षण टीम ने संचालन से जुड़े सभी दस्तावेजों और प्रक्रियाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। सीएमआरएस का यह आखिरी निरीक्षण था। प्रायोरिटी कॉरिडोर 6.22 किमी लंबा है। अब दिल्ली पहुंचने के बाद रिपोर्ट तैयार होगी। यह रिपोर्ट प्रदेश सरकार को भेजी जाएगी। इसके बाद संचालन का रास्ता साफ होगा।

---

सर्दी के साथ बढ़ रहा धूल-धुएं का प्रभाव, एक्यूआई पूअर लेवल पर तीन प्रमुख क्षेत्रों में ज्यादा असर

# शहर में सबसे ज्यादा प्रदूषित टीटी नगर इलाका, एक्यूआई 285 पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में शनिवार को सर्दी के साथ एअर पॉल्यूशन का लेबल भी बढ़ा हुआ दर्ज हुआ। शहर के तीन प्रमुख स्थानों पर वायु प्रदूषण का असर सबसे अधिक रहा। इनमें भी टीटी नगर क्षेत्र में सर्वाधिक जहरीली हवा रही। यहां एक्यूआई(एअर क्वालिटी इंडेक्स) 285 को पार कर गया।

कलेक्टोरेट इलाके में 232 और पर्यावरण परिसर अरेरा कॉलोनी में एक्यूआई 212 पर पहुंच गया है। यह तीनों स्थानों पर वायु की गुणवत्ता बेहद खराब यानि पूअर कैटगरी में दर्ज हुई है।

### बर्फीली हवाओं पर जमी धूल-मिट्टी

*मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी ब्रजेश शर्मा के अनुसार अभी सर्दी के कारण हवा में धूल और धुएं के कण ऊपर नहीं उठ पा रहे हैं, जिससे एक्यूआई का स्तर पूअर लेवल पर है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी भोपाल संभाग में ही सर्दी कुछ ज्यादा असर कर रही है। विशेषकर भोपाल में बर्फीली हवाओं का असर शाम से बढ़ जाता है, जो सुबह धूप खिलने तक ज्यादा सर्दी का अहसास करा रहा है। बर्फीली सर्द हवाओं में धूल-मिट्टी के कण ज्यादा ऊपर नहीं उड़ पाते हैं, जो जमीन के सतह से कुछ मीटर ऊपर तक सबसे ज्यादा आसानी से ठहर जाते हैं, जिससे पॉल्यूशन का स्तर बढ़ता है।*

### कहां-कितना रहा पीएम-10

टीटी नगर में पीएम10-225.55, कलेटोरेट क्षेत्र में पीएम10- 190.28 और पर्यावरण परिसर अरेरा कॉलोनी में पीएम-10 की मात्रा 228.53 रही। यह तीनों स्थान पूअर लेवल पर दर्ज हुए हैं।

---

## बीते 15 दिन में सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज हुईं 460 शिकायतें, इनमें भोपाल की 133 शामिल

जबलपुर 76, इंदौर में 61 शिकायतें बुरहानपुर और मुरैना में सबसे कम 4-4 और 353 सार्वजनिक स्थलों की शिकायतें

# प्रदेश के नगर निगमों में स्ट्रीट डॉग की शिकायतों में भोपाल नंबर-वन

*सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शेल्टर होम बनाने की योजना जरूर बन रही है, लेकिन सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों, कॉलेज और अस्पतालों के आसपास स्ट्रीट डॉग की सक्रियता से लोग परेशान*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में स्ट्रीट डॉग को पकड़कर शेल्टर होम में रखने के लिए शेल्टर होम बनाने की प्रक्रिया भले ही शुरू हो गई हो, लेकिन स्ट्रीट डॉग को लेकर सीएम हेल्पलाइन में मिलने वाली शिकायतों में पूरे प्रदेश में भोपाल नंबर-1 है, जबकि जबलपुर दूसरे और इंदौर तीसरे नंबर पर है।

नगरीय विकास एवं आवास के एनालिटिक्स डैशबोर्ड पर नजर डालें तो 1 से 15 नवंबर तक सीएम हेल्पलाइन में स्ट्रीट डॉग संबंधी पूरे प्रदेश में 460 शिकायतें दर्ज की गईं, इनमें भोपाल में सबसे ज्यादा 133 शिकायतें शामिल हैं। इसी तरह जबलपुर में 76 और इंदौर में 61 शिकायतें दर्ज की गईं। प्रदेश में दो नगर निगम ऐसी हैं जहां इन दिनों में केवल 4-4 शिकायतें ही दर्ज हुईं।



### भोपाल में स्ट्रीट डॉग के शेल्टर होम के लिए ड्राफ्ट तैयार, बैठक में होना है रिव्यू

राजधानी में स्ट्रीट डॉग के लिए बनने वाले शेल्टर होम के लिए ड्राफ्ट तैयार हो गया है। इसका रिव्यू होना है। निगम आयुक्त व अफसरों के साथ बैठक में समीक्षा के बाद इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी नगरीय निकायों को 13 जनवरी 2026 तक शेल्टर होम बनाने के निर्देश दिए हैं। इस तारीख के पूर्व निर्देशों पर पालन करने में भोपाल नगर निगम प्रशासन जुट गया है।

### कुल शिकायतों का 12 फीसदी ही निराकरण हुआ

*डैशबोर्ड पर दर्ज आंकडों में शिकायतकर्ता के संतोषजनक निराकरण का प्रतिशत 12 फीसदी ही दर्ज है। अन्य प्रकरणों पर कार्रवाई की जा रही है दर्शाया गया है। स्ट्रीट डॉग की बडी समस्या वाले भोपाल, जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और रतलाम जैसे शहरों में शेल्टर होम बनाने के लिए भी योजनाएं बन रही हैं। भोपाल, में शेल्टर होम बनान और संसाधन जुटाना निगम प्रशासन के लिए बडी चुनौती होगी। हालांकि इसके लिए बनाई गई योजना पर काम शुरू हो गया है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद तैयारियों की रिपोर्ट प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को 13 जनवरी तक तैयार करना है।*

### सार्वजनिक स्थलों पर मुहिम नहीं हुई शुरू

स्ट्रीट डॉग को पकडने का काम पूर्व की तरह ही चल रहा है, लेकिन सार्वजनिक स्थलों से इन्हें पकड़ने की मुहिम इसलिए नहीं शुरू हो रही है कि इन्हें पकड़कर वापस छोड़ने के बजाए शेल्टर होम में रखना है जो निगम के पास फ़िलहाल नहीं हैं। स्कूलों, कॉलेज, अस्पताल और सार्वजनिक स्थलों से पकड़कर इन्हें शेल्टर होम में रखा जाना है। जहां उनके रहने, खाने-पीने, सुरक्षा, देखरेख और चिकित्सीय सुविधाएं होना हैं, इसलिए ऐसे स्थलों पर अभी भी समस्या बनी हुई है।

### सभी संसाधन जुटाए जाएंगे, तैयारी शुरू

*निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है। शेल्टर होम बनाने की योजना तैयार है। पूरी तरह से निर्देशों का पालन कर रहे हैं। शेल्टर होम के लिए ड्राफ्ट तैयार है।*

### एक नजर में प्रदेशभर में स्ट्रीट डॉग की शिकायतों पर

भोपाल:133, जबलपुर:76, इंदौर:61, ग्वालियर:51, उज्जैन:33, रतलाम:22, छिंदवाड़ा:18, देवास:18, कटनी:11, खंडवा:9, रीवा:8, सागर:7, सतना:5, बुरहानपुर:4, मुरैना:4

## स्व. कैलाश सारंग एवं स्व. प्रसून सारंग की स्मृति में कवि सम्मेलन

# कविताओं ने श्रोताओं में किया उत्साह और देशभक्ति का अद्भुत संचार, मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कवियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सांसद स्व. कैलाश नारायण सारंग तथा उनकी धर्मपत्नी स्व. प्रसून सारंग की पुण्यस्मृति में शनिवार को अशोका गार्डन में भव्य विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मंत्री सारंग ने समारोह के दौरान सभी आमंत्रित कवियों को शॉल-श्रीफल एवं स्मृतिचिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

- शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर कवियों का सम्मान



अशोका गार्डन में कवि सम्मेलन के दौरान मौजूद दर्शक।



अशोका गार्डन में कवि सम्मेलन के दौरान मंचासीन मंत्री विश्वास कैलाश सारंग।



अशोका गार्डन में कवि सम्मेलन के दौरान मंच पर मौजूद मंत्री विश्वास कैलाश सारंग।

### कैलाश नारायण सारंग एवं प्रसून सारंग को अर्पित की काव्यांजलि

इस साहित्यिक संध्या में देश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे प्रतिष्ठित कवियों ने ओजपूर्ण, हास्य, श्रृंगार और व्यंग्य से भरपूर रचनाओं के माध्यम से स्व. कैलाश नारायण सारंग एवं स्व. प्रसून सारंग को काव्यांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान हास्य कविताओं ने जहां श्रोताओं को ठहाकों से गूंजाया, वहीं वीर रस की कविताओं ने वातावरण में उत्साह और देशभक्ति का संचार किया। देर रात तक चली इस काव्य-गोष्ठी में कवियों ने अपनी एक से बढ़कर एक रचनाओं से श्रोताओं का मन मोह लिया।

### स्व. कैलाश सारंग का जीवन सभी के लिए प्रेरणादायक

मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भाजपा के संस्थापक सदस्य और अपने पूज्य पिताश्री स्वर्गीय कैलाश सारंग की स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज की एकता, संगठन की मजबूती और जनकल्याण के कार्यों को समर्पित किया। उनके आदर्श विचार, अनुशासन और प्रतिबद्धता आज भी हम सभी को समाज सेवा के प्रति निष्ठा और विनम्रता के साथ कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

### कवियों ने दी उत्कृष्ट प्रस्तुतियां

कवि सम्मेलन में मालवा के हास्य कवि जॉनी बैरागी, इंदौर की श्रृंगार रस कवियित्री भुवन मोहिनी, नेपाल के लाफ्टर फेम कवि लक्ष्मण नेपाली, इटावा के वीर रस कवि राम भदावर, बैतूल के गीतकार अनूप कुमार, शुजालपुर के हास्य व्यंग्य कवि गोविंद राठी, नोएडा के राष्ट्रवादी कवि अमित शर्मा तथा अहमदाबाद की गीत-गजल कवियित्री आयुषी राखेचा ने मंच से अपनी बेहतरीन रचनाएं प्रस्तुत कीं। भोपाल के कवि धर्मेंद्र सोलंकी ने प्रभावी मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम की गरिमा में और वृद्धि की। कार्यक्रम में भोपाल महापौर मालती राय, भाजपा जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### महापौर ने किया भोपाल ब्रांडिंग पर परिचर्चा



**भोपाल।** कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में शनिवार को भोपाल की ब्रांडिंग पर परिचर्चा एवं लाईफ वेलनेस स्टूडियो लांचिंग तथा जीएसटी रिफार्म पर धन्यवाद कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर मालती राय ने किया। शुभारंभ कार्यक्रम में महापौर परिषद के सदस्य रविन्द्र यति, पूर्व पार्षद गिरीश शर्मा, आशीष अग्रवाल, डॉ. अभिजीत देशमुख सहित बड़ी लोग मौजूद थे।

### साईं स्पोर्ट्स क्लब में ओम मेहरा का प्रदर्शन



**भोपाल।** साईं स्पोर्ट्स क्लब भोपाल में शुरू हुई 10 मीटर एयर पिस्टल और राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में देशभर के निशानेबाजों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता में खास आकर्षण 72 वर्षीय ओम मेहरा है। जो साबित करते कि उम्र केवल एक संख्या है, जज़्बा और लगन ही सफलता की असली कुंजी है। आगरा की संकल्प शूटिंग एकेडमी के प्रशिक्षु ओम मेहरा को उनके कोच विक्रम सिंह तोमर ने प्रतियोगिता के लिए तैयार किया। उन्होंने बताया कि ओम मेहरा ने कुछ माह पूर्व ही शूटिंग शुरू की थी, लेकिन अल्प समय में ही उन्होंने बेहतरीन निशानेबाजी कर सिल्वर मेडल तक का सफर तय किया है।

### ब्रम्होत्सव में बालाजी का कल्याणम कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

**भोपाल।** रायसेन रोड पटेल नगर स्थित एक निजी संस्थान में लक्ष्मी पद्मावती वेंकटेंश बालाजी हनुमान एवं गरूण मंदिर के प्रांगण में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले ब्रह्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान बालाजी का कल्याणम हुआ। पूजा की शुरुआत मे प्रांत काल 6 बजे सुप्रभात सेवा से बालाजी भगवान को जगाया गया। कार्यक्रम में महापौर मालती राय सम्मिलित हुई और पूजा अर्चना की।

## आलमी तबलीगी इज्तिमा का दूसरा दिन, उलेमाओं के बयान और तकरीर से शुरू हुआ आयोजन, मौलाना सईद का बयान

# यदि इंसान अल्लाह के तरीकों, कुरआन की सीख और नबी के रास्तों पर चले तो कामयाबी हासिल होना तय

**खास बातें**

- उलेमाओं ने अल्लाह के हुक्म की पाबंदी पर दिया जोर
- सारे शहर में मजहबी समागम की चहल पहल
- खिदमत में जुटे वॉलेंटियर जमातियों की कर रहे मदद
- स्टेशन से इज्तिमागाह के बीच कई जगह पानी, चाय नाश्ता, खाने के इंतजाम



आलमी तबलीगी इज्तिमा में मौजूद देश-दुनिया से आए बंदे।

इज्तिमागाह से वहीद खान ▶▶ भोपाल

आलमी तबलीगी इज्तिमा का दूसरा दिन शनिवार भी उलेमाओं के बयान और तकरीर से शुरू हुआ। सुबह फजिर की नमाज़ के बाद मौलाना सईद साहब ने अल्लाह और इंसान की मिसाल एक कारीगर और मशीन से करते हुए अपनी बात कही। मौलाना ने कहा कि जिस तरह कोई मशीन बनाई जाती है तो उसके इस्तेमाल के लिए एक बुकलेट तैयार की जाती है। इस बुकलेट में बताए गए तरीकों से मशीन को चलाना आसान होता है। इसी तरह अल्लाह ने इंसान को बनाया और उसके व्यवस्थित संचालन के लिए कुरआन भी दिया। कुरआन में बताए गए तरीके से चलने पर इंसान रूपी मशीन कामयाब और इसके इतर चलने पर इसमें खराबी आना लाजमी है। मौलाना सईद ने कहा कि आज का इंसान अल्लाह के खजानों से फायदा उठाने वाला नहीं है। वह अगर अल्लाह के तरीकों, कुरआन की सीख और नबी के बताए रास्तों पर चलने का नियम बना ले तो वह दुनिया में भी कामयाब होगा और आखिरत में भी उसके लिए आसानियां होंगी।

### दुनिया भर से आए लोग, लगाए ट्रांसलेटर

आलमी तबलीगी इज्तिमा में बड़ी तादाद में विदेशी जमातें भी पहुंची हैं। करीब 300 से ज्यादा विदेशी मेहमानों में किर्गिस्तान, मलेशिया, इथोपिया, बर्मा (म्यांमार), श्रीलंका, सउदी अरब, कंबोडिया, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, सीर्रा लोन, फ्रांस, जॉर्जिया, तुर्की, आयरलैंड, जॉर्डन, ऑस्ट्रेलिया, थाईलैंड, ट्यूनिशिया, इजिप्ट आदि देशों के लोग शामिल हैं। इज्तिमा दुआ से पहले कुछ और विदेशी जमातों के पहुंचने की उम्मीद की जा रही है। इज्तिमा प्रबंधन ने विदेशी मेहमानों के ठहरने के इंतजाम अलग से किए हैं। इन खेमों में ट्रांसलेटर भी मौजूद हैं, जो उलेमाओं के बयान को इन अलग अलग देशों के लोगों को उनकी भाषा में अनुवाद करके बताते हैं।

### इस्लाम ने सिखाया जिंदगी बिताने का तरीका

जौहर की नमाज के बाद हुए बयान में मुफ्ती जौहेर उल इस्लाम ने कहा कि दीन का रास्ता सच्चा है, बाकी सब गुमराह करने वाले हैं। दुनिया में जिंदगी बिताने का हर तरीका इस्लाम ने सिखाया है, लेकिन इस रास्ते से लोग भटक रहे हैं। जिंदगी बिताने का कुरान का बताया रास्ता ही जिंदगी की कामयाबी की सीढी है, इससे ही आखिरत की जिंदगी संवर पाएगी।

### अच्छी बात लोगों तक पहुंचाना भी ईमान का हिस्सा

मगरिब की नमाज के बाद मौलाना मोहम्मद सआद साहब कंधालवी की तकरीर हुई। बड़े मजमे को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे पास जो बेहतर है, वह लोगों तक पहुंचे और उसको भी इससे फैज हासिल हो, इससे बड़ी बात क्या हो सकती है। हमें कोशिश करना चाहिए कि भलाई की बात, बेहतरी की बात और किसी के काम आने वाले नुस्खे खुद के पास महदूद रखने की बजाए इसको आगे बढ़ाकर इसमें इजाफा करें।

### 150 लोगों तक पहुंचाया गुम सामान

इज्तिमागाह पर मौजूद बड़े मजमे में लोगों के सामान की गुमशुदगी के हालात भी बन रहे हैं। जिसको व्यवस्थित करने के लिए यहां 7 केंद्र स्थापित किए गए हैं। गुमशुदा सामान केंद्रों पर अब तक डेढ़ सौ से ज्यादा लोगों का सामान पहुंचा है, जिनको तस्दीक के बाद इनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया। इन केंद्रों के व्यवस्थापक ने बताया कि इस व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए करीब 1500 वालेंटियर्स तैनात किए गए हैं, जो पूरे क्षेत्र में सतत निगरानी रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक मिलने वाले सामानों में सबसे ज्यादा मोबाइल फोन और घड़ियां हैं, जिन्हें लोग वजू खाना और बॉथरूम या टॉयलेट के आसपास भूल गए थे। इसके अलावा कई लोगों के पर्स और नगद राशि भी निगरानी करने वालों को मिली, जिन्हें उचित तफ्तीश कर उनके असल मालिकों तक पहुंचा दिया गया है।

### ट्रैफिक कंट्रोल और पार्किंग व्यवस्था से सबक



इज्तिमा में पधार रहे लोग।

शहर की बिगड़ैल यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए पुलिस का बड़ा अमला भी असफल साबित हो चुका है। कलेक्टर को खुद इसकी फिक्र में सड़क पर उतरना पड़ रहा है। ऐसे में लाखों लोगों की मौजूदगी वाले मजमे के दौरान चंद वोलेंटियर पूरी तरह व्यवस्थित आवाजाही बरकरार रखते हैं।

### 10 हजार लोगों ने पिया यूनानी स्पेशल काढ़ा

इज्तिमागाह और शहर के कई स्थानों पर जमातियों को इलाज मुहैया कराने एलोपैथिक, आयुर्वैदिक, होम्योपैथिक और यूनानी चिकित्सा के कैंप लगाए गए हैं। यूनानी डॉक्टर मोहम्मद शाहिद ने बताया कि इनमें शामिल यूनानी चिकित्सा द्वारा तैयार किया जाने वाला काढ़ा एक खास असर लिए होता है। आम दिनों में तैयार किए जाने वाले काढ़े से अलग ये होता है कि इसमें कई अतिरिक्त और प्रभारी दवाओं और जड़ी बूटियों का मिश्रण सिर्फ इज्तिमा के दौरान ही किया जाता है। 4 दिन के आयोजन में हजारों खुराक लोग गटक जाते हैं और अपने साथ इसको ले जाने की ललक भी नहीं छोड़ पाते हैं।

### हलवा पराठा और सोन हलवा खास



स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद लेते बंदे।

खानपान के शौकीन इस शहर भोपाल में वैसे तो हर दिन कई आइटम्स मौजूद होते हैं। लेकिन इज्तिमा आयोजन के दौरान कई ऐसे आइटम्स भी होते हैं, जो सिर्फ इस अवधि में ही मिल पाते हैं। इनमें हलवा मांडा और सोहन हलवा खास है। जबकि मुंबई की खास मिठाई कही जाने वाली अफलातून भी लोगों को इस सीजन में ही खाने को मिल पाती है।

**झलकियां**

- शनिवार और रविवार की छुट्टी की वजह से इज्तिमागाह में हुजूम बढ़ने लगा है। सुबह से पहुंच रही सैकड़ों जमातें सोमवार को होने वाली दुआ तक मौजूद रहेंगे
- पुराने शहर के अधिकांश इलाकों में बंद जैसे पड़े बाजार, सन्नाटे के हालात
- ताजुल मसजिद परिसर में लगने वाले कपड़ा मार्केट ने आकार लेना शुरू किया।

## करणी सेना ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



आंदोलनरत करणी सेना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

करणी सेना ने 15 सूत्री मांगों को लेकर शनिवार को खुशीलाल ग्राउंड प्रदर्शन किया। इस मौके पर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन देने जब करणी सेना के पदाधिकारी जाने के लगे, तो पुलिस ने बीच में रोक लिया। इस दौरान उन्हें 10 दिन में मांगे पूरी होने का आश्वासन दिया गया। जानकारी के अनुसार करणी सेना खुशीलाल ग्राउंड में अपनी 15 मांगों को लेकर क्षत्रिय क्रांति सम्मेलन का आयोजन किया।

## उत्पन्ना एकादशी का व्रत रख भगवान विष्णु से संतान प्राप्ति की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मार्गशीर्ष मास के शुक्लपक्ष की उत्पन्ना एकादशी पर शनिवार को राजधानी में मंदिरों पर विशेष पूजा-पाठ की गई। तो वहीं लोगों ने व्रत रखकर भगवान विष्णु व श्रीकृष्ण से संतान प्राप्ति का आशीर्वाद मांगा। मां चामुण्डा दरबार के पं. रामजीवन दुबे के अनुसार एकादशी का व्रत आरोग्य, संतान प्राप्ति और मोक्ष के लिए किया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की विधिवत पूजा करने से हर मनोकामना पूरी हो जाती है। इसके साथ ही घर में सुख समृद्धि आती है। मान्यता है कि उत्पन्ना एकादशी से ही सभी एकादशी व्रत की शुरुआत होती है।

ऋतुचर्या में परिवर्तन के साथ ही मंदिरों में भगवान को गए गरम वस्त्र धारण कराए गए। बांके बिहारी मंदिर में भगवान को गरम बिछौना और गरम वस्त्र पहनाए गए हैं। मां वैष्णो धाम आर्दश नवदुर्गा मंदिर में खाटू श्याम महाराज का पंचामृत से अभिषेक पूजन किया गया। सर्दी होने की वजह से मंदिरों में भगवान को मूंग की दाल, जड़ी बूटी व ड्राय फ्रूट के लड्डू, गुड़ से बनी चीजों का भोग लगाया जा रहा है।

### महिलाओं ने किया सामूहिक दीपदान

मार्गशीर्ष कृष्ण उत्पन्ना एकादशी उत्सव के अवसर पर शीतला माता मंदिर, श्री बांके बिहारी लाल जी मार्कण्डेय महाराज मंदिर तलैया चोबदारपुरा में उत्पन्ना एकादशी उत्सव मनाया गया। ठाकुर जी का उत्पन्न कन्या के स्वरूप का श्रृंगार किया गया। इस दौरान महिलाओं द्वारा सामूहिक दीपदान किया गया। इसके तहत मां वैष्णो धाम आदर्श नवदुर्गा मंदिर बाबा खाटू श्याम मंदिर प्लेटिनम प्लाजा पर एकादशी पर बाबा खाटू श्याम का फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया।

## सबनानी ने किया विकास कार्यों के लिए भूमि पूजन




74 बंगला क्षेत्र में विधायक सबनानी उद्बोधन देते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधायक भगवानदास सबनानी ने शनिवार को दक्षिण-पश्चिम विधानसभा अंतर्गत 74 बंगले क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए भूमि पूजन किया।इस अवसर पर विधायक सबनानी ने कहा कि आज मैं बाबूजी लक्ष्मी नारायण शर्मा जी को याद करूंगा, जो अपने विकास कार्यों के लिए याद किये जाते हैं, और उन्हीं के बताए हुए मार्ग पर चलकर हम जनता की सुविधाओं के विस्तार की योजनाएं बनाते हैं।

### क्यूआर कोड और सीसीटीवी टेंडर विवाद पर हाईकोर्ट में याचिका पारदर्शिता पर उठे सवाल

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल पर एक के बाद एक टेंडर विवादों का साया गहराता जा रहा है। पहले क्यूआर कोड आधारित परीक्षा निगरानी प्रणाली के टेंडर में भारी अनियमितताओं के आरोप लगे और अब सीसीटीवी निगरानी टेंडर पर भी पक्षपात और फर्जीवाड़े के आरोप लग चुके हैं। दोनों मामलों में जबलपुर हाईकोर्ट में जनहित याचिकाएं दायर की गई हैं। पहला मामला क्यूआर कोड आधारित निगरानी प्रणाली से जुड़ा है। आरोप है कि टेंडर में ऐसी तकनीकी शर्तें रखी गई हैं जिसके कारण परियोजना की लागत कई गुना बढ़ गई।

## सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या और रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर अतिथियों ने किया शुभारंभ

# मध्य प्रदेश के सबसे बड़े और बहुप्रतीक्षित भोजपाल महोत्सव मेला का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजा भोज की स्मृति में राजधानी के भेल दशहरा मैदान पर मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा भोजपाल महोत्सव मेले का सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या, भव्य आतिशबाजी और रंग-बिरंगे गुब्बारे छोडकर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर मालती राय रहीं। नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा ठाकुर, राजेंद्र सिंह यादव, मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास विरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। भोजपाल महोसव मेला समिति के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि विगत 11 वर्षों से मेले का सफल आयोजन किया जा रहा है, यह 12वां वर्ष है।

- शहरवासियों को 49 दिनों तक मेले में भक्ति, मनोरंजन के साथ मिलेगा खरीदारी का मौका




भोजपाल मेले का शुभारंभ करतीं महापौर।

### अनेक कार्यक्रम होंगे आयोजित

मेले में बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक और सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे। मेले में आने वाले आगंतुकों को इस बार बहुत कुछ नया देखने को मिलेगा। मेले में विभिन्न प्रकार की 400 से ज्यादा दुकानें लगाई गई हैं। विभिन्न प्रदेशों के लोक कलाकारों द्वारा नृत्य-गान के साथ ही सूफी नाइट, भोजपुरी सांग्स, बॉलीबुड कलाकारों सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### 150 सीसीटीवी कैमरों से लैस होगा मेला परिसर

1 जनवरी तक 49 दिन चलने वाले इस मेले में बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार के आयोजन व उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी, 50 प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड, 100 से ज्यादा वलंटियर, फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए स्वास्थ्य केंद्र, फीडिंग सेंटर, दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए व्हील चेयर, वाहनों के लिए बड़ी पार्किंग के साथ ही पूरा मेला परिसर करीब 150 सीसीटीवी कैमरों से लैस होगा।

### मेले में विशेष

मेले में बर्फ से ढंके कश्मीर का नजारा देखने को मिलेगा, तो दूसरी ओर बाबा अमरनाथ के भव्य दर्शन होंगे। लोगों के मनोरंजन के लिए जलपरियां, युवा जादूगर प्रिंस अपनी टीम के साथ परफार्मेंस देंगे। रोबोटिक एनीमल, डंकी शो के साथ ही रफ्तार की दुनिया का बादशाह, रोलर कोस्टर, टॉवर, रेंजर, ऑक्टोपस, ब्रेरक डांस जैसे बच्चों और बड़ों के लिए अत्याधुनिक रोमांचक झूले होंगे। मेले में ऑटोमोबाइल, इलेक्टॉनिक, टेलीकॉम, फर्नीचर, हैन्डी क्रॉफ्ट, हैन्डलूम, महासेल, विभिन्न प्रकार के स्वादिस्ट व्यंजन, बैंकिंग इंश्योरेंस, ऑर्ट गैलरी, इंटीरियर, महिलाओं की सौंदर्य सामग्री, खूर्जा क्राकरी, कपड़े सहित विभिन्न प्रकार की दुकानें होंगी।

# जनजातीय गौरव दिवस देशवासियों के लिए दीपावली और होली पर्व की तरह


समारोह के दौरान राज्यपाल पटेल और सीएम डॉ. यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए दीवाली और होली की ही तरह है। भारत माता के अमर सपूत स्वाभिमान और स्वराज के प्रतीक, जनजातीय अस्मिता के संरक्षक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। पांचवें जनजातीय गौरव दिवस पर चारों दिशाओं में भारत अपने जनजातीय नायकों की स्मृतियों को पूज रहा है। जनजातियों के पराक्रम और परिश्रम से सजी आलीराजपुर की पावन मिट्टी में आजादी की लड़ाई के 2 अमर योद्धा शहीद छीतु किराड़ और शहीद चंद्रशेखर आजाद ने जन्म लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आलीराजपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा और शहीद छीतु किराड़ की प्रतिमा का अनावरण किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश की विकास की अनेक सौगातें मिली हैं। जनजातीय गौरव दिवस पर जनजातीय कल्याण के लिए आलीराजपुर को 250 करोड़ रूपए की लागत से 156 विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। जनजातीय भाई-बहनों की शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना के 156 कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया जा रहा है। इस मौके पर विधायक व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

## आलीराजपुर जनजातीय संस्कृति और स्वाभिमान की है भूमि

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री जनजातीय गौरव दिवस पर आलीराजपुर में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल
- मुख्यमंत्री ने आलीराजपुर को दी 200 करोड़ लागत के 156 विकास कार्यों की सौगात


समारोह में जनजातीय बहनों के साथ राज्यपाल पटेल और सीएम डॉ. यादव।

## पीले मोजैक से फसलों को हुए नुकसान के लिए 45 करोड़ रुपए का मुआवजा मिलेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आलीराजपुर जिले की प्रत्येक पंचायत में मनरेगा से बनने वाले 20-20 कुओं को परीक्षण के बाद बिजली आपूर्ति से जोड़ने की घोषणा की। जिले में पीले मोजैक से फसलों को हुए नुकसान के लिए किसानों को 45 करोड़ का मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने लगभग 200 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें 11 करोड़ रूपए की अधिक से लागत से निर्मित पलास पानी तालाब और मसनी बैराज, 6 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित उच्च स्तरीय पुल, 3 सांदीपनि विद्यालय, 12 जनजातीय सीनियर छात्रावास, 2 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और 2 सामूहिक स्वास्थ्य केन्द्र, बालक, बालिका छात्रावास एवं स्कूल भवन, एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 7 उप स्वास्थ्य केन्द्र और आईपीएचएल लैब शामिल हैं।


समारोह में पदाधिकारियों के साथ मंचासीन मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

## विकास और जनकल्याण के लिए हमारी भावना और संकल्प स्पष्ट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में आज हर पात्र जरूरतमंद परिवार को पक्के मकान मिल रहे हैं। लाड़ली बहनों की राशि बढ़ाकर हर महीने रक्षाबंधन और भाईदूज मनाई जा रही है। अब बहनों को 1500 रुपए महीने मिलने लगे हैं। विकास और जनकल्याण के लिए हमारी भावना और संकल्प स्पष्ट है। माताएं-बहनें अपनी परवाह न करते हुए पूरे परिवार के भरण-पोषण का ध्यान रखती हैं। बहनें, लाड़ली बहना योजना के पैसों से परिवार की जरूरतें पूरी कर रही हैं, बच्चों की फीस भर रही हैं। प्रदेश के किसानों को भावान्तर योजना के माध्यम से सोयाबीन का उचित दाम मिल रहा है। पात्र किसानों को 15 दिन के अंदर राशि भेज दी गई है।

### आलीराजपुर को मिली विकास की अनेक सौगातें

अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में आलीराजपुर जिला निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। आलीराजपुर 150 से अधिक गांवों को सिंचाई के लिए अब नर्मदा मैया का पानी मिल रहा है। आलीराजपुर को विकास की अनेक सौगातें मिली हैं। कपिलधारा योजना के अंतर्गत जिले में 50 हजार से अधिक कुएं बने हैं। इनसे सिंचाई का रकबा बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कृषि प्रधान आलीराजपुर जिले में विद्युत व्यवस्था के विस्तार की आवश्यकता बताई।

**आलीराजपुर में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन**

## भगवान बिरसा मुंडा के बताए मार्ग पर चलें युवा: खंडेलवाल

मैं आज भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आह्वान करता हूं कि जैसा उनका जीवन रहा हमारे समाज का हर युवा उनके जीवन को देखकर उनके बताये मार्ग पर चले। हर जनजाति के युवा में इतने जज्बात रहे कि हमारे समाज को एक नई दिशा देने का काम कर सकें। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कही। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आलीराजपुर में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया। खंडेलवाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा एक ऐसे व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अंग्रेजी शासन को चुनौती दी थी और उनके हृदय में गहरी देशभक्ति थी। प्रदेश के सतत विकास के साथ-साथ जनजातीय समाज भी शिक्षा और प्रगति की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। हमारी जनजाति के लिए वह आदर्श थे, जिन्होंने जवानी में भी यह बता दिया कि किसी भी युवा को अगर जीना चाहिए तो देश के लिए जीना चाहिए।


उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करते सीएम डॉ. यादव

### 50 हजार जनजातीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर

*प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धार में अपने जन्मदिन के अवसर पर बड़े टेक्सटाइल पार्क की घोषणा की थी, जिससे लगभग 50 हजार जनजातीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यह परियोजना जनजातीय समाज की आर्थिक उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रदेश निरंतर विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है और इसी विकास यात्रा में जनजातीय समाज भी शिक्षित, सक्षम और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि वे भगवान बिरसा मुंडा को अपना आदर्श मानकर समाज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान दें।*

### सभी जिला मुख्यालयों पर हुए कार्यक्रम

प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। प्रदेश के 24 जनजातीय बाहुल्य जिलों में आयोजित भगवान बिरसा मुंडा जयंती के जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश शासन के मंत्री, सांसद, विधायक व पार्टी पदाधिकारी पहुंचे।

## भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने शनिवार को ग्वालियर में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के सह प्रभारी व पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया उपस्थित रहे।

## सीएम ऑफिस के फर्जी डॉक्यूमेंट बनाने वाली नगर निगम यंत्री शिवानी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- शिवानी पर न केवल एफआईआर की, बल्कि निलंबित भी कर दिया

नगर पालिक निगम सिंगरौली में उपयंत्री के पद पर पदस्थ शिवानी गर्ग ने प्रमोशन के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी सेवा प्रमोशन ई आफिस संबंधी प्रतिवेदन में हेरफेर कर प्रमोशन लेने का प्रयास किया। सीएम सचिवालय से इस तरह का पत्र जारी न होने की पुष्टि और कड़ी कार्रवाई के निर्देश के बाद आयुक्त नगरीय प्रशासन संकेत भोंडवे ने शिवानी पर न केवल एफआईआर दर्ज कराई है बल्कि उसे निलंबित भी कर दिया है। शिवानी गर्ग उपयंत्री तबादले के बाद सिंगरौल नगर निगम में पदस्थ की गई थी। वे राज्य नगरीय यांत्रिकीय सेवा की उपयंत्री है। उनकी नियुक्ति 2016 में हुई थी। शिवानी ने 21 अगस्त 2025 को एक आवेदन प्रस्तुत कर मुख्यमंत्री कार्यालय का सेवा प्रमोशन, ई ऑफिस प्रतिवेदन विभाग में दिया और सहायक यंत्री के पद पर पदोन्नति दिए जाने का आग्रह किया।

### पहले से ही संदेहास्पद था प्रतिवेदन

*यह प्रतिवेदन पहली ही नजर में संदेहास्पद और कूटरचित दिख रहा था। संचालनालय ने कूटरचित पदोन्नति आदेश की जांच कराई। संचालनालय ने इस आदेश के सत्यापन के लिए राज्य शासन के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजा। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक अक्टूबर 2025 को बताया कि इस तरह का आदेश मुख्यमंत्री सचिवालय ने जारी नहीं किया है।*

**प्रदेशाध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री भी रहेंगे मौजूद**

## भाजपा राष्ट्रीय महासचिव आज ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रमों में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**एसआईआर को लेकर ग्वालियर-चंबल संभाग की बैठक को करेंगे संबोधित**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद 16 नवंबर को ग्वालियर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं एसआईआर के राष्ट्रीय प्रभारी तरूण चुघ, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद 16 नवंबर को दोपहर 02 बजे ग्वालियर के आकाशवाणी तिराहा स्थित होटल रमाया में ग्वालियर-चंबल संभाग की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआरआई) को लेकर संभागीय बैठक को संबोधित करने के पश्चात स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

**कार्ययोजना दिसम्बर-2025 तक पूर्ण करने की भी कही बात**

## नगरीय प्रशासन विभाग ने निकायों को पौध-रोपण की कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को वर्ष 2026 में किए जाने वाले व्यापक पौध-रोपण अभियान की तैयारी और इससे जुड़ी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास ने निकायों से कार्ययोजना दिसम्बर-2025 तक पूर्ण करने के लिए भी कहा है। प्रदेश में वर्ष 2025 में प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में नगरीय निकायों की ओर से करीब 36 लाख पौधों का रोपण किया गया है। निकायों को लगाए गए पौधों की सुरक्षा में सजगता बरतने को भी कहा गया है।

नगरीय प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों में कहा गया है कि नगरीय निकाय अपने क्षेत्रों में हितधारकों की बैठक और कार्यशाला आयोजित कर वर्ष 2026 के पौधरोपण लक्ष्यों का पहले आकलन करें और उसके अनुसार रणनीति बनाएं। निकायों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि कुल लक्ष्य में से शेष पौधरोपण का कार्य निकायों को अपने संसाधनों से करना होगा।


फाइल फोटो

### इन पौधों का होगा रोपण

*नगरीय क्षेत्र में अधिकतम हरियाली बढ़ाने के लिये जामुन, अर्जुन, देशी बबूल, बड़े वृक्षों जैसे पीपल, बरगद, आम, महुआ, इमली आदि प्रजातियों के पौधे को प्राथमिकता दी जाए। बीज छिड़काव के लिए उत्तम व्यवस्था की जाए। संचालनालय से जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया कि वर्ष 2026 के पौध-रोपण कार्य की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवम्बर माह से ही साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी। निर्देश में यह भी कहा गया है कि शहरी क्षेत्र के कुछ भवनों में बाउण्ड्री-वॉल नहीं होती है, वहां मेहंदी की बाउण्ड्री-वॉल सुरक्षा के हिसाब से लगाने के प्रस्ताव भी तैयार किए जाएं। इससे परिसर में सुरक्षा के साथ हरियाली का भी विस्तार होगा।*

### जल संरक्षण को बढ़ावा देना जरूरी

*नगरीय निकायों से कहा गया है कि शहरी क्षेत्रों में वर्ष 2026 के पौधरोपण के साथ जल संरक्षण से संबंधित प्रस्ताव भी तैयार किए जाएं। इन दोनों उपायों से शहरी क्षेत्रों में जल संरक्षण के साथ पर्यावरण सुधार में बेहतर कार्य हो सकेगा।*

### इन स्थानों पर लगेंगे पौधे, नजदीकी नर्सरियों से किया जा रहा संपर्क

निकाय सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, वाटर ट्रीटमेंट प्लान, ओवरहेड टैंक के आसपास की भूमि, सड़कों के दोनों ओर, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल एवं शासकीय परिसरों की बाउण्ड्रीयुक्त भूमि, नदियों, नालों, तालाबों, डैम एवं नहरों के किनारों के साथ मुक्तिधाम और खेल मैदानों के आसपास का क्षेत्र चिन्हित करने के लिए कहा गया है। शहरी क्षेत्र में पौधों की उपलब्धता के लिए उद्यानिकी एवं वन विभाग की नजदीकी नर्सरियों से अभी से सम्पर्क किया जाए। पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और पौधों के क्रय के लिए बजट के इंतजाम का प्रस्ताव जल्द तैयार किया जाए।

## सुनो शहर सरकार

### अब सड़क पर घूमेगी शहर सरकार

ऐसा बहुत कम होता है जब नगर निगम में अहम विभागों के मुखिया फील्ड पर समस्याएं जानने या लोगों से मिलने निकलते हों। वे या तो किसी मंत्री के कार्यक्रम में या फिर आयुक्त और महापौर के निरीक्षण के दौरान नजर आते हैं, लेकिन बीते दिनों निगम आयुक्त ने एक समीक्षा बैठक में उन्हें हिदायत दी कि वे सप्ताह में दो से तीन दिन फील्ड में रहें। लोगों के बीच जाएं और संवाद करें। जब आयुक्त का यह फरमान आया तो मौके पर मौजूद कई अपर आयुक्त एक-दूसरे को देखने लगे। हालांकि इस हिदायत को दिए दो-तीन दिन हो गए, लेकिन एक भी अपर आयुक्त के फील्ड पर जाने की कोई खबर नहीं है। इस बात से सबसे ज्यादा जनप्रतिनिधि खुश हो गए कि चलो इसी बहाने अपर आयुक्त से समस्याएं बताने का मौका मिलेगा। साहब अब उनके क्षेत्र में कब आएंगे इसका वे इंतजार कर रहे हैं।

### वार्ड प्रभारियों का वेतन कटा तो यूनियन का लिया सहारा

राजस्व वसूली को लेकर निगम आयुक्त बेहद सख्त कदम उठा रही हैं। पिछले दिनों राजधानी के कुछ ऐसे वार्ड जिनकी राजस्व वसूली शून्य थी वहां के वार्ड प्रभारियों के सात दिन का वेतन काटने के आदेश जारी कर दिए। ऐसे में वे मुश्किल में फंस गए कि अब लोन की किश्त व अन्य खर्चों में दिक्कत आ जाएगी। अब वे अपनी समस्या सीधे आयुक्त तक भी नहीं पहुंचा सकते। ऐसे में एक कर्मचारी संगठन के पास यह वार्ड प्रभारी पहुंच गए कि आप ही कुछ करिए, मैडम से निवेदन कीजिए। इस अनुरोध पर यूनियन द्वारा निगम आयुक्त को एक पत्र दिया गया है, जिसमें वेतन कटौती के आदेश शिथिल करने का अनुरोध किया गया है। अब देखना यह है कि निगम आयुक्त इस पर क्या निर्णय लेती हैं। इसका वार्ड प्रभारी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### इंजीनियरों पर आई नई मुसीबत

निगम के अलग-अलग विभागों में कार्यरत इंजीनियर इन दिनों मुसीबत में हैं और अपने-अपने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के लिए मंजूर राशि, बजट, काम की गति, किसी मद से काम हो रहा है जैसी अन्य जानकारी जुटाने में लगे हैं। इसके आदेश तो निगम आयुक्त ने काफी पहले दे दिए थे, लेकिन दो दिन पहले जब समीक्षा बैठक हुई तो उसमें निगम आयुक्त ने इंजीनियरों से जानकारी के संबंध में पूछ लिया तो बगलें झांकने लगे। इस पर उन्हें फटकार लगी। उन्हें उम्मीद नही थी कि आयुक्त मैडम को यह बात याद आएगी। उनसे यह तक कह दिया कि अगली बार आईए तो पूरी जानकारी के साथ आईए। बस इंजीनियर फाइलें खंगालने में लग गए ताकि अगली बैठक में उन्हें डांट न सुनना पड़े।

-एमएम सिद्दीकी

**वनरक्षक भर्ती नियमों में संशोधन**

## मध्यप्रदेश में फॉरेस्ट गार्ड के लिए 5 गुना कैंडिडेट का फिटनेस टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश वन विभाग ने वन सेवा भर्ती नियम और संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति से जुड़े नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। नए प्रावधानों के अनुसार, फॉरेस्ट गार्ड के लिए पांच गुना अभ्यर्थियों को योग्यता के आधार पर शारीरिक माप और पैदल चल परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा। इससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी। वनरक्षक भर्ती में आरक्षण व्यवस्था को भी स्पष्ट किया गया है। होमगार्ड स्वयंसेवी सैनिकों के लिए 30 प्रति और भूतपूर्व सैनिकों के लिए 10 प्रति पद आरक्षित रहेंगे। यदि पर्याप्त संख्या में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होते हैं तो ये पद रोस्टर अनुसार सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों से भरे जाएंगे। इसके अलावा वनरक्षक के कुल रिक्त पदों का एक प्रतिशत हिस्सा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए आरक्षित रहेगा। इस वर्ग में योग्य खिलाड़ी उपलब्ध नहीं होने पर इन पदों को विभाग की संबंधित श्रेणी से भरा जाएगा।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकेगा पन्ना डायमंड

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हीरा नगरी 'पन्ना जिले' के हीरे को भारत सरकार द्वारा जीआई (ज्योग्रोफिकल इंडिकेशन) टैग मिलना सम्पूर्ण मप्र के लिए गौरव का विषय है। इससे पन्ना डायमंड अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकेगा और पन्ना के युवाओं तथा कारीगरों को स्थानीय स्तर पर नए अवसर मिलेंगे। पन्ना जिले के हीरे सर्टिफाइड और प्रीमियम प्राकृतिक उत्पाद के रूप में विश्व बाजार में उपलब्ध होंगे और पन्ना के इन प्राकृतिक हीरों को ही पन्ना डायमंड के नाम से बेचा जा सकेगा। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी।

**सवाल उठाने वाले दिग्विजय की गतिविधि गया और औरंगाबाद तक रही सीमित**

## बिहार जीतने कांग्रेस नेता कितने गंभीर: प्रचार शबाब पर आते ही एमपी में सिमटे स्टार प्रचारक जीतू, सेकेंड फेज से पहले पचमढ़ी आ गए राहुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


फाइल फोटो

बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस की चुनावी तैयारी और उसकी गंभीरता कितनी रही होगी, इसकी झलक मध्य प्रदेश से देखी जा सकती है।

जहां भरे चुनाव में एक स्टार प्रचारक ने बिहार चुनाव से दूरी बना ली, जबकि कांग्रेस के सबसे बड़ा चेहरा राहुल गांधी भी इसी दौरान पचमढ़ी आ गए। वहां पर कांग्रेस 61 सीटों पर चुनाव लड़ी। इन सीटों पर प्रचार करने के लिए मध्य प्रदेश के दो नेताओं को स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया था। कांग्रेस की स्टार प्रचारकों की लिस्ट में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शामिल किए गए थे। जीतू पटवारी बिहार में तब तक सक्रिय रहे, जब तक चुनाव शबाब पर नहीं आया था। जब चुनाव में मतदान का समय नजदीक आ गया तो पटवारी पचमढ़ी में जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में व्यस्त हो गए।

### 2 से 11 नवंबर तक चला शिविर

यह शिविर 2 से 11 नवंबर तक चला था। इस दौरान पटवारी बिहार चुनाव प्रचार में नहीं गए। यहां पर पहले चरण का मतदान 6 नवंबर और दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को था। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह जो स्टार प्रचारक के रूप में बिहार तो गए, लेकिन उनकी गतिविधि गया और औरंगाबाद जिले तक ही सीमित रही। उनकी यह सीमित उपस्थिति भी कांग्रेस की प्रचार रणनीति को लेकर चर्चा का कारण बनी। बिहार चुनाव में कांग्रेस का सबसे बड़ा चेहरा राहुल गांधी स्वयं 8 और 9 नवम्बर को पचमढ़ी आ गए।

### बिहार चुनाव परिणाम पर दिग्विजय सिंह का तंज, बोले- ऐसे चुनाव नार्थ कोरिया, रूस और चीन में होते हैं, सारे वोट एक पार्टी को जाते हैं


फाइल फोटो

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने बिहार चुनाव के नतीजों पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि चुनावों की स्थिति नॉर्थ कोरिया, रूस और चीन जैसी होती जा रही है, जहां एक ही पार्टी को सारे वोट मिल जाते हैं। बिहार चुनाव का जिक्र करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा 62 लाख वोट कटे और 20 लाख वोट जुड़े। किसके वोट कटे और किसके जुड़े, चुनाव आयोग ने जानकारी नहीं दी। ऐसे नतीजे तो नॉर्थ कोरिया और रूस में आते हैं।



# 'अखंड 2' में नंदमुरी बालकृष्ण का अवतार चौंका देगा ...

**मुंबई।** तेलुगू सिनेमा के अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म 'अखंड 2' काफी समय से चर्चा में है। फिल्म की पहली किस्त 'अखंड' को लोगों ने खूब पसंद किया था। अब नजरें दूसरी किस्त पर हैं। लोगों के उत्साह को बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने 'अखंड 2' का पहला गाना 'द थांडवम' जारी कर दिया है। अभिनेता नंदमुरी पर फिल्माए 'द थांडवम' के बोल शंकर महादेवन ने लिखे हैं। इसे आवाज कैलाश खेर और कल्याण चक्रवर्ती ने दी है। शक्ति और विनाश से भरपूर 'द थांडवम' में नंदमुरी, भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए हैं। उनका अवतार रोंगटे खड़े कर देने वाला है।

## लाइफ Style

# रवीना
## पीएम मोदी की मां का निभाएंगी किरदार

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन हमेशा से दमदार किरदार निभाने के लिए जानी गई हैं। फिल्म 'पटना शुक्ला' और 'लॉयर' में उनके निभाए गए किरदारों को दर्शकों ने बहुत पसंद किया था। खबर है कि अभिनेत्री अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बायोपिक का हिस्सा बन गई हैं, जिसका नाम 'मां वंदे' होगा।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

फिल्म में उन्हें प्रधानमंत्री की दिवंगत मां हीराबेन का किरदार निभाते देखा जाएगा। क्रांति कुमार च फिल्म का निर्देशन करेंगे। मलयालम अभिनेता उन्नी मुकुंदन प्रधानमंत्री मोदी का किरदार निभाएंगे। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, रवीना अपने किरदार को लेकर काफी खुश हैं। वह हमेशा से हीराबेन के विपरीत परिस्थितियों में उबरने के साहस की प्रशंसक रही हैं। एक सूत्र के हवाले से कहा गया, मां वंदे ऐसी फिल्म है, जो मां-बेटे के रिश्ते पर केंद्रित है। फिल्म मुख्य रूप से उनके त्याग, दृढ़ता और उनके जिंदगी को बेहतर बनाने के योगदान को दिखाती है। रवीना इस पहलू से प्रभावित थीं, और कहानी का हिस्सा बनना चाहती थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, 'मां वंदे' का निर्माण वीर रेड्डी एल द्वारा सिल्वर कास्ट क्रिएशन्स के बैनर तले किया जाएगा। श्रीकर प्रसाद निर्देशन का काम संभालेंगे। निर्माताओं ने बताया कि यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित होगी, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के बचपन से उनके राजनीति में आने तक के सफर और उतार-चढ़ाव को दिखाया जाएगा। कुछ अनछुए पहलू होंगे जिसमें उनकी मां की प्रभावशाली भूमिका दिखेगी। कहानी को प्रभावशाली बनाने के लिए निर्माता वीएफएक्स तकनीक का इस्तेमाल करेंगे।



## हॉलीवुड मसाला




# 3 इडियट्स वाले मिमी दिखे पत्नी के साथ

**नई दिल्ली।** आमिर खान की फिल्म '3 इडियट्स' भला किसने नहीं देखी होगी! 2009 में रिलीज इस फिल्म की कहानी ही नहीं, बल्कि किरदार भी लोगों को बहुत पसंद आए थे। यही वजह है कि फिल्म सुपर-डुपर हिट साबित हुई थी। फिल्म में एक किरदार 'मिलीमीटर' का था, जिसे अभिनेता राहुल कुमार ने निभाया था। सोशल मीडिया पर राहुल का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्हें तुर्की की पत्नी के साथ देखा जा सकता है। वीडियो में उन्हें पहचानना मुश्किल है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में अभिनेता राहुल को अपनी तुर्की पत्नी के साथ दिल्ली में देखा गया।

# मशहूर रैपर कार्डी बी चौथी बार बनीं मां...

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका की मशहूर रैपर कार्डी बी चौथी बार मां बन गई हैं। उन्होंने बॉयफ्रेंड स्टेफन डिग्स के साथ एक बेटे का स्वागत किया है। उन्होंने इस खुशखबरी को सोशल मीडिया पर एक वीडियो के जरिए साझा किया। वीडियो आते ही प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। वो कार्डी और स्टेफन को बधाई देकर अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। स्टेफन के साथ कार्डी का ये पहला बच्चा है, जबकि उनके पहले से 2 बेटे और 1 बेटी है। कार्डी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें उन्हें अपनी एल्बम 'एम आई द ड्रामा?' के गाने 'हैलो' पर लिप-सिंक करते हुए देखा गया। उन्होंने वीडियों के कैप्शन में लिखा, 'मैं दुनिया में नया संगीत और एक नया एल्बम लेकर आई! मेरी दुनिया में एक नया बच्चा' उन्होंने कहा कि यह सब उन्हें अपने बच्चों के लिए बेहतर बनने की प्रेरणा देता है।' कार्डी ने बताया कि अब वह खुद को और मजबूत बनाने पर ध्यान दे रही हैं।



## पेज एक का शेष...

### पीएम ने कहा..जनजातियों...

नमन करें। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को गुजरात के नर्मदा जिले से राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। इस समारोह का देशव्यापी सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम को राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संबोधित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में प्रदेश भर से पहुंचे जनजातीय समाज के लोग मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जनजातियों की ओर से बोली जाने वाली सभी बोलियों पर अध्ययन होगा। उनकी जीवनशैलियों से सीखा जाएगा। इसमें विज्ञान छिपा है। यह दिवस हमें करोड़ों जनजातियों के साथ हुए अन्याय को याद करने का अवसर देता था। हम जनजातीय वर्ग को विकास की धारा से जोड़ेंगे और उन्हें मुख्य धारा में लाएंगे। उन्होंने कहा कि जब अटल सरकार बनी तब देश में पहली बार जनजातीय कल्याण मंत्रालय बना था। आदिवासियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, कनेक्टिविटी हर क्षेत्र में आगे बढ़ाया जा रहा है। जनजातीय वर्ग के बच्चों की पढ़ाई में भाषा की बाधाएं भी पूरी तरह से समाप्त की जा रही हैं। जनजातीय समाज में कला और चित्रकारी बेहद प्रचलित है। इस समुदाय के गुजरात के चित्रकार परेशभाई राठवा को पद्म पुरस्कार मिल चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश की राष्ट्रपति जनजातीय समुदाय से ही आती हैं। छत्तीसगढ़, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड में जनजातीय वर्ग के मुख्यमंत्री हैं। मप्र में जनजातीय समुदाय से आने वाले मंगुभाई पटेल राज्यपाल के पद पर आसीन हैं।

### मुख्यमंत्री का दिल्ली ...

शनिवार शाम को अचानक दिल्ली पहुंचे। उनके इस दौरे को नियुक्तियों से जोड़ कर देखा जा रहा है। दिल्ली से हरी झंडी मिलने बाद नियुक्ति आदेश जारी होना प्रारंभ हो जाएंगे। निगम-मंडलों में नियुक्तियों का आधार क्षेत्रीय और जातीय संतुलन के साथ सत्ता और संगठन में समन्वय का भी रहेगा। ये नियुक्तियां एक साथ न होकर चरणबद्ध तरीके से होंगी। भाजपा संगठन में युवा मोर्चा और महिला मोर्चा अध्यक्षों की नियुक्ति की भी कवायद चल रही है। इनके नामों की भी शीघ्र घोषणा हो सकती है। प्रदेश में कुल 48 निगम-मंडल, आयोग और प्राधिकरण हैं, जिनमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों के लगभग 12 सौ पदों पर नियुक्तियां होनी हैं। तत्कालीन शिवराज सरकार द्वारा की गईं सभी 46 निगम-मंडलों में राजनीतिक नियुक्तियां फरवरी 2024 में रद्द कर दी गई थीं।

### नियुक्तियों के लिए ....

भाजपा में लाया गया था। इनके अलावा कई पूर्व विधायक और संगठन के समर्पित कार्यकर्ता भी दौड़ में शामिल हैं।

### कहा- मैं अपने....

इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि मैं सारी ज़िम्मेदारी ले रही हूं। दरअसल, रोहिणी आचार्य, तेजस्वी यादव के करीबी संजय यादव के राजद में दखल से नाराज चल रही हैं। उन्होंने लिखा कि मैंने एक बेटी व बहन के तौर पर अपना कर्त्तव्य एवं धर्म निभाया है और आगे भी निभाती रहूंगी। मुझे किसी पद की लालसा नहीं है, न मेरी कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा है। मेरे लिए मेरा आत्म-सम्मान सर्वोपरि है। वहीं उन्होंने अपनी मां और पूर्व सीएम राबड़ी देवी के आवास से निकलते ही मीडिया से कहा कि सवाल पूछने पर गाली दी जाएगी। चप्पल से पिटवाया जाएगा। हमें परिवार से निकाल दिया गया है।

### संघ पर फूल...

स्वागत किया था। इसी से नाराज होकर इंस्टाग्राम पर दो अकाउंट से दोनों को धमकी दी गई। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि दोनों की ओर से एक शिकायती आवेदन मिलने के बाद दो इंस्टाग्राम अकाउंट पर मामला दर्ज किया है। हालांकि, अब तक यह पता नहीं चल पाया है कि इसको कौन हैंडल कर रहा था। उसका पता लगाने के लिए साइबर की टीम को इंस्टाग्राम आईडी दिए गए हैं। उनकी जांच के बाद इस धमकी की पोस्ट करने वाले गिरफ्तार किए जा सकेंगे। धमकी में लिखा था कि तू है तुम्हारी जिंदगी में मुनाफिक हो। इंशा अल्लाह कल मुस्लिम मेजोरिटी आएगी और सबसे पहले तुम्हारी गर्दन उड़ाई जाएगी। धमकी मिलने के बाद पिछले माह 11 अक्टूबर को फैजान खान ने महाकाल थाने में आवेदन देकर धमकी देने वाले ताज अंसारी और मो. फैजल खान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। महाकाल थाना पुलिस ने आवेदन के बाद एक माह तक जांच की और 9 नवंबर को दोनों के खिलाफ धारा 296, 351 (3), 351 (4) बीएनएस की धारा में मामला दर्ज किया है।

### राजगढ़ में पारा....

अभी हवाएं उत्तरी होने से बर्फीली हवाओं का असर है। दो दिन बाद हवाएं पूर्वी होंगी, जिससे तापमान में बढ़त होगी। लगातार जारी तेज सर्दी के बीच सीहोर, इंदौर, शाजापुर, सतना, शहडोल, जबलपुर, खजुराहो, नौगांव और शिवपुरी जिलों में शीतलहर रही। इन जिलों में रात का पारा 8 डिग्री के नीचे रहा, भोपाल, राजगढ़ और रीवा में तीव्र शीतलहर रहने से सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है।


आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

**वैवाहिकी**

**वधु चाहिए**

वधु चाहिए
विश्वकर्मा (लोहार) 17/09/82 हाइट 5'-11', एमबीबीएस, अविवाहित, डॉक्टर प्राइवेट क्लीनिक मासिक आय 1.50 लाख हेतु हायर सेकेण्डरी ग्रेजुएट शिक्षित अविवाहित वधु चाहिए। सभी हिन्दू उच्च जाति मान्य। मैरिज ब्यूरो क्षमा।
सम्पर्क करें
9131453175

वधु चाहिए
गुजराती 44/ 5'-11" स्वयं का व्यवसाय इनकम 40,000 मासिक, युवक हेतु उच्च जाति बंधन नहीं सम्पर्क करें-
9827114645
9131139179
(मैरिज ब्यूरो क्षमा)

**परिचय सम्मेलन**

पंजीयन क्र. 1582/1969
म.प्र. राजपूत समाज
8वा अ.भा.क्षत्रिय/राजपूत युवक-युवती परिचय सम्मेलन
रविवार, 14 दिसंबर 2025
महाराणा प्रताप भवन, चार इमली मेन रोड नं. 3 भोपाल -16 (म.प्र.)
योग्य व उत्तम जीवनसाथी चयन हेतु आज ही हमारी वेबसाइड पर पंजीयन करायें।
web:- www.mprajputsamaj.org
पंजीयन हेतु अंतिम तिथि रविवार, 07 दिसंबर 2025
पंजीयन शुल्क 600 रुपए ऑनलाइन एवं 800 रुपए ऑफलाइन (पंजीयन शुल्क में राजपूत दर्पण पत्रिका का वैवाहिक विशेषांक शामिल है।)
Email:- mprajputsamaj1582@gmail.com
मो. 91790 81582, 98274 47630, 98260 15148, 94250 04866, 98268 15124

**वर चाहिए**

वर चाहिए- 62/5,4"/M.A, B.Ed ,Govt.Teacher रिटायर्ड -65000/- पेंसन विडो डिवोर्सी घर जमाई स्वीकार - 7083617207 (1223)

हरिभूमि वैवाहिकी (प्रति रविवार)
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में आपका वैवाहिकी विज्ञापन प्रकाशित किया जायेगा।

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**नाम परिवर्तन**

मैं सोमित्र पाल (Soumitra Pal) आत्मज श्री गोपी मोहन पाल आयु वयस्क निवासी- मकान नम्बर एफ-201, ब्लाक फाल्गुनी चिनार ड्रीम सिटी, रतनपुर सड़क होशंगाबाद रोड, भोपाल म.प्र. आधार नम्बर 6513 4359 4195 मेरा सही नाम सोमित्र पाल (Soumitra Pal) आत्मज श्री गोपी मोहन पाल और जन्म दिनांक 17/11/1968 है जो मेरे आधार कार्ड पर अंकित है वह सही एवं सत्य है। मेरे पास पोट पर मेरे नाम की स्पेलिंग Soumitra Paul त्रुटिवश अंकित हो गया है।अतः भविष्य में सभी शासकीय/अशासकीय दस्तावेजो मे मेरे नाम सोमित्र पाल (Soumitra Pal) आत्मज श्री गोपी मोहन पाल के नाम से जाना व पहचाना जावे । शपथ पत्र क्रमांक- 75AA 581141

**आवश्यकता**

ट्रक लोकल चलाने के लिये ड्राईवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें : 9109191899, 9435313622 R-16-11-2025

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs.1200/-
साइज (फिक्स) 12X4cm


## राशिफल

**मेष** — नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**वृष** — वाणी में सौम्यता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु कार्यक्षेत्र में सचेत रहें। विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु कार्यक्षेत्र में सचेत रहें। विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी, परन्तु स्थान परिवर्तन की सम्भावना भी बन रही है।

**तुला** — सन्तान के दायित्व की पूर्ति होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। यात्रा लाभप्रद रहेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे।

**वृश्चिक** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति के लिए प्रयासरत रहें। क्रोध से बचें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आय वृद्धि होगी। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। धन की प्राप्ति होगी।

**मकर** — कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। किसी सम्पत्ति से धन प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद रहेगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। परिवार से दूर जा सकते हैं।

## शब्द पहेली - 6049



**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

**शब्द पहेली-6048 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ह | ज | नी | ■ | फि | स | ल | ना | ■ |
| अ | ■ | क | हा | र | ■ | त | न | य | ■ | बु |
| ह | क | ■ | न | व | ■ | र | म | ■ | फ | न |
| म | म | ता | ■ | ता | क | त | ■ | चा | त | क |
| क | र | त | ब | ■ | म | ■ | त | ल | वा | र |
| ■ | ■ | ■ | ल | ह | र | दा | र | ■ | ■ | ■ |
| ला | व | ज | मा | ■ | बं | ■ | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | ■ | म | द | द | ■ | म | ग | न |
| वा | न | ■ | क | न | ■ | ह | म | ■ | न | म |
| ब | ■ | त | म | स | ■ | ली | ट | र | ■ | त |
| ■ | मे | ह | रा | ब | ■ | ज | र | ब | फ्त | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6059
★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6058 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |



# शेयर बाजार Vs एसआईपी बेहतर है कौन

प्लानिंग | बिजनेस डेस्क

अगर आप भी एक नए निवेशक हैं और अपने पैसों को शेयर बाजार या म्यूचुअल फंड में निवेश करने का प्लान बना रहे हैं, तो पहले आपको दोनों में से कहां से शुरुआत करनी चाहिए। आज हम आपको इसी के बारे में बताने वाले हैं। आइए जानते हैं।

### पैसों का निवेश जरूरी

पैसों का निवेश करना बहुत ही जरूरी होता है। ऐसे में हर व्यक्ति को अपनी बचत को एक अच्छी जगह निवेश जरूर करना चाहिए, जिससे वह अपनी वेल्थ को बढ़ा सकें। पैसों को निवेश करने के लिए कई सारे विकल्प मौजूद हैं। कुछ लोग सुरक्षित निवेश करना चाहते हैं, जिसके लिए वह बैंक एफडी और स्मॉल सेविंग स्कीम में अपने पैसों का निवेश करते हैं। वहीं कुछ लोग ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए रिस्क लेते हैं और शेयर बाजार या म्यूचुअल फंड में अपने पैसों का निवेश करते हैं। अगर आप भी एक नए निवेशक हैं, और अपने पैसों को शेयर बाजार या म्यूचुअल फंड में निवेश करने का प्लान बना रहे हैं, तो पहले आपको दोनों में से कहां से शुरुआत करनी चाहिए. आज हम आपको इसी के बारे में बताने वाले हैं।

### आइए जानते हैं नए निवेशक कहां से शुरू करें निवेश

बात करें शेयर बाजार में निवेश की तो शेयर बाजार में निवेश काफी रिस्क भरा होता है। किसी भी कंपनी के शेयर खरीदने पर आपको कितना रिटर्न मिलेगा, यह सीधा शेयर की कीमत पर निर्भर करता है। शेयर की कीमत बढ़ भी सकती है और घट भी सकती है। कीमत घटने पर आपको नुकसान भी हो सकता है। ऐसे में शेयर बाजार में निवेश करने से पहले आपको कंपनी के कारोबार, बैलेंस शीट और सेक्टर ट्रेंड्स की समझ जरूर होनी चाहिए। ऐसे में शेयर बाजार में निवेश करने से पहले आपको म्यूचुअल फंड में निवेश करना चाहिए।

### नए निवेशकों के लिए म्यूचुअल फंड बेस्ट

अब बात कर लेते हैं म्यूचुअल फंड में निवेश की, तो शेयर बाजार में पहले न निवेश कर आपको सबसे पहले एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश करना चाहिए। म्यूचुअल फंड के जरिए भी आपके पैसे शेयर बाजार में ही लगाए जाते हैं लेकिन यह पैसे कब और कैसे और कितना लगाना है, यह फंड मैनेजर तय करते हैं। एसआईपी में आप बस हर महीने एक निश्चित रकम निवेश करते हैं। लंबे समय तक निवेश कर आप यहां औसतन 12 प्रतिशत की दर से रिटर्न पा सकते हैं। शुरुआत में म्यूचुअल फंड में निवेश कर आप बाजार की चाल को समझ सकते हैं और आपको शेयर बाजार की समझ भी होगी। ऐसे में शेयर बाजार में निवेश करने से पहले एक बार म्यूचुअल फंड में निवेश जरूर करें।

## अनजाने और अनचाहे खर्च को रोकना होगा, मिडिल क्लास को नहीं रहेगी टेंशन

# सैलरी मिलने के कुछ दिन बाद ही पर्स हो जाता है खाली, ये टिप्स आएंगे काम



निवेश मंत्रा | बिजनेस डेस्क

आप 80 हजार रुपये या 2 लाख रुपये महीना कमाएं। बिना किसी सही मनी प्लान के यह पैसा आपकी सोच से भी तेज गायब हो जाता है।'

*उदाहरण से समझें : रिया 90,000 रुपये महीना कमाती है। वह हर महीने लगभग 20,000 रुपये सिर्फ रोज की कॉफी, लंच, स्नैक्स और वीकेंड पर बाहर घूमने में खर्च कर देती है। यह साल का 2.4 लाख रुपये हो जाता है। अगर इसकी आधी रकम भी 11% सालाना रिटर्न के साथ निवेश की जाए तो पांच साल में 8.4 लाख रुपये का फंड बन सकता है।*

महीने की शुरुआत में जब फोन पर सैलरी अकाउंट में क्रेडिट होने का मैसेज आता है तो काफी खुशी होती है। लेकिन यह खुशी कुछ दिनों तक ही रहती है। 15-20 दिन गुजरने के बाद आर्थिक तंगी के हालात शुरू हो जाते हैं। ऐसा काफी लोगों के साथ होता है। मिडिल क्लास के साथ तो लगभग हर महीने यही स्थिति रहती है। 15-20 दिन बीतने के बाद चिंता सताने लगती है कि आखिर सैलरी का पैसा कहां खर्च हो गया? एक्सपर्ट ने कुछ सुझाव दिए हैं जिसमें इसका कारण और समाधान भी बताया है गया है। एक्सपर्ट के अनुसार हमसे कुछ अनजाने और अनचाहे खर्च ऐसे हो जाते हैं जिनके कारण धीरे-धीरे सैलरी का पैसा खर्च होना शुरू हो जाता है। हालात कई बार ऐसे आ जाते हैं कि सैलरी मिलने के 20 दिन बाद ही बटुआ खाली हो जाता है। समस्या यह नहीं है कि आप कितना कमाते हैं, बल्कि यह है कि आप उस पैसे को कैसे मैनेज करते हैं।

### कहां गया सारा पैसा?

एक्सपर्ट्स के मुताबिक 'आपकी सैलरी अभी-अभी क्रेडिट हुई है। वो खुशी वाला अलर्ट देखकर मुस्कान आ जाती है, है ना? लेकिन 20 दिन बाद आपका यूपीआई बैलेंस आपको सोचने पर मजबूर कर देता है- सारा पैसा कहां गया? यह कहानी कई मिडिल क्लास भारतीयों की है।'

आपकी लाइफ कैसी होगी यह आपके कमाने पर निर्भर नहीं होता है, बल्कि यह निर्भर करता है कि आप बचाते कितना है। उन्होंने लिखा है, 'आप 80 हजार रुपये या 2 लाख रुपये महीना कमाएं। बिना किसी सही मनी प्लान के यह पैसा आपकी सोच से भी तेज गायब हो जाता है।' उन्होंने आगे कहा कि दौलत सिर्फ कमाई से नहीं, बल्कि मैनेजमेंट और लगातार कोशिशों से बनती है।




### उदाहरण से समझें गणित

अपनी बात को समझाने के लिए हम एक उदाहरण का सहारा लेते हैं। एक लड़की रिया जो एक कंसल्टेंट है और 90,000 रुपये महीना कमाती है। वह हर महीने लगभग 20,000 रुपये सिर्फ रोज की कॉफी, लंच, स्नैक्स और वीकेंड पर बाहर घूमने में खर्च करती है। यह साल का 2.4 लाख रुपये हो जाता है। अगर इसकी आधी रकम भी 11% सालाना रिटर्न के साथ निवेश की जाए, तो पांच साल में 8.4 लाख रुपये का फंड बन सकता है। छोटे-छोटे फैसले चुपके से बड़ी दौलत बन जाते हैं।

### आखिर क्यों 'गायब' हो जाती है सैलरी

सैलरी गायब होने के पीछे असली वजह अनकॉन्शियस स्पेंडिंग यानी ऐसे खर्च है जो अनजाने में होता है। कई बार ऐसे छोटे खर्चे होते हैं जिन पर ध्यान नहीं दिया जाता। उनके मुताबिक हमारा दिमाग बड़े खर्चे पहचान लेता है लेकिन छोटे खर्चे जैसे- रोजाना का खर्च, सब्सक्रिप्शन, अचानक कुछ खरीदना आदि खर्च का पता ही नहीं चलता। इस कारण हर महीने 25 से 40 हजार रुपये चुपके से खर्च हो जाते हैं। यही कारण है कि सैलरी आने के बाद महीना खत्म होने से पहले ही बटुआ खाली हो जाता है।

### ये हैं काम के टिप्स

ऐसे अनचाहे खर्च को रोकने और पैसे पर कंट्रोल के लिए 4 टिप्स हैं। अपनी सैलरी की तरह हर महीने बचत को ऑटोमेटिक कर लें। इसके लिए किसी मुश्किल अकाउंट की जरूरत नहीं है। **बस 4 आसान पॉकेट बना लें।**

### ये इस प्रकार हैं :

1. सैलरी हब : यह आपका मुख्य इनकम अकाउंट है। यानी आपकी सैलरी इसी अकाउंट में आती है।
2. सेफ्टी नेट : इसमें इमरजेंसी फंड और लक्ष्य-आधारित बचत के लिए पैसा रखें। यह रकम 60:40 के रेश्यो में होनी चाहिए।
3. ग्रोथ इंजन : यह अकाउंट सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) और ऑटोमेटेड इन्वेस्टमेंट के लिए है।
4. डेली एक्सपेंसेस: यह अकाउंट यूपीआई और बिल पेमेंट के लिए है। यह आपकी सेविंग से अलग होगा।

### टाइमिंग का रखें ध्यान

ऊपर बताए चार पॉकेट में पैसा समय पर इन्वेस्ट कर दें। यहां टाइमिंग बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोगों की सैलरी महीने की आखिरी तारीख (30 या 31) या 1 तारीख को आ जाती है। ऐसे में हर महीने की 2 तारीख को ऑटोमेटिक ट्रांसफर सेट करें। महीने के बीच में खर्चों की समीक्षा करें और 25 तारीख तक अगले महीने की तैयारी कर लें।

### ये तीन मंत्र काम के

पैसा कमाना एक स्किल है। पैसा बचाना एक आर्ट है और पैसे को कंपाउंड करना (ब्याज पर ब्याज कमाना) साइंस है। इन तीनों में महारत हासिल करें। ऐसे में फाइनेंशियल फ्रीडम अपने आप मिल जाएगी। पैसे का सही प्रयोग ही हमें जल्दी अमीर बना सकता है।

# एक लाख 3 साल की एफडी में निवेश करने पर कौन सा बैंक दे रहा है सबसे ज्यादा रिटर्न

*आज हम आपको देश के अलग अलग बैंकों की 3 साल की अवधि वाली एफडी और उनमें मिलने वाले रिटर्न के बारे में बताने वाले हैं। आइए जानते हैं देश के कौन से बैंक में आप 3 साल की एफडी में निवेश कर ज्यादा रिटर्न पा सकते हैं।*

नॉलेज | बिजनेस डेस्क

आज हम आपको देश के अलग अलग बैंकों की 3 साल की अवधि वाली एफडी और उनमें मिलने वाले रिटर्न के बारे में बताने वाले हैं। आइए जानते हैं देश के कौन से बैंक में आप 3 साल की एफडी में निवेश कर ज्यादा रिटर्न पा सकते हैं। जब भी पैसों को निवेश करने की बात आती है, तो ज्यादातर लोग अपने पैसों को बैंक एफडी में ही निवेश करना पसंद करते हैं। इसका कारण एफडी में मिलने वाला फिक्स्ड रिटर्न और पैसों की सुरक्षा है. देश के अलग अलग बैंकों द्वारा अपनी अलग अलग अवधि वाली एफडी पर अलग अलग ब्याज दर से रिटर्न ऑफर किया जाता है। आज हम आपको देश के अलग अलग बैंकों की 3 साल की अवधि वाली एफडी और उनमें मिलने वाले रिटर्न के बारे में बताने वाले हैं। आइए जानते हैं देश के कौन से बैंक में आप 3 साल की एफडी में निवेश कर ज्यादा रिटर्न पा सकते हैं।

प्राइवेट बैंक इंडसइंड बैंक अपनी 3 साल की अवधि वाली एफडी में सबसे ज्यादा ब्याज दर से रिटर्न ऑफर कर रहा है। इस बैंक की 3 साल की एफडी की ब्याज दरें 6.65 प्रतिशत हैं। ऐसे में अगर आप इस एफडी में 1 लाख रुपये निवेश करते हैं तो आपको मैच्योरिटी पर कुल 1,19,950 रुपये मिलेंगे।




### एक्सिस बैंक की 3 वर्ष की एफडी

प्राइवेट बैंक एक्सिस बैंक अपनी 3 साल की अवधि वाली एफडी में 6.60 प्रतिशत की ब्याज दर से रिटर्न ऑफर करता है। ऐसे में अगर आप इस एफडी में 1 लाख रुपये निवेश करते हैं तो आपको मैच्योरिटी पर कुल 1,19,800 रुपये मिलेंगे।

### एचडीएफसी की 3 वर्ष की एफडी

प्राइवेट बैंक एचडीएफसी बैंक अपनी 3 साल की अवधि वाली एफडी में 6.40 प्रतिशत की ब्याज दर से रिटर्न ऑफर करता है। ऐसे में अगर आप इस एफडी में 1 लाख रुपये निवेश करते हैं तो आपको मैच्योरिटी पर कुल 1,19,200 रुपये मिलेंगे।

### एसबीआई की 3 साल की एफडी

सरकारी बैंक एसबीआई अपनी 3 साल की अवधि वाली एफडी में 6.30 प्रतिशत की ब्याज दर से रिटर्न ऑफर करता है। ऐसे में अगर आप इस एफडी में 1 लाख रुपये निवेश करते हैं तो आपको मैच्योरिटी पर कुल 1,18,900 रुपये मिलेंगे। सरकारी बैंक केनरा बैंक अपनी 3 साल की अवधि वाली एफडी में 6.25 प्रतिशत की ब्याज दर से रिटर्न ऑफर करता है।

# एफडी के अलावा इन 5 सरकारी स्कीम में करें पैसों का सुरक्षित निवेश

*बैंक एफडी के अलावा भी सुरक्षित निवेश के लिए कई सारे विकल्प मौजूद हैं। एफडी के अलावा आप सरकार की स्मॉल सेविंग स्कीम में अपने पैसों का निवेश कर सकते हैं। आइए जानते हैं।*

जब भी पैसों को निवेश करने की बात आती है तो ज्यादातर लोग अपने पैसों को केवल बैंक एफडी में ही निवेश करते हैं क्योंकि बैंक एफडी में पैसा सुरक्षित रहता है यानी पैसों के खो जाने का कोई डर नहीं होता है लेकिन बैंक एफडी के अलावा भी ऐसी कई स्कीम हैं, जहां लोग अपने पैसों को सुरक्षित तरीके से निवेश कर सकते हैं और काफी अच्छा रिटर्न पा सकते हैं।

हम बात कर रहे हैं सरकार की स्मॉल सेविंग स्कीम के बारे में। स्मॉल सेविंग स्कीम में आपको एक निश्चित ब्याज दर से रिटर्न मिलता है, और यह सरकारी स्कीम है. ऐसे में आपको पैसों की पूरी सुरक्षा भी मिलेगी। आइए जानते हैं बैंक एफडी के अलावा आप किस-किस सरकारी स्कीम में पैसों का निवेश कर सकते हैं

**नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट:** नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट यानी एनएससी पोस्ट ऑफिस की सरकारी स्कीम है, जहां आपको 5 साल की अवधि के लिए अपने पैसों का निवेश करना होता है। नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट में आपको 7.7 प्रतिशत की ब्याज दर से रिटर्न मिलता है।

**सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम:** अगर आपकी उम्र 60 साल से अधिक है तो आप सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम में 5 सालों के लिए अपने पैसों को निवेश कर सकते हैं। इस स्कीम में 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर से रिटर्न मिलता है। यहां आप अधिकतम 30 लाख रुपये का निवेश कर सकते हैं।


**पश्चिम मध्य रेल**

वरि मंडल वाणिज्य प्रबंधक, कोटा मंडल, पश्चिम मध्य रेलवे ने कोटा मंडल कि विभिन्न गाड़ियों में पार्सल स्पेस की लीज के लिए ई–नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट (ई ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है जिसका विवरण निम्न प्रकार से है : **केटलॉग सं.:** Lease-KTT-46, **अनुबंध का प्रकार :** Leasing of SLR, **अनुबंध की अवधि :** 3 वर्ष, **ई–नीलामी की तिथि और समय :** 27.11.25 को 12:00 बजे, कैटलॉग की विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

(हस्ता)
कृते वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक,
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**जाहिर सूचना**

(मकान क्रमांक- 20, ग्राम बरखेडा पठानी, जिला भोपाल (म.प्र))

मैं अपने पक्षकार द्वारा निर्देशित किये जाने से सर्व साधारण को सूचित करता हूँ, की मेरे पक्षकार के द्वारा श्रीमती माया बाई आयु वयस्क पत्नी श्री चुन्नी लाल निवासी मकान नं-166, सी-सेक्टर सर्वधर्म कॉलोनी रोड जिला भोपाल (म.प्र) के स्वामित्व व अधिपत्य का एक आवासीय मकान क्रमांक- 20, ग्राम बरखेडा पठानी, पटवारी हल्का नं-19 विकास खण्ड फंदा नगर निगम सीमा के अन्दर पुराना वार्ड क्रमांक- 54 (नया वार्ड क्रमांक-56) आवासीय क्षेत्र पर जिला भोपाल (म.प्र) में स्थित है जिसकी चतुर्थ सीमायें दिशा पूर्व में- भूखण्ड क्रमांक -21, दिशा पश्चिम में- भूखण्ड क्रमांक -19, दिशा उत्तर में- भूखण्ड क्रमांक -37 दिशा, दक्षिण में- रोड है जिसका कुल क्षेत्रफल 15x30 = 450 वर्गफिट है जो भूमि खसरा क्रमांक 383/2 का अंश भाग है, जिसको क्रय करने हेतु टोकन राशि अदा की गई है एवं जिसका विक्रय अनुबंध पत्र का निष्पादन निकट समय में किया जायेगा, अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की यदि उपरोक्त संव्यवहार से किसी बैंक, व्यक्ति, संस्थान, फर्म शासकीय व गैर शासकीय कार्यालय, या कोई हितधारी, इत्यादी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजो के आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा उपरोक्त समय अवधि के उपरांत कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार और प्लाट स्वामी पर मान्य नहीं होगी।

भवदीय **अजीत सिंह** अधिवक्ता
कार्यालय 155-156, नेहरू मार्केट, बरखेडा पठानी, भोपाल, मो.नं.: 6261059809

**आम सूचना**

पुत्र से संबंध विच्छेद कर संपत्ति से बेदखल किए जाने बाबत

मैं अपने पक्षकार श्री मो. अनवर पुत्र श्री मो. इब्राहीम आयु 62 वर्ष निवासी मकान नं. -351गली नं. 8 महामाई का बाग भोपाल की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार ने अपने पुत्र सरफराज उम्र 30 वर्ष निवासी भोपाल को उसके द्वारा मेरे पक्षकार को बिना जानकारी दिए अपनी मर्जी से तरन्नुम नामक तलाकशुदा महिला के साथ निकाह कर मेरे पक्षकार एवं उनके अन्य परिजनों के साथ बदतमीजी करने, लड़ाई -झगड़ा करने और शारिरीक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने तथा समाज में बदनामी होने के कारण उससे रिश्ता समाप्त घोषित कर संबंध विच्छेद कर पुत्र संबंधी समस्त अधिकारों से वंचित कर उसे अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरे पक्षकार का उनके पुत्र सरफराज से कोई संबंध एवं रिश्ता नहीं रहा है। सरफराज के किसी भी पुलिस प्रकरण अथवा न्यायालयीन प्रकरण से, लेन-देन अथवा किसी भी तरह के संव्यवहार से मेरे पक्षकार अथवा उनके अन्य परिजनों की कोई जवाबदारी नहीं रहेगी। यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्था सरफराज से कोई रिश्ता -संबंध रखता है अथवा कोई संव्यवहार करता है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

भवदीय **अनवर खान** एडवोकेट
कार्या- ग्राउंड फ्लोर सेंटर प्वाइंट जहांगीराबाद भोपाल, मो.नं. 9229482417

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई**

क्र./जोन-3/न.नि./ 2025/385 // ई-प्राक्यूरमेंट निविदा सूचना // 303 भिलाई, दिनांक 11/11/25

लोक कर्म विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई टेंडर आमंत्रित की गई है। जिसका विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर नं. | अनुमानित निविदा लागत (लाख में) | अमानत राशि | श्रेणी | ई-टेंडर आमंत्रण दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | जोन क्र.-03 क्षेत्रांतर्गत वार्ड-31 बैंकुण्ठधाम स्वागत द्वार से लेकर स्वास्थ्य कार्यालय तक एवं वार्ड-35 किशन चौक से पप्पू चौक होते हुए 01 नंबर पंप हाउस तक डामरीकरण कार्य। | 179081 | 134.03 | 102000.00 | द से प्रवर श्रेणी | 10.11.2025 से 02.12.2025 तक |

नोट :- 1. धरोहर राशि offline जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 04.12.2025 शाम 5.30 बजे तक कार्यपालन अभियंता/जोन आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई के पक्ष में निक्षेप होगा। 2. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्राक्यूरमेंट वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in में उपयुक्त श्रेणी में सम्मिलित होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिये वेबसाइट पर देखें।

जोन आयुक्त, जोन-3

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

बैंक ऑफ बड़ौदा,
रेलवे सोसायटी, अरेरा कालोनी शाखा, भोपाल
फोन : 0755-4936706

**मांग सूचना**

वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम , 2002 के रूल 3 (1) के अंतर्गत नोटिस।

जैसा कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम , 2002 के रूल 3 (1) के अंतर्गत बैंक द्वारा आप पर बकाया धन जमा करने हेतु निम्नवर्णित दिनांक को मांग नोटिस को रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित किया गया था। उक्त नोटिस के द्वारा आप को बैंक द्वारा बकाया निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज आपके द्वारा नोटिस प्राप्ति के 60 दिन के अंदर जमा किया जाना है, जो कि हमारे बैंक में वापस आ गयी है। जिससे यह विश्वास करने का कारण उत्पन्न हो जाता है कि आप उस डिमांड नोटिस को प्राप्त करने से बच रहे है। अतः अब इस नोटिस के प्रकाशन के द्वारा आपको एतद् द्वारा बैंक बकाया धनराशि को चुकाने हेतु नोटिस दिया जाता है, कि बैंक को देय निम्नवर्णित ऋण राशि इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर हमारी बैंक में जमा कर दें। इस खाते से सम्बन्धित विवरण नीचे उल्लिखित है उक्त ऋण राशि का भुगतान न करने की स्थिति में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूतिहित परवर्तन नियम 2002 के अंतर्गत किसी अथवा सभी अधिकारों का प्रयोग किया जा सकता है। नोटिस का विवरण निम्नानुसार है:-

| उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम | प्रतिभूति के रूप में बंधक की गई संपत्ति का विवरण | बकाया राशि / मांग सूचना दिनांक |
|---|---|---|
| ऋणी- **श्री विनय सिंह बघेल एवं श्रीमती रुचिका उदय सिंह ठाकुर** पता - फ्लैट नंबर 303, तीसरी मंजिल, टावर-1 (ए), सागर लेक व्यू होम्स-2, खसरा नंबर 14/1/2/4,14/1/2/3 का हिस्सा, वार्ड नंबर 64, ग्राम-हटाईखेड़ा, भोपाल | **फ्लैट क्रमांक 303, तृतीय तल, टावर-1(ए), सागर लेक व्यू होम्स-II, खसरा क्रमांक 14/1/2/4, 14/1/2/3 का भाग, वार्ड क्रमांक 64, ग्राम- हताईखेड़ा, भोपाल, फ्लैट का क्षेत्रफल 643.7 वर्गफीट संपत्ति मालिक- श्री विनय सिंह बघेल एवं श्रीमती रुचिका उदय सिंह ठाकुर चर्तुसीमाएं:** पूर्व - गलियारा और फ्लैट नं. 302, पश्चिम - खुला, उत्तर - फ्लैट नं. 304, दक्षिण - टावर-1(बी) | दि. 10.10.2025 को बकाया राशि (दि. 09.10.25 तक ब्याज समाहित) ₹ 24,55,994.35 +अप्रभारित ब्याज एवं अन्य खर्चे / 10.10.2025 / NPA Date-09.07.2025 |

इस नोटिस के द्वारा जन सामान्य को यह सूचित किया जाता है कि वे उक्त सम्पत्ति के समबन्ध में किसी प्रकार का समझोता / व्यवहार न करें एवम बन्धककर्ता को सूचित किया जाता है कि अधिनियम की धारा 13 (13) के नियमानुसार आप बैंक के पूर्व लिखित अनुमति के बिना प्रतिभूतिकृत सम्पत्ति का हस्तांतरण नहीं कर सकते।

स्थान : भोपाल, दिनांक : 16-11-2025 — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

**कार्यालय सेनानी, 7वीं वाहिनी विसबल, भोपाल**

ई-मेलः- co7bn_saf@mppolice.gov.in
क्रमांक-7वीं बटा/विसबल/साअ/2161/2025 — दिनांक-11/11/2025

ई-निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2025-26 में 7वीं वाहिनी विसवल भोपाल शासकीय आवासों हेतु गेटों के क्रय एवं गेट फिटिंग के कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये अनुवध कराये जाने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्रमांक | सामग्री का विवरण | Size Approx | कंपनी | प्रस्तावित दर / ऑफर मूल्य प्रति नग जीएसटी सहित | ई एम डी ऑनलाईन जमा राशि रू. | निविदा शुल्क रू. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | A फ्लश गेट wooden (पेन्ट+एसेसरीज + फिटिंग सहित) | .90x2.10 meter | सेन्चुरी | | 20000.00 | 1000.00 |
| | | | ग्रीन प्लाई | | | |
| | | | डूयरों | | | |
| | | | मरीनों | | | |
| | | | राजश्री | | | |
| | | | कल्पतरू | | | |
| | | | पौली डोर | | | |
| | | | शुभम डोर | | | |
| 2 | B डब्ल्यू पी सी गेट ( एसेसरीज + फिटिंग सहित) | .80x2.10 meter | फिक्सो बोर्ड | | | |
| | | | डूयरों | | | |
| | | | मरीनों | | | |
| | | | माईका प्लास्टीवुड | | | |
| | | | राजश्री | | | |
| | | | कल्पतरू | | | |
| | | | शुभम डोर | | | |

निविदा की विस्तृत शर्ते MP TENDERS/MP POLICE Website पर उपलब्ध है। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत संशोधन व परिवर्तन होने पर वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-निविदा पोर्टल (MPTENDERS) पर उपलब्ध रहेगा।

खुली निविदा की शर्तेः-
01. उपरोक्त मरम्मत/निमार्ण कार्यो को म.प्र.पु.आ.अधो.वि.नि.भोपाल द्वारा तैयार किये गये प्राक्कलन अनुसार करना होगा
02. खुली निविदा जारी करने की प्रारंभ तिथि 13/11/2025.
03. खुली निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 04/12/2025
04. तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक 05/12/2025
05. प्रथम तकनीकी निविदा विड खोली जायेगी दस्तावेज परीक्षण एवं सही पाये जाने पर वित्तीय निविदा खोली जावेगी।

सेनानी
7वीं वाहिनी बिसबल भोपाल

G-21477/25 " स्वच्छता ही सेवा "

**बिहार की राजनीतिक यात्रा विशेषकर चुनाव में परिणाम का इतिहास जितना भी उठापटक वाला रहा हो, किंतु जब से जदयू ने भाजपा एवं लोजपा के साथ केंद्रीय राजग के अंतर्गत प्रादेशिक स्तर पर भी शासन चलाने का गठबंधन साधा है, तब से बिहार में सुशासन के वास्तविक कार्यों का अनुभव आम जनता को अवश्य हुआ है। दो-तीन दशकों से भयंकर एवं अकल्पनीय अराजकता से घिरे संपूर्ण भारत व साथ ही बिहार में लोकतंत्र बुरी तरह ढह गया था। पीछे जाकर अनुभव करें तो बिहार के संदर्भ में लोकतंत्र केवल एक हवाई किला था, जो गत पांच-सात वर्ष से राजग के नेतृत्व में जनसरोकारों की वास्तविकता एवं सुशासन आधारित कार्यों में स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। संभवतः यही कारण रहा है, जो बिहार की चौवालीस प्रतिशत जनता ने कुछ कमियों, दोषों, विवशताओं एवं समस्याओं के बाद भी राजग गठबंधन को शासन चलाने का निर्वाचनीय आदेश दिया है। इसके अलावा भी अनेक कारण रहे जिन्होंने मतदाताओं को राजग के पक्ष में खड़ा किया। इन्हीं कारणों का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# विशाल जनादेश के साथ सत्तारूढ़ राजग



**विश्लेषण**

विकेश कुमार बडोला

स्वतंत्र पत्रकार



बिहार विधानसभा के लिए हुए सत्रहवें चुनाव में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में विजयी ध्वजा फहरा कर आगामी पांच वर्षीय कार्यकाल के लिए पुनः सत्तारूढ़ होने जा रहा है। कुल 243 निर्वाचन क्षेत्रों के घोषित परिणामों में भाजपा ने अपने हिस्से के पूरे 89, जदयू ने पूरे 85 और लोजपा ने पूरे 19 क्षेत्रों में विजय प्राप्त कर ली है। राजग के इन तीन प्रमुख घटक राजनीतिक दलों ने कुल 193 क्षेत्रों में जीत प्राप्त कर ली है।

शेष 50 क्षेत्रों में विपक्षी राजनीतिक दल के प्रमुख घटक राजद ने 25, कांग्रेस ने 6, एआईएमआईएम ने 5, एचएएमएस ने 5, रालोमो ने 4, सीपीआई (एमएल, एल) ने 2, आईआईपी, सीपीआई (एम) और बसपा ने एक-एक क्षेत्र पर विजय प्राप्त की है। यदि दलों को प्राप्त मत प्रतिशत पर दृष्टिपात करें तो पहले से सत्तारूढ़ और पुनः विजय प्राप्त कर सत्तारूढ़ होने वाले राजग के प्रमुख दल भाजपा को 20.07, जदयू को 19.26, लोजपा को 4.98 प्रतिशत मत मिले हैं। राजग के इन तीन प्रमुख घटक दलों का कुल मत प्रतिशत 44.31 प्रतिशत है। प्रमुख विपक्षी दल राजद को 23, कांग्रेस को 8.71, एआईएमआईएम को 1.85, सीपीआई (एमएल, एल) को 2.84, बसपा को 1.62 प्रतिशत मत मिले हैं। कुल 1.81 प्रतिशत लोगों ने नोटा का विकल्प चुना था। शेष प्रतिभागी अन्य राजनीतिक दलों को कुल 14 प्रतिशत मत मिले हैं। इस प्रकार विपक्ष को कुल 38 प्रतिशत मत मिले। यदि दलवार ध्यान दें तो सर्वाधिक मत प्रतिशत 23 राजद का रहा। इसके बाद भाजपा 20.07 और फिर जदयू 19.26 क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर हैं।

> **बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पुनः सत्तारूढ़ होने पर अब इसके प्रमुख घटक दलों भाजपा, जदयू और लोजपा के सामने प्रदेश की जनता के हित में अपने चुनावी संकल्पों, घोषणाओं एवं योजनाओं के अनुसार अनथक कार्य किए जाने की आवश्यकता है। बिहार की जनता ने भारतीय जनता पार्टी, जनता दल यूनाइटेड तथा लोक जनशक्ति पार्टी की जनसेवा पर केंद्रित राजनीतिक दिशादृष्टि को विशाल जनादेश देकर उस पर विश्वास स्थापित किया है। अब इस विश्वास पर शत-प्रतिशत खरा उतरकर बिहार की विकास यात्रा को क्रांतिकारी ढंग से बढ़ाए जाने की आवश्यकता है।**

## राजद का मत प्रतिशत अधिक

यदि राजद का मत प्रतिशत सर्वाधिक है, तो यह इस शंका को बढ़ाता है कि बिहार में अभी भी मतदाता पुनरीक्षण अभियान शत-प्रतिशत संपन्न नहीं हुआ है। अभी भी राज्य में अवैध मतों की राजनीतिक कुक्रीड़ा पूरी तरह बंद नहीं हुई है। केंद्रीय एवं प्रांतीय चुनाव आयोगों को इस ओर ध्यान देना होगा कि जो दल कुल 243 में से केवल 25 निर्वाचन-क्षेत्रों में जीता है, उसका मत प्रतिशत प्रमुख विजयी दल भाजपा एवं जदयू से अधिक कैसे हो गया है। चिंता का विषय यह भी है कि जो मरणासन्न दल एक-दो क्षेत्रों में ही किसी प्रकार चुनाव जीते हैं, उनका मत प्रतिशत पांच या छह क्षेत्रों में चुनाव जीतने वाले दलों से अधिक है। इस चुनावी, निर्वाचनीय एवं लोकतांत्रिक दोष की ओर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

## सुशासन आधारित कार्य

बिहार की राजनीतिक यात्रा विशेषकर चुनाव में परिणाम का इतिहास जितना भी उठापटक वाला रहा हो, किंतु जब से जदयू ने भाजपा एवं लोजपा के साथ केंद्रीय राजग के अंतर्गत प्रादेशिक स्तर पर भी शासन चलाने का गठबंधन साधा है, तब से बिहार में सुशासन के वास्तविक कार्यों का अनुभव आम जनता को अवश्य हुआ है। दो-तीन दशकों से भयंकर एवं अकल्पनीय अराजकता से घिरे संपूर्ण भारत व साथ ही बिहार में लोकतंत्र बुरी तरह ढह गया था। पीछे जाकर अनुभव करें तो बिहार के संदर्भ में लोकतंत्र केवल एक हवाई किला था, जो गत पांच-सात वर्ष से राजग के नेतृत्व में जनसरोकारों की वास्तविकता एवं सुशासन आधारित कार्यों में स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। संभवतः यही कारण रहा है, जो बिहार की चौवालीस प्रतिशत जनता ने कुछ कमियों, दोषों, विवशताओं एवं समस्याओं के बाद भी राजग गठबंधन को शासन चलाने का निर्वाचनीय आदेश दिया है। राजग के पक्ष में खड़े हुए चौवालीस प्रतिशत मतदाताओं में नारीशक्ति अग्रणी है। पुरुष वर्ग अभी भी अनेक व्यक्तिगत किंतुओं-परंतुओं की उलझनों, जातिगत समीकरणों के दोषों तथा राजनीतिक कट्टरताओं के कारण अपने मत व्यर्थ कर रहा है।

## नारियों से सीखें पुरुष मतदाता

यदि पुरुष वर्ग भी नारियों की भांति राजनीतिक सतर्कता, सजगता का ध्यान रखे और सुशासन व विकास के दृष्टिकोण के साथ जुड़कर मतदान यज्ञ में सम्मिलित हो, तो निश्चित रूप में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को अधिक बड़े जनादेश की राजनीतिक शक्ति प्राप्त हो। इसी कारण से, बिहार ही नहीं, पूरे भारत में मतदाता पुनरीक्षण अभियान को अधिक सक्रियता एवं गहनता से संचालित किए जाने की अति आवश्यकता है। यदि भारतीय मतदाताओं की समुचित सूची बन जाती है तो डंके की चोट पर पारदर्शी एवं त्रुटिहीन मतदान होगा। हजारों की संख्या में पंजीकृत राजनीतिक दल घटकर कुछ सौ अंक तक सीमित हो जाएंगे। ऐसा होने पर चुनाव आयोग पर भी अधिक राजनीतिक दलों की गणना कर उनसे संबंधित आंकड़े एकत्रित करने का भार भी नहीं होगा। बिहार चुनाव जीतने के लिए केंद्र से लेकर बिहार प्रदेश तक राजद की जो भी चुनावी योजनाएं रही हों, वे तो जीत का कारण हैं ही, किंतु मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम ने भी प्रादेशिक चुनाव प्रक्रिया को अपेक्षित मानकों के अनुरूप संपन्न कराने में व्यापक भूमिका निभाई है। न्यायोचित एवं लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव संपन्न होने पर संवेदनशील जनता के मतानुसार शासन की नियुक्ति हुई है। मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम आरंभ होने के बाद बिहार प्रदेश प्रथम था, जहां इस कार्यक्रम की प्रथम चुनावी प्रतिक्रिया सामने आई है, और जो प्रतिक्रिया लोकतंत्र के मानकों के अनुरूप श्रेष्ठ ढंग से प्रकट हुई है।

## विश्वास पर खरी उतरे सरकार

वैसे प्रमुख विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल को विधानसभा में विपक्ष के प्रमुख दल के रूप में विराजने योग्य जनादेश तो नहीं मिला है, किंतु अपने मत प्रतिशत को लेकर दल के नेता अतिशयोक्तिपूर्ण वक्तव्य अवश्य देंगे। केंद्र से लेकर बिहार तक शासन का कार्यभार संभालने वाले शासनिक-प्रशासनिक तंत्र को इनके नकारात्मक वक्तव्यों से ध्यान हटाकर तथा इनके संभावित राजनीतिक षड्यंत्रों पर पैनी दृष्टि रखकर केवल और केवल जनादेश के अनुसार चहुंदिश प्रादेशिक विकास कार्यों पर राजनीतिक-प्रशासनिक शक्ति लगानी होगी। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पुनः सत्तारूढ़ होने पर अब इसके प्रमुख घटक दलों भाजपा, जदयू और लोजपा के सामने प्रदेश की जनता के हित में अपने चुनावी संकल्पों, घोषणाओं एवं योजनाओं के अनुसार अनथक कार्य किए जाने की आवश्यकता है। बिहार की जनता ने भारतीय जनता पार्टी, जनता दल यूनाइटेड तथा लोक जनशक्ति पार्टी की जनसेवा पर केंद्रित राजनीतिक दिशादृष्टि को विशाल जनादेश देकर उस पर विश्वास स्थापित किया है। अब इस विश्वास पर शत-प्रतिशत खरा उतरकर बिहार की विकास यात्रा को क्रांतिकारी ढंग से बढ़ाए जाने की अत्यंत आवश्यकता है।

# बिहार में उड़े 'गरदे' के गूढ़ार्थ



**सियासत**

डॉ. घनश्याम बादल

वरिष्ठ स्तंभकार

इस विधानसभा चुनाव में बिहार ने सारे पूर्वानुमानों को झुठलाते हुए नीतीश कुमार और भाजपा नीत एनडीए को प्रचंड जीत दिलवाते हुए राजनीति का एक नया मिथ रच बड़ा संदेश दिया है। यह संदेश बहुत साफ है कि यदि आप सरकार में रहकर सचमुच जनकल्याण के कार्य आगे बढ़ाते हैं तो फिर गलतियों के बावजूद जनता आपको सर आंखों पर बिठाती है। हालांकि पहले दौर के मतदान के बाद ही सर्वेक्षण एजेंसियों ने राजग की बढ़त की भविष्यवाणी कर दी थी और दूसरे दौर के बंपर मतदान के बाद ज़्यादातर एजेंसियां एनडीए को 130 से 160 सीटें दे रही थी, हालांकि तब सर्वेक्षण एजेंसियों के परिणामों पर उंगलियां भी उठाई जा रही थीं लेकिन वास्तविक परिणाम ने जिस तरह राष्ट्रीय जनता दल और सहयोगी दलों के महागठबंधन का सफाया किया है, वह हैरतअंगेज है। राहुल-तेजस्वी की जोड़ी, एसआईआर और वोट चोरी के साथ-साथ हर घर को नौकरी, माई बहन मान योजना और रैलियों में उमड़ रही भीड़ तथा तेजस्वी एवं राहुल की हुंकार से माहौल भरमा रहा था कि इस बार एनडीए को बहुमत प्राप्त करना आसान नहीं होगा लेकिन बिहारियों के मन को समझना विशेषज्ञों के भी बस से बाहर की बात रही और अंततः एनडीए प्रचंड बहुत के साथ फिर सत्ता में आ गया है। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एन.डी.ए.) ने न सिर्फ सत्ता बरकरार रखी, बल्कि प्रचंड बहुमत के साथ राजनीति-मंच पर नये समीकरण भी गढ़े हैं। इस जीत के पीछे कई कारण हैं। रणनीतिक संयोजन, जातिगत एवं क्षेत्रीय समीकरणों को पहचानना व उसका सही इस्तेमाल करना तथा विपक्षी गठबंधन की कमजोरियों का प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, नीतीश कुमार और उनके सहयोगियों ने जमकर लाभ उठाया। इसी पृष्ठभूमि में प्रशांत किशोर और राहुल गांधी की रणनीतिक विफलता राजग के लिए सफलता का आधार बनी है। यदि चुनाव से पहले की स्थितियों पर नजर डालें तो पहले से ही एनडीए लीड ले चुका था। उसने प्रत्याशियों की पहले घोषणा की जबकि महागठबंधन के नेता आपस में लड़ते रहे। टकराव तो राजग में भी दिखाई दिया लेकिन सुगठित चुनाव प्रचार, जनता के मन तक पहुंचना, सरकार की उपलब्धियां, शाह-मोदी तथा नीतीश की तिकड़ी के चमत्कार और लालू यादव के जंगल राज की यादों को ताजा करने की कुशल रणनीति ने एनडीए के चमत्कार को नमस्कार करवा दिया। एनडीए इस चुनाव में विकास-विचारधारा को मुद्दा बनाकर, "डबल इंजन सरकार" और सुशासन एजेंडे के साथ मैदान में उतरा था और विपक्ष के एमवाई (मुसलमान + यादव) के मुकाबले अपने एमवाई ( महिला+युवा) की प्रस्तुति ने इस गठबंधन को व्यापक समर्थन दिया। इसके विपरीत, महागठबंधन ने जातिगत वोट बैंक विशेष रूप से मुस्लिम-यादव और नौकरियों-मुद्दों पर ज़ोर दिया लेकिन यह रणनीति काम नहीं आई। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने "गाँव-गाँव, मुद्दा-मुद्दा" की पहल की और नौकरियों-माइग्रेशन जैसे विषय उठाये, लेकिन उसका असर सीमित रहा। राहुल गांधी की ओर से "वोट चोरी" व एसआईआर में गड़बड़ी जैसे आरोप लगाए गए, उनकी रेलियों में भीड़ तो उमड़ी लेकिन 'वोट चोर गद्दी छोड़' की अपील जनादेश में बदल नहीं पाई। बिहार की राजनीति में जातिगत समीकरण हमेशा निर्णायक रहे हैं। इस बार एनडीए ने पिछड़ी अति पिछड़ी व अन्य पिछड़ी जातियों, दलितों, ओबीसी-गैर-यादवों के हर वर्ग में सेंध लगाने में सफलता प्राप्त की और हर वर्ग से वोट मिलने की वजह से ही इतना प्रचंड बहुमत मिलना संभव हो पाया। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार अति पिछड़ी एवं पिछड़ी जातियों के करीब 58 % वोट एनडीए को मिले। वहीं, महागठबंधन की अपने परंपरागत मुस्लिम यादव वोट बैंक पर अत्यधिक निर्भरता और अन्य समूहों के जुड़ पाने की विफलता से राजनीतिक रूप से भारी नुकसान हुआ और वह पहले जितनी सीटें भी प्राप्त नहीं कर पाया। महागठबंधन की सफलता में एक बड़ा कारण वहां कांग्रेस का ज़मीनी संगठन न रहना भी रहा । साथ ही, दो साल तक तेजस्वी का नीतीश कुमार के साथ उपमुख्यमंत्री के रूप में काम करना और फिर सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाना भी भारी पड़ा। मिथिलांचल, मगध, शिवहर-सीमांचल आदि में एनडीए. को संतुलित आधार मिला। विरोधी गठबंधन मुख्य रूप से एक-दो क्षेत्रीय और जातिगत धड़ों तक सीमित रहा, जिससे उनकी व्यापक पहुंच ढीली पड़ गई। इस जीत में नीतीश कुमार का 'सुशासन बाबू' का ब्रांड भी महत्वपूर्ण रहा। उनका दल जनता दल यूनाइटेड 80% जीत दर के साथ इस बार पहले से लगभग दुगनी सीटों पर जीता तो भारतीय जनता पार्टी ने 90% का स्ट्राइक रेट पाया।

> *रणनीतिक संयोजन, जातिगत एवं क्षेत्रीय समीकरणों को पहचानना व उसका सही इस्तेमाल करना तथा विपक्षी गठबंधन की कमजोरियों का प्रधानमंत्री मोदी, शाह, योगी, नीतीश ने लाभ उठाया*

# परिणामों में महागठबंधन को लगा बड़ा झटका



**विस चुनाव**

सुरेश हिन्दुस्तानी

स्वतंत्र पत्रकार

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए हुई मतगणना के बाद प्रदेश की राजनीतिक तसवीर स्पष्ट दिखाई देने लगी है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की स्पष्ट बहुमत की सरकार बन रही है। इसके निहितार्थ एकदम स्पष्ट हैं कि बिहार के मतदाताओं ने भाजपा के साथ नीतीश को फिर से बिहार के मुख्यमंत्री बनाने पर अपनी मुहर लगा दी है। दूसरी ओर कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व में बनाए गए महागठबंधन को बहुत बड़ा झटका लगा है। इसमें सबसे बड़ी बात यह भी है कि कांग्रेस और राजद का गठबंधन अपनी पिछली स्थिति को बरकरार रखने में भी असफल रहा है। पिछले चुनाव में राजद बहुमत की संख्या से कुछ ही दूर रहा, लेकिन इस बार यह संख्या बहुत कम होती दिखाई दे रही है। कांग्रेस का साथ इस बार भी राजद का कुछ भी भला नहीं कर सका, उलटे अपनी राजनीतिक जमीन को संकुचित कर बैठे। कांग्रेस की स्थिति तो इससे भी ज्यादा दयनीय हो चुकी है, वह दहाई की संख्या में आने के लिए भी तरस रही है। इनका वोट चोरी का आरोप भी मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित नहीं कर सका। आरोप लगाने मात्र से कोई अपराधी नहीं बन जाता, उसके लिए समय पर प्रमाण भी देना होता है। कांग्रेस द्वारा वोट चोरी का आरोप लगाते हुए यह दावा किया गया कि हरियाणा विधानसभा के चुनाव में ब्राजील की एक मॉडल ने 22 बार वोट डाला। इसके विपरीत मॉडल लारिसा नेरी का कहना था कि वे भारत कभी गई ही नहीं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब वे भारत आई ही नहीं, तब कांग्रेस का यह आरोप केवल एक नैरेटिव स्थापित करने जैसा ही माना गया। राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं पर इस प्रकार का असत्य आरोप लगाना निश्चित ही लोकतंत्र के लिए घातक ही है। कांग्रेस ने अपनी स्थिति स्वयं ही कमजोर की है। क्षेत्रीय दलों के सामने समर्पण करने के बाद भी कांग्रेस अपने को बहुत बड़ा दल मानती है और वैसा ही व्यवहार भी करती है। जबकि राजद ने कांग्रेस को ज्यादा भाव नहीं दिया। राष्ट्रीय जनता दल की हार के पीछे एक बड़ा कारण यह भी माना जा रहा है कि बिहार में फिर से यादव राज की संभावना से मतदाता नाराज हुआ, इसके जानने के बाद भी तेजस्वी ने सहयोगी दलों की आवाज को अनसुना करते हुए विधानसभा के चुनाव में राजद की ओर से 52 प्रत्याशियों को मैदान में उतार दिया। इससे अन्य मतदाता इनकी ओर उतना नहीं आ सका, जितनी उम्मीद की जा रही थी। इसको भाजपा के राजनीतिक हथियार के रूप में उपयोग किया, जो भाजपा के लिए लाभदायक साबित हुआ। बिहार के मतदाताओं ने प्रदेश की जो राजनीतिक तस्वीर बनाई है, वह चुनाव बाद किए गए सर्वेक्षण को सही साबित कर रहे हैं।

> *कांग्रेस का साथ इस बार भी राजद का कुछ भी भला नहीं कर सका, उलटे अपनी राजनीतिक जमीन को संकुचित कर बैठे।*

# बिहार का जनादेश लाया बदलाव का नया संदेश



**रणनीति**

प्रभुनाथ शुक्ल

वरिष्ठ पत्रकार

बिहार चुनाव की तस्वीर साफ हो चली है। एनडीए गठबंधन एक बार फिर बिहार में स्थिर सरकार देने को तैयार है। जबकि विपक्ष की चुनावी रणनीति पूरी तरह फिसल गई है। विपक्ष ने बिहार में जंगलराज की बात को भले प्रचारित किया, लेकिन जनता ने भाजपा और जनतादल (यू) नीतीश और मोदी की जोड़ी पर भरोसा जताया। बिहार के लोगों ने सुशासन बाबू को दिल से लिया।

एनडीए गठबंधन ने पिछले चुनाव का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जबकि प्रमुख विपक्षी दल आरजेडी और महागठबंधन पूरी तरह पराजित हुआ है। तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाली आरजेडी का प्रदर्शन पिछली बार से भी घटिया रहा है। विपक्ष जहां चुनावी माहौल सिर्फ हवा में बनाता रहा वहीं भाजपा जमीनी स्तर पर उतरकर वहां अपनी स्थिति मजबूत किया है। दूसरी तरफ एनडीए लगातार सत्ता में बनी रही जिसका उसे फायदा मिला है। कांग्रेस जैसे बड़े राष्ट्रीय दल से भी कई गुना अच्छा प्रदर्शन लोजपा चिराग पासवान की पार्टी ने किया है। बिहार का चुनाव राजनीति के लिए साफ संदेश है। बिहार का चुनाव परिणाम किसी राजनीतिक दल की हार और जीत का परिणाम नहीं, बल्कि जनता के जनादेश का परिणाम है। राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव को इस बात को समझना चाहिए कि सिर्फ हवा में आरोप लगाकर आप सत्ता नहीं हासिल कर सकते हैं। जनता विकास चाहती है, हवाई नारों पर वह विश्वास करने वाली नहीं है। बिहार की जनता ने कम से कम यह साफ संदेश दे दिया है। बिहार का जनादेश, बदलाव की दिशा में नया संदेश है। बिहार की जनता ने एनडीए के सुशासन पर अधिक भरोसा जताया है। बिहार में सच्चाई है कि वहां विकास हुआ है और लोगों को जंगलराज से राहत मिली। विपक्ष के लिए है चिंता और चिंतन का सवाल है। राहुल गांधी को अब जमीनी राजनीति करनी चाहिए। सिर्फ तालियां पिटवाने की राजनीति से उन्हें बाज आना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ उन्होंने जितना निजी हमला किया, उसका परिणाम सकारात्मक होने के बजाय नकारात्मक आया। कांग्रेस अपनी जड़ और जमीन दोनों को खो दिया है। कांग्रेस और उसका नेतृत्व कब समझेगा यह विचारणीय बिंदु है। सिर्फ जुमले और नारों से आप जमीन नहीं बदल सकते हैं। जनता जमीन पर बदलाव देखना चाहती है। लालू यादव के कुशासन और जंगल राज की तस्वीर आज उसके जेहन में चस्पा हैं, जिसकी वजह से तेजस्वी यादव को लोगों ने नकार दिया है। दूसरी वजह लालू यादव के पारिवारिक झगड़ों के साथ महागठबंधन में रणनीति की कमी और आंतरिक बिखराव इसका सबसे बड़ा कारण है। बिहार में नीतीश और मोदी की जोड़ी ने सिर्फ नारे नहीं लगाए, जमीन पर काम भी किया। इससे बिहार की जनता को सीधा फायदा मिला है, राजनीतिक दलों के लिए बिहार चुनाव बड़ा संदेश है। इन परिणामों ने यह साबित किया कि है यहां की राजनीति अब सिर्फ जात-पात और संप्रदाय तक सीमित नहीं रही, बल्कि विकास, पर आधारित है। महिला मतदाता ने निर्णायक भूमिका निभाई है। दो चरणों में मतदान हुआ जिसमें दूसरे चरण में 69 फीसदी तक मतदाताओं की हिस्सेदारी इस बात का संकेत है कि बिहार की जनता सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी देना चाहती है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछली बार की तुलना में समाज के उन वर्गों ने मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा बढ़ाया है जिनके मतों पर दल लंबे समय से निर्भर थे। इस बढ़ी भागीदारी का मतलब साफ है, नेताओं को अब जवाबदेही भी ढंग से दिखानी होगी। एनडीए ने न सिर्फ बहुमत पार किया, बल्कि बहुत मामलों में महागठबंधन को पीछे छोड़ा। इस बढ़त के पीछे कई कारक हैं। नीतीश कुमार की महिला मतदाता और अत्यंत पिछड़ा वर्ग फॉर्मूला माना जा रहा है जिनमें एनडीए ने अच्छी पकड़ बनाई है। मुस्लिम बहुल सीटों में एनडीए को पारंपरिक अनुमान से बेहतर नतीजे मिले, खासतौर पर जब बहुत लोग मान रहे थे कि यह हिस्से विरोधी गुट का सहज आधार होंगे। एनडीए ने जनता के बीच जाकर अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई जबकि विपक्ष के पास ऐसा कुछ नहीं था।



> **राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव को इस बात को समझना चाहिए कि सिर्फ हवा में आरोप लगाकर आप सत्ता नहीं हासिल कर सकते हैं।**

# चुनाव परिणामों में भावनाओं पर नीति की जीत



**जनादेश**

अजीत लाड़


स्वतंत्र पत्रकार

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का जनादेश भारतीय राजनीति की गहरी हलचलों को उजागर करता है। यह नतीजा मात्र सत्ता परिवर्तन का गणित नहीं; यह मतदाता की विकसित समझ, सामाजिक-आर्थिक आकांक्षाओं और राजनीतिक नेतृत्व के प्रति विश्वास का विस्तृत परीक्षण भी है। कांग्रेस, आरजेडी और अन्य विपक्षी दल जिस "एकता" को ऐतिहासिक पलटवार के रूप में प्रस्तुत कर रहे थे, वह मतदाता की कसौटी पर टिक ही नहीं पाया। यह पराजय किसी आकस्मिक घटना का परिणाम नहीं, बल्कि कई वर्षों से संचित संगठनात्मक कमियों, भूथर रणनीतियों और अधूरे नेतृत्व का प्रतिफल है। चुनावी अभियान की शुरुआत में महागठबंधन ने परिवर्तन की तेज़ हवा का दावा किया।

राजनीतिक नारों, आक्रामक विज्ञापनों और डिजिटल प्रचार की चमकदार प्रस्तुतियों से जनता का मन जीतने का प्रयास हुआ। फिर भी मतदाता की वास्तविक अपेक्षाएं सतही उत्तेजनाओं से आगे बढ़ चुकी थीं। बिहार का युवा अब अवसर चाहता है, महिलाएं आर्थिक स्वतंत्रता का मार्ग खोज रही हैं, और ग्रामीण मतदाता ऐसी सरकार को प्राथमिकता देता है जो रोज़मर्रा की समस्याओं को हल करने की क्षमता दिखा सके। महागठबंधन इन व्यापक अपेक्षाओं को समझ ही नहीं पाया। उसके दावों में भावनाएं तो प्रबल थीं, पर भविष्य के लिए ठोस संरचना का अभाव रहा। नेतृत्व भी बड़ी चुनौती बनकर सामने आया। तेजस्वी यादव को युवा राजनीति का प्रतीक बताने की कोशिश हुई, फिर भी बिहार जैसे जटिल राजनीतिक भूगोल वाले राज्य में अनुभव, प्रशासनिक दृष्टि और कठोर निर्णय क्षमता की आवश्यकता होती है। जनता वही नेतृत्व चुनती है जिसके पास दिशा हो, स्पष्टता हो और दीर्घकालिक सोचना आता हो। कांग्रेस की स्थिति इससे भी अधिक विस्मयकारी रही, न संगठन में सक्रियता, न स्थानीय स्तर पर उपस्थिति, न ही कोई ऐसा चेहरा जो मतदाता में भरोसा पैदा कर सके।

इस शून्य ने महागठबंधन को एकजुट मोर्चे के रूप में कम और विखंडित समूह के रूप में अधिक प्रस्तुत किया। भाजपा ने इस चुनाव में जिस सबसे महत्वपूर्ण तत्व पर ध्यान केंद्रित किया, वह था समावेशी विकास का भरोसा। "सबका साथ–सबका विकास" केवल नारा नहीं रहा; यह उन योजनाओं का आधार बना, जिन्होंने समाज के अलग-अलग वर्गों को प्रत्यक्ष लाभ दिया। विशेष रूप से महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास बिहार में परिवर्तन की धुरी बन गया। स्वयं सहायता समूह, ग्रामीण उद्यमिता, शिक्षा में सुधार, सुरक्षा की विश्वसनीयता और घर की चारदीवारी से बाहर आर्थिक सहभागिता, इन सभी ने महिलाओं को पहली बार यह अनुभव कराया कि राजनीति उनके जीवन को वास्तविक रूप से बदल सकती है। भाजपा ने इस परिवर्तन को समझकर अपनी रणनीति तय की।

महागठबंधन इस उभरती शक्ति को केवल भावनात्मकता के सहारे प्रभावित करने की कोशिश करता रहा, जबकि मतदाता ठोस परिणामों की तुलना करता चला गया। बिहार में लंबे समय तक जाति समीकरण चुनावी भविष्यवाणी का सरल सूत्र माने जाते थे। इस चुनाव ने उस पुराने ढांचे को पूरी तरह अप्रासंगिक साबित किया। मतदाता अब केवल पहचान के आधार पर मतदान नहीं करता; वह विकास के अवसरों, सरकारी सेवाओं की उपलब्धता और स्थिर प्रशासन को प्राथमिकता देता है। भाजपा की नीतियों और कार्यशैली ने यह विश्वास जगाया कि राज्य के विकास का पहिया तेज़ गति से घूम सकता है। सड़क, बिजली, गैस, सिंचाई, उद्यमिता और शिक्षा के क्षेत्र में जो विस्तार हुआ, उसने मतदाता के मन में यह धारणा स्थापित की कि विकास की निरंतरता उसी राजनीतिक इकाई से संभव है जिसने इन आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया। विपक्ष की सबसे बड़ी भूल यह रही कि उसने सोशल मीडिया की चमक को वास्तविक जनभावनाओं का प्रतिनिधि मान लिया। डिजिटल अभियानों में ऊर्जा भले ही दिखी, पर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में बूथ स्तर पर उनकी उपस्थिति कमजोर रही। चुनाव प्रचार में रीलें और ट्रेंड उत्साह पैदा करते हैं, परंतु मतदान का निर्णय तभी बनता है जब मतदाता को यह भरोसा हो कि उसका जीवन सुरक्षित, स्थिर और प्रगतिशील दिशा में आगे बढ़ रहा है। महागठबंधन इस भरोसे की नींव तैयार करने में असफल रहा। इस चुनाव के पीछे जो वास्तविक मनोदशा रही, वह एक वाक्य में स्पष्ट होती है। जनता विरोध नहीं, विकल्प चाहती है। ऐसा विकल्प जो केवल व्यवस्था की आलोचना न करे, बल्कि बेहतर व्यवस्था का भरोसेमंद मार्ग प्रस्तुत करे। एनडीए यह विश्वास दिलाने में सफल रहा कि शासन क्षमता, नीति की दृढ़ता और समाज के हर वर्ग से जुड़ने की शक्ति उसके पास है। विपक्ष केवल सरकार-विरोध का मंच बनकर रह गया, उसकी अपनी कोई ऐसी योजना सामने नहीं आई जो मतदाता को प्रेरित कर सके। बिहार का यह जनादेश पूरे देश के लिए एक संकेत देता है। मतदाता अब भावनात्मक राजनीति के युग से आगे निकल चुका है। राष्ट्र के विभिन्न हिस्सों में उभरती नई सामाजिक चेतना विकास, आत्मनिर्भरता और स्थिर शासन को प्राथमिकता देती है।



> **मतदाता अब भावनात्मक राजनीति के युग से आगे निकल चुका है। राष्ट्र के विभिन्न हिस्सों में उभरती नई सामाजिक चेतना विकास, आत्मनिर्भरता और स्थिर शासन को प्राथमिकता देती है।**

खेतों में जलने वाली पराली और फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं बन रहा प्रदूषण का कारण

# मंडीदीप की हवा में घुल रहा जहर, 15 दिन से लगातार खतरनाक स्थिति पर पहुंचा एक्यूआई, आमजन का जीवन हुआ दूभर, पीसीबी बनी मूकदर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर की हवा में पिछले बीते पन्द्रह दिनों से लगातार प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। स्थिति यह है की गुरुवार को शहर का एक्यूआई 353 के खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। यह प्रदेश में सबसे उच्च स्तर पर है, जो गंभीर श्रेणी में आता है। उसके बाद भी प्रदूषण विभाग और जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। इससे शहर की दो लाख जनसंख्या पर गंभीर बीमारियों का खतरा मंडराने लगा।


कंपनी की चिमनी से निकलता काला जहरीला धुआं।

बता दें कि दीपावली के पहले से शहर का एयर इंडेक्स कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। शुक्रवार को यह 340था, जबकी को स्थिति सुधरने की अपेक्षा और बिगड़ने लगी है, शनिवार को यह 370 तक पहुंच गई, जो बहुत खतरनाक माना जाता है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मंडीदीप के जिम्मेदार कार्यालय में बैठ प्रदूषण पर काबू पाने वालों के दावों की विभाग की वेब साइट पोल खोल रही है।


कंपनी की चिमनी से निकला काला जहरीला धुआं शहर में फैला।

### धुंध और धूल के कारण वाहन चालकों को रही परेशानी

शहर की धरा से लेकर आकाश तक पूरे वातावरण में धुंध दिखाई दे रहा है। धूल और धुंआ के कारण विजिबिलिटी कम होने से वाहन चालकों को हाइवे पर दुर्घटना का भय होने के कारण दिन में भी गाड़ियों की लाइट जलाकर चलना पड़ रहा है। हवा में मिले बारिक कण आंखों में जाने से जलन मच रही है। साथ ही सांस लेने पर धूल और धुंआ शरीर के अंदर जा रहा है जो खतरनाक बीमारियों को जन्म दे रहा है। इसके बादवजूद पीसीबी कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। वहीं नगर पालिका भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। माना जा रहा है कि समय रहते जिम्मेदार नहीं चेते तो स्थिति और भी अधिक बिगड़ सकती है।

### शहर बुरी तरह प्रदूषण की चपेट में

शहर बुरी तरह प्रदूषण की चपेट में है, हालत यह है कि सांस लेने में लोगों को काफी परेशानी हो रही है। प्रदूषण विभाग आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है।

**संजय शर्मा**, रहवासी

### जल्दी एनजीटी में प्रकरण पहुंचेगा

मंडीदीप के बढ़ते हुए पॉल्यूशन को देखते हुए बहुत जल्दी एनजीटी में प्रकरण पहुंचने वाला है।

**सुभाष सी पांडे**, पर्यावरण विद भोपाल

### नियमित पानी का छिड़काव कराएंगे

बढ़ते प्रदूषण को लेकर हम चिंतित है। शहर की धूल भरी सर्विस रोड पर नियमित पानी का छिड़काव कराया जाएगा, साथ ही कुछ चिमनियों से प्रदूषण फैल रहा है, वहां का निरीक्षण कर कार्रवाई करेंगे।

**पीएन कटारे**, क्षेत्राधिकारी, पीसीबी, मंडीदीप

## खबर संक्षेप



### लाइफ लाइन पब्लिक स्कूल में मनाया बाल दिवस

**संतनगर।** विजय श्री एज्यूकेशन सोसादटी द्वारा संचालित लाइफ लाइन पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। प्राचार्य किरण वाधवानी ने चाचा नेहरु के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। नन्हे बच्चों के बीच बाल सभा का आयोजन हुआ। गेम्स, वन मिनट शो, डांस, बालगीत, क्विज प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस आदि का आयोजन किया। बच्चों के लिए शिक्षकों ने गुब्बारों से क्लास रूम को गुब्बारों से सजाया और बच्चों को नाश्ता करवाया। अध्ययनरत सभी विदयार्थियों को उपहार भी भेट किए गए।

### फरार इनामी आरोपी नागपुर से गिरफ्तार

**भोपाल।** हबीबगंज थाने में दर्ज अपराध के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने नागपुर से महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी पर पांच हजार का इनाम घोषित किया गया था। उसके खिलाफ शाहपुरा थाने में दर्ज लूटपाट के मामले में भी स्थाई वारंट जारी थी। इसी थाना पुलिस ने बीती पंद्रह साल से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार फरियादी विलास गोडवे निवासी ईश्वर नगर ने आरोपी सूरज राजपूत उर्फ चुन्ना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह तीस जुलाई 2024 को दोपहर के समय अपनी बाइक में पेट्रोल डलवाने जा रहा था, तभी रास्ते में आरोपी सूरज ने अपने साथी के साथ मिलकर उसका रास्ता रोका और शराब के लिए पैसों की अड़ीबाजी की थी। फरियादी जब रिपोर्ट दर्ज कराने थाने जा रहा था, तभी आरोपी उसके घर पहुंचा और तोड़फोड़ करते हुए उसकी भाभी का मोबाइल तोड़ दिया था।

### दिल्ली ब्लास्ट केस को लेकर बुरहानपुर पहुंची एनआईए टीम

**भोपाल।** एनआईए की एक टीम शुक्रवार रात बुरहानपुर पहुंची और शनिवार सुबह रवाना हो गई। किसी की गिरफ्तारी की भी कोई सूचना नहीं है। चर्चा है कि यह टीम दिल्ली में हुए बम धमाके के मामले की जांच के सिलसिले में आई थी। हालांकि, स्थानीय पुलिस अधिकारियों से टीम ने कोई संपर्क नहीं किया, जिससे अधिकारी इस संबंध में कोई पुख्ता जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार यह मामला दिल्ली में लाल किले के सामने एक पार्किंग में चलती कार में हुए धमाके से जुड़ा है। इस घटना में 13 लोगों की मौत हो गई थी। जांच के दौरान इस मामले में अल फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े कुछ डॉक्टरों के नाम सामने आए थे।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 149 | 47 | 133 |
| रात: | 569 | 07 | 269 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 668 | 04 | 347 |
| रात: | 256 | 34 | 356 |

कमला नगर थाना पुलिस ने 24 घंटे के अंदर हत्याकांड का किया खुलासा

# भाभी से अनैतिक संबंध होने पर भाई करता था विरोध, कर दी हत्या, अरेस्ट

### देर रात नारियल काटने वाले बका से गहरी नींद में सो रहे भाई की कर दी हत्या

पुलिस ने मृतक के परिवार के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि मृतक और उसके भाई का अक्सर विवाद होता था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित पीसी नगर में युवक की हत्या करने वाले हत्यारे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि सगे भाई ने ही की थी। दरअसल, आरोपी के अपनी भाभी से अनैतिक संबंध थे। इसकी जानकारी बड़े भाई को दी। इसी बात को लेकर दोनों भाइयों में विवाद होता था।

पुलिस के अनुसार धर्मेंद्र सिंह चौहान (36) पीसी नगर, नया बसेरा, कोटरा सुल्तानाबाद में रहता था और होटल में वेटर का काम करता था। वह शादीशुदा है। उसके परिवार में पत्नी और चार बच्चें है। पत्नी डेढ़ साल से तीन बच्चियों को लेकर मायके में रह रही है। धर्मेंद्र यहां अपने आठ साल के बच्चे, माता पिता और छोटे भाई मनोज ऊर्फ राजू के परिवार के साथ रह रहा था। धर्मेंद्र का कमरा अलग था। गुरुवार रात करीब 8 बजे धर्मेंद्र शराब के नशे में घर पहुंचा और अपने कमरे में सो गया। शुक्रवार सुबह 9 बजे मां उसके कमरे में पहुंची तो उसका शव बेड पर खून से लतपथ पड़ा मिला। थाना प्रभारी निरूपा पांडे ने बताया कि मृतक का कमरा और परिवार का कमरा लगा हुआ है। पुलिस को परिवार के ही सदस्य पर था।

### घर जाने का एक ही रास्ता, सीसीटीवी कैमरे में भी कोई नहीं दिखा


मनोज चौहान, आरोपी

घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पता चला कि घर में जाने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। केवल एक ही रास्ता अंदर जाने के लिए है। दोनों कमरे भी आसपास है। पुलिस को संदेह था कि हत्या घर के ही किसी सदस्य ने की है। पुलिस को मृतक के घर से कुछ दूरी पर एक सीसीटीवी कैमरा नजर आया। पुलिस ने कैमरे के फुटेज चेक किए। फुटेज में पता चला कि घटना के समय घर में बाहर का कोई व्यक्ति नहीं पहुंचा है। पुलिस ने मृतक के परिवार के बारे में जानकारी जुटाई। पता चला कि मृतक और उसके भाई मनोज उर्फ राजा चौहान का अक्सर विवाद होता था। विवाद की वजह मृतक की पत्नी से राजा के अनैतिक संबंध की बात सामने आई। पुलिस ने आरोपी से सख्ती से पूछताछ की तो उसने हत्या करने की बात स्वीकार ली। उसने बताया कि देर रात उसने नारियल काटने वाले बका से गहरी नींद में सो रहे भाई की हत्या की थी।

### मां से कहासुनी के बाद युवक ने फांसी लगाकर दी जान

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित 16 एकड़ बस्ती में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि गुरुवार शाम उसकी मां से कहासुनी हुई थी। शुक्रवार को मां काम पर गई और शाम को घर लौटी तो बेटा फांसी के फंदे पर लटके मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार छोटू उर्फ चेतन्य (30) सोलह एकड़ बस्ती, बागमुगलिया में रहता था और प्राइवेट काम करता था। उसकी मां घरों में काम करने जाती है। शुक्रवार सुबह मां काम पर गई थी। शाम करीब 7 बजे के आसपास वह घर लौटी तो छोटू की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली। मां की चीख पुकार सुनकर पड़ोसी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया था। छोटू की मां ने पुलिस को बताया कि छोटू नशे का आदी था। गुरुवार शाम वह नशे में आया था। इसी बात को लेकर उसे फटकार लगाई थी। फटकार के बाद कहासुनी बढ़ गई। शुक्रवार शाम छोटू ने फांसी लगा ली।

शराब की तस्करी में इस्तेमाल कार बरामद

## ढाबा संचालक से 40 हजार रुपए की अवैध अंग्रेजी-देशी शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजूरी सड़क पुलिस ने लखापुर स्थित रौनक ढाबा पर दबिश देकर चालीस हजार रुपए की अवैध देशी और अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि ढाबा संचालक बिना लाइसेंस के अवैध शराब परोस रहा था। पुलिस ने शराब के परिवहन में इस्तेमाल ऑल्टो कार भी जब्त की है। आरोपी ढाबा संचालक के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

थाना प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक दिव्या झारिया ने बताया कि होटल, ढाबा, लॉज में चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान टीम लखापुर स्थित रौनक ढाबा पहुंची। वहां लक्ष्मण सिंह मेवाड़ा पिता रमेश चन्द्र मेवाड़ा (42) निवासी ईंटखेड़ी छाप से पूछताछ की। उसने खुद को ढाबा का संचालक बताया। पुलिस ने ढाबा चेक किया तो ढाबे में एक पेटी बियर मिली। साथ ही एक प्लास्टिक की सफेद बोरी, जिसमें अंग्रेजी शराब की बोतल और देशी शराब के 94 क्वार्टर मिले। ढाबे पर खड़ी एक ऑल्टो कार चेक करने पर उसमें बियर की केन और एक बोरी में अंग्रेजी शराब के क्वार्टर रखे मिले। शराब का लायसेंस मांगा गया तो वह लाइसेंस नहीं दिखा सका।


लखापुर स्थित रौनक ढाबा से जब्त अवैध शराब।

पति से अलग रह रही महिला को शादी का दिया था प्रलोभन

## लिव इन रिलेशन में रहने के बाद कहीं और की शादी, प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद पुलिस ने दो बच्चों की मां की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म और दैहिक शोषण का मामला दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि शादी का प्रलोभन और बच्चियों की देखरेख का वादा कर करीब छह साल से आरोपी उसके साथ रह रहा था। उसने डेढ़ साल पहले शादी कर ली और यह बात छिपाकर रखी। जब शादी की बात महिला को पता चली तो उसने पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



पुलिस के अनुसार 39 साल की महिला इलाके में रहती है। वह निजी स्कूल में टीचर है। उसने बताया कि गत 2015-16 में उसका पति से विवाद हुआ था। विवाद के बाद पति उसे और दो बच्चियों को छोड़कर बाहर काम करने चला गया। इसी बीच पड़ोस में रहने वाले सचिन कहार से उसकी दोस्ती हो गई। सचिन कहार ने उसे बच्चियों की देखरेख और शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने शुरू कर दिए। इतना ही नहीं नया बसेरा इलाके में किराए का मकान लेकर उसके साथ लिव इन रिलेशन में रहने लगा था। गत दिनों महिला को पता चला कि करीब डेढ़ साल पहले सचिन कहार ने किसी और युवती से शादी कर ली है।


एनडीए की जीत पर भाजपा कार्यकर्ता जश्न मनाते हुए।

## बिहार चुनाव में एनडीए की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

### ढोल, नगाढ़ों के साथ जमकर की आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

भाजपा संत नगर मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी के नेतृत्व में बिहार चुनाव में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलने के उपलक्ष में ढोल नगाड़े, आतिशबाजी एवं मिठाई वितरण कर जीत का जश्न मनाया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राम बंसल जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत, राजेश हिंगोरानी, माखन सिंह राजपूत, चंदू भैया, बसंत चेलानी, सूरज यादव, शेट्टी चंदनानी, महेश खटवानी, कमल विधानी, परसराम गिदवानी, रामू केवट, प्रदीप मेवाड़ा, नीलेश हिंगोरानी, विशाल साधवानी, कैलाश दादलानी, सोनू रायचंदानी महिला मोर्चा अध्यक्ष भारती मूलचंदानी, सीमा लालवानी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कटनी जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र के सुनहरा ग्राम का मामला

## खेत में सो रहे पति-पत्नी की बेरहमी से हत्या, गांव में फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के कटनी जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुनहरा ग्राम में शनिवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। खेत की रखवाली कर रहे दंपति की बेरहमी से हत्या कर दी गई। गांव के ग्रामीणों ने सुबह जब खेत के किनारे से गुजरते हुए हालात देखे तो उनके होश उड़ गए। खेत पर बने मकान में दोनों पति-पत्नी खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़े थे, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू की।

मृतकों की पहचान लल्लू राम कुशवाहा (40 वर्ष) व उनकी पत्नी प्रभा कुशवाहा (35 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों अपने 13 वर्षीय पुत्री रश्मि के साथ लंबे समय से सुनहरा ग्राम में संत कुमार श्रीवास के खेत की रखवाली का कार्य कर रहे थे। लल्लू राम मूलतः बिजौरी गांव के रहने वाले बताए जाते हैं। वारदात के समय बालिका सो रही थी। फिलहाल पुलिस उससे बात कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई

### हत्या के कारणों का नहीं चला पता

डबल मर्डर की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू की। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है, लेकिन प्रारंभिक अनुमान के अनुसार वारदात रात के समय की लग रही है। पुलिस की टीम सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ के साथ ही सबूत जुटा रही है। इस निर्मम हत्या से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई है, वहीं ग्रामीणों ने अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले का खुलासा जल्द किया जाएगा।

## बीमारी से निजात पाना है तो प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाना होगा: डॉ. राय

### रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

आरोग्य केन्द्र द्वारा आयोजित 'रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर में विभिन्न स्थानों से कई साधक अपक्वाहार एवं प्राकृतिक उपचार के साथ-साथ योग, आयुर्वेदिक उपचार, फिजियोथैरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा, पोटली मसाज आदि से भी लाभान्वित होने की उम्मीद से आए हैं। शिविरार्थियों को प्राकृतिक उपचार, योग, उपवास एवं अपक्व आहार, रसाहार, फलाहार के माध्यम से स्वस्थ रहने की कला सिखाई जाएगी।

मेडीकल डायरेक्टर डॉ. गुलाब राय टेवानी ने बताया कि अपनी दिनचर्या में परिवर्तन करेंगे तो ही आप स्वास्थ्य लाभ पा सकेंगे, साथ ही यह बताया गया कि अपक्व आहार लेंगे तो दवाइया भी कम होगी। अगर बीमारी से पूर्णतः निजात पाना है, तो प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाना होगा। अगर आप स्वंय को बीमार महसूस करेंगे, तो बीमार रहेंगे। इसलिए मन से यह सोचना है कि हम पूर्णतः स्वस्थ हो जाएंगे, क्योंकि मन के हारे हार है मन के जीते जीत।


रोग निवाराण शिविर में स्वाथ्य लाभ लेते लोग।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती ब्लॉक स्तर पर धूमधाम से मनाई

## विकासखंड में जल-जंगल, जमीन बचाने बोरी बंधान के माध्यम से संरक्षण का अभियान किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती ब्लॉक स्तर पर पांच सेक्टर मंडीदीप, औबेदुल्लागंज, चिकलोद, सुलतानपुर एवं गौहरगंज सेक्टर में नवांकुर संस्थाओं के बैनर तले मनाई गई। ग्राम बैरसिया में इकलवाड़ा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, औबेदुल्लागंज में आंबेडकर बुद्धिस्ट चेरिटेबल सोसाइटी, सुलतानपुर में सुरभि शिक्षा सेवा समिति, बिजोर में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति साजड़ी एवं गौहरगंज सेक्टर में पिपलिया गोली ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के नेतृत्व में कार्यक्रम किया गया।

ब्लाक समन्वयक निशा बहेकार ने बैरसिया में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर विकाखंड में जल-जंगल जमीन बचाने की पहल की जा रही है। आज से ग्रामों में बोरी बंधान के माध्यम से जल बचाने का अभियान का भी शुभारंभ किया गया है, साथ ही आदिवासी समाज को सनातन संस्कृति में बने रहने के प्रयास भी किए जाएंगे।


चिकलोद विजोर जनपद भवन में भगवान बिरसा मुंडा जयंती मनाते ग्राम वासी।

कार्यक्रम में नव अंकुर संस्थान के अध्यक्ष, वीर सिंह चौहान, बाबूलाल राजपूत चिकलौद ग्राम पंचायत, दिनेश कुमार पोर्ते ग्राम पंचायत सरपंच बीलाखेड़ी, भाजपा नेता सुरजीत सिंह, निशा बहेकर चौहान, विनोद इरपाचे, सरदार सिंह बरकरे, राधाबाई कुशवाह, बारेलाल नायक सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्कूल में हुआ आयोजन

## जनजातीय गौरव दिवस: भगवान बिरसा मुंडा के संघर्षपूर्ण जीवन पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग ब्लाक समन्वय निशा पटेल के मार्गदर्शन में सेक्टर 1 मंडीदीप की नव अंकुर संस्था, नगर विकास प्रस्फुटन समिति मंडीदीप एवं वार्ड नं 18 राहुल नगर प्रस्फुटन समिति द्वारा महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन राहुल नगर वार्ड क्रमांक 18 स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्कूल में किया गया।

कार्यक्रम में नव अंकुर संस्था सेक्टर 1 मंडीदीप के अध्यक्ष वीर सिंह चौहान, व वार्ड 18 राहुल नगर प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र गोस्वामी ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती शनिवार को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। राहुल नागर ने नगर विकास समिति द्वारा यह आयोजन किया। जहां जनजातीय समाज के गौरव और बिरसा मुंडा के संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला गया। जन अभियान परिषद के अमित जैन ने कहा की बिरसा मुंडा ने उलगुलान आंदोलन के माध्यम से ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष किया। बिरसा मुंडा देश के उन विरल स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे, जिन्होंने जनजातीय समुदाय को संगठित कर अंग्रेजी शासन के खिलाफ आंदोलन खड़ा किया।

# कथकली, थेय्याम और फ्यूजन संगीत ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

## केरला फेस्ट 2025 में नजर आया सांस्कृतिक विविधता का भव्य उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बिट्टन मार्केट दशहरा मैदान में जारी केरला फेस्ट 2025 के तीसरे दिन शहरवासियों की भीड़ ने रंग-बिरंगे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर आनंद लिया। तीसरे दिन में संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक कथावाचन का समृद्ध मिश्रण देखने को मिला, जिसमें केरल और मध्य प्रदेश की कला और संस्कृति की विविधता के साथ-साथ भारत की सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत प्रदर्शन हुआ। केरल फेस्ट में हजारों लोग केरल की कला, संगीत, नृत्य और व्यंजनों का आनंद लेते हुए नजर आए, जिसमें दर्शकों ने कथकली और थेय्याम से लेकर लोक नृत्य और फ्यूजन संगीत तक का आनंद उठाया। जहां एक ओर मंच पर कलाकार अपनी प्रस्तुति देते दिखे तो वहीं दूसरी ओर दर्शक दीर्घा में बैठे कला प्रेमियों में जमकर उत्साह नजर आया।


केरला फेस्ट 2025 में सांस्कृतिक नृत्य करते हुए कलाकार।


केरला फेस्ट 2025 में लोक नृत्य नृत्य करते हुए कलाकार।

### मधुर संगीत के रूप में रहा फ्यूजन म्यूजिक कॉन्सर्ट

शाम की शुरुआत सुमधुर गीतों से हुई, जिसने माहौल को मधुर और स्वागतयोग्य बना दिया। भोपाल की अनुभूति ट्रूप ने हिंदी और मलयालम गीतों का जीवंत संगम प्रस्तुत किया। शास्त्रीय धुनों, लोकप्रिय फिल्मी गीतों और समकालीन तालमेल के साथ, यह प्रस्तुति उत्तर और दक्षिण भारतीय संगीत परंपराओं का अनूठा मेल पेश कर रही थी और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं शाम का समापन फ्यूजन म्यूजिक कॉन्सर्ट से हुआ। केरल के प्रतिष्ठित कलाकारों ने 70% हिंदी और 30% मलयालम लोकगीतों के संगम के साथ शास्त्रीय राग, लोकधुन और आधुनिक ताल का अनूठा मिश्रण पेश करते हुए सुहानी शाम को ओर भी गुलाबी ठंडक में घोल दिया।

दर्शकों, विद्यार्थियों और कला प्रेमियों ने की सहभागिता

# प्रयास आर्ट गैलरी में विनय सप्रे ने बनाया लाइव पोर्ट्रेट, लोगों ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कला-संस्कृति को नई उड़ान देते हुए प्रयास आर्ट गैलरी में भोपाल के जाने-माने कलाकार विनय सप्रे ने एक शानदार लाइव पोर्ट्रेट डेमो का आयोजन किया गया। कलाकार ने मॉडल को सामने बैठाकर लाइव पोर्ट्रेट बनाया, जिसे दर्शकों, विद्यार्थियों और कला प्रेमियों ने बड़े ध्यान से देखा। कार्यक्रम का प्रयास आर्ट गैलरी के संस्थापक महेश शावरीकर एवं माधवी शावरीकर के सहयोग से आयोजित किया गया। जिनके प्रयास से सफल हो पाया। कार्यक्रम में मौजूद छात्रों और कला-प्रेमियों ने विनय सप्रे की कला शैली, कार्यप्रणाली और अनुभवों से बहुत कुछ सीखा।


प्रयास आर्ट गैलरी में लाइव पोर्ट्रेट डेमो के साथ कलाकार विनय सप्रे और अन्य।

### प्रयास आर्ट गैलरी का उद्देश्य छात्रों को कलात्मक बनाना है

प्रयास आर्ट गैलरी का उद्देश्य चित्रकला, मूर्तिकला, फोटोग्राफी, हस्तकला अन्य कलाओं के लिए खुला और सुलभ मंच प्रदान करना है, जहां कोई भी कलाकार अपनी कृतियों का प्रदर्शन कर सके। यहां नियमित रूप से वर्कशॉप आयोजित किए जाते हैं, ताकि बच्चों, महिलाओं और युवाओं को सीखने का अवसर मिल सके।

# सैकड़ों महिलाओं ने भाग लेकर परिधानिका समारोह को दिया जीवंत स्वरूप



स्वदेशी मेले में पुरस्कृत प्रतिभागियों के साथ स्वदेशी जागरण मंच की प्रांत प्रमुख एवं मेला सह संयोजक सीमा भारद्वाज एवं अल्पा रावल, डॉ. प्रवीना अग्रवाल, अल्का देशमुख सहित अतिथि।


प्रथम स्थान ओजस्विनी


द्वितीय स्थान गगनदीप


तृतीय स्थान नमिता

# स्वदेशी मेले में दिखी भारतीय संस्कृति परंपरा और स्वदेशी गर्व की झलक...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

किसी ने झांसी की रानी के रूप में अपनी प्रस्तुति दर्ज कराई तो किसी ने अहिल्या बाई होल्कर और जीजा बाई... वहीं रानी पद्मावति और रानी दुर्गा बाई के रूप में भी सजी धजी बालिकाओं और महिलाओं ने जब जय स्वदेशी के जय घोष के साथ परिधानिका प्रतियोगिता में भाग लिया तो दर्शक दीर्घा तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठी। यह नजारा देखने को मिला शनिवार की शाम स्वदेशी मेले के अंतर्गत जारी परिधानिका प्रतियोगिता में, जिसमें शहर की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लेकर देश की मातृशक्तियों के योगदान को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। भारतीय संस्कृति, परंपरा और स्वदेशी गर्व का मनमोहक उत्सव परिधानिका में कार्यक्रम की संयोजक प्रिया ने किया।


स्वदेशी मेले में नृत्य की प्रस्तुति देती नन्ही कलाकार

### इनकी रही उपस्थिति

वहीं सम्मानित अतिथियों में अल्पा रावल, डॉ. प्रवीना अग्रवाल, अल्का देशमुख, मोहीब उन्नीस, डॉ. विशाखा श्रीवास्तव, समाज सेवी भारती शर्मा (हरदा) पार्षद। कार्यक्रम का बखूबी संचालन स्वदेशी जागरण मंच की प्रांत प्रमुख एवं मेला संयोजक सीमा भारद्वाज ने किया। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने और भारतीय सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की अपील की।


स्वदेशी मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते कलाकार।



स्वदेशी मेले में आयोजित परिधानिका प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों के साथ स्वदेशी जागरण मंच की प्रांत प्रमुख एवं मेला संयोजक सीमा भारद्वाज ।

# 2012 के इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन में भाग लिया, पॉलिटिक्स में आने की मेरी नहीं थी मंशा

## भोपाल आईं प्रसिद्ध गायिका शिबानी कश्यप से हरिभूमि की खास बातचीत

हरिभूमि चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

2012 में अन्ना हजारे के नेतृत्व वाले इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन में भाग लिया था, जिसका मुख्य उद्देश्य एक सशक्त जन-लोकपाल विधेयक पारित कराना था। इस आंदोलन में विभिन्न समाजसेवी, जैसे कि किरण बेदी और अरविंद केजरीवाल भी शामिल थे और मैंने भी इसमें भाग लिया और अन्ना हजारे के ऊपर गाना भी गाया, लेकिन उस वक्त मेरा पॉलिटिक्स में आने की कोई मंशा नहीं थी। भले ही इस मुहिम से एक नई पार्टी बनी, कई राजनीतिक चेहरे उभरकर आए, लेकिन मैंने राजनीति से खुद को दूर रखा। यह कहना है हो गई है मोहब्बत तुमसे.. गीत को अपनी आवाज देने वाली दमदार आवाज, अनोखी संगीत शैली और इंडी-पॉप की पहचान बन चुकी प्रसिद्ध सिंगर शिबानी कश्यप का, जो भोपाल में एक निजी कार्यक्रम में आईं और हरिभूमि से बातचीत में अपने जीवन से जुड़े अनेकों अनुभवों को साझा किया।



### लोगों को लगा कि मैंने भाजपा ज्वॉइन कर ली...

शिबानी ने कहा कि इसके कुछ सालों बाद 2014-15 में भाजपा ने अपने एक मूवमेंट के लिए मेरा नाम भी सिलेक्ट किया, तो लोगों को लगा कि मैंने भाजपा ज्वॉइन कर ली, लेकिन ऐसा नहीं था मैंने सिर्फ भाजपा द्वारा देशहित में जारी मुहिम में योगदान दिया था, क्योंकि हमें लगता है कि हमें गाने के अलावा समाज से जुड़े कुछ ओर कार्य भी करना चाहिए।

### सजना आ भी जा... गीत के बाद पॉकिस्तानी सीरियल में गाए गीत

अपने गीत सजना आ भी जा... से कई दिलों में खास जगह बनाने वाली शिबानी ने कहा कि इस गीत के कारण उर्दू भाषियों को मेरी आवाज में कुछ खास नजर आया। इसलिए इस गीत के बाद पॉकिस्तान के कई सीरियल में भी मैंने गाने गाए। खासकर उर्दू भाषा में, जिसे मेरे फैंस ने काफी पसंद किया।

### रणवीर द मार्शल फिल्म में किया काम, छह माह तक मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग ली

शिबानी ने कहा कि संगीत मेरे लिए हमेशा से एक आत्मिक जुड़ाव रहा है। बचपन से ही गुनगुनाना मेरी आदत थी। धीरे-धीरे यह आदत मेरी पहचान बन गई और मैंने ठान लिया कि संगीत ही मेरा जीवन बनेगा, लेकिन मैंने 2015 में रणवीर द मार्शल स्टंट फिल्म में भी काम किया, जिसके लिए मैंने छ माह तक मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग भी ली, जिसे करके मुझे काफी अच्छा लगा।



आकाशवाणी संगीत सम्मेलन में प्रस्तुति देते कलाकार।

# संगीत की सुरमई शाम ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**समन्वय भवन में 67वां आकाशवाणी संगीत सम्मेलन**

आकाशवाणी द्वारा आयोजित 67 वा आकाशवाणी संगीत सम्मेलन का आयोजन समन्वय भवन में किया गया। 67 वें आकाशवाणी संगीत सम्मेलन का शुभारंभ संतोष नाहर के सधे हुए वायलिन वादन से हुआ। डॉक्टर नाहर ने राग बिहाग में आलाप जोड़ के बाद मध्य लय गत रूपक ताल और द्रुत लय तीन ताल में प्रस्तुत की। नाहर ने क्रमानुसार राग की बढ़त मधुरता के साथ, राग स्वर विस्तार अलंकारिक ताने, गमक की प्रस्तुति दी।

### मधुर एवं भावपूर्ण आवाज में दी गजलों की प्रस्तुति

तत्पश्चात मंच पर आईं सुप्रसिद्ध गायिका डॉ. दीपाली वात्तल ने अपनी मधुर एवं भावपूर्ण आवाज में श्रोताओं को गज़लों की दुनिया में ले गई। डॉ. दीपाली ने शायर मोमिन खा मोमिन मोमेंट की गज़ल, वह जो हममें तुममें करार था, तुम्हें याद हो कि ना याद हो, से अपनी प्रस्तुति का आगाज किया जिसे श्रोताओं ने तालिया से नवाजा।

# 5 से 75 साल के कलाकारों ने दी गीतों की प्रस्तुति

## स्वरांजली कल्चरल सोशल वेलफेयर सोसाइटी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वरांजली कल्चरल सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शनिवार की शाम संगीतमय कार्यक्रम 'एक प्यार का नगमा हैं' का आयोजन किया गया। इसमें जब पांच साल से लेकर 75 साल तक के कलाकारों ने पुराने फिल्मी गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी, तो माहौल संगीतमय हो उठा। कार्यक्रम में सबसे खास दिव्यांग कलाकारों की अनोखी प्रस्तुति रही जिनकी मधुर आवाज ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।


'एक प्यार का नगमा हैं' कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते हुए नन्हे कलाकार।

### 105 कलाकार हुए शामिल

इस कार्यक्रम में 5 वर्ष से 75 वर्ष तक के सभी आयु वर्ग कुल 105 कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी। कलाकारों द्वारा बांसुरी, सिंथेसाईजर, ऑक्टोपॅड आदि पर अनोखे अंदाज में गीतों की प्रस्तुति दी गई। इन कलाकारों में 5 दिव्यांग कलाकार भी शामिल रहे। कार्यक्रम में 5 वर्ष से 13 वर्ष तक के कुल 90 बाल कलाकारों द्वारा 4 समूह गान की प्रस्तुत दी गई।

# भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर वीर गाथा कलाकार शिविर का आयोजन


मानव संग्रहालय में चित्र उकेरते चित्रकार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मानव संग्रहालय में शनिवार को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर वीर गाथा कलाकार शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें शामिल चित्रकारों ने भारत के वीर स्वतंत्रता सेनानियों की गाथाओं को अपनी कूची से जीवंत रूप प्रदान किया। जिन जनजातीय नायकों के चित्र बनाए गए।

रंगश्री लिटिल बैले में जारी आदर्श नाट्य समारोह में नाटक 'हयवदन' का मंचन

# नाटक में चार अभिनेताओं के माध्यम से किया अनेक पात्रों का रूपांतरण...

## मंच सज्जा, मुखौटों का प्रयोग और रंग-पट्टी की सौंदर्य योजना रही खास



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रंग श्री लिटिल बैले में जारी चौथे आदर्श नाट्य समारोह में शनिवार की शाम नाटक 'हयवदन' का मंचन किया गया। रंगाभरण थिएटर की इस प्रस्तुति में संगीत, प्रतीकात्मकता और उत्कृष्ट अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और इस प्रस्तुति ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। इस नाटक ने गिरीश कर्नाड के दार्शनिक और बहुस्तरीय कथानक को नए दृश्य-रूप में जीवंत किया।


रंग श्री लिटिल बैले में नाटक का मंचन करते हुए कलाकार।

इस नाट्य प्रस्तुति में दो कथाओं हयवदन की पूर्णता की तलाश और देवदत्त-कपिल-पद्मिनी के जटिल संबंध के माध्यम से नाटक ने मानव की पहचान और अपूर्णता के प्रश्नों को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से सामने रखा। निर्देशक अक्षय सिंह ठाकुर ने चार अभिनेताओं के माध्यम से अनेक पात्रों का रूपांतरण कर नाटक को रोमांच से परिपूर्ण कर दिया। वहीं दूसरी ओर नाटक में यक्षगान शैली, कर्नाटक संगीत और लयात्मक गतियों की प्रस्तुति के संयोजन ने नाटक के दृश्य संसार को अत्यंत काव्यात्मक बना दिया। वहीं दूसरी ओर मंच सज्जा, मुखौटों का प्रयोग और रंग-पट्टी की सौंदर्य-योजना ने कहानी की प्रतीकात्मकता को और सशक्त किया।

# एमजी ज्वेलर्स में फैशन शो का आयोजन गृहिणियों ने रैंप वॉक से जीता दिल

**भोपाल।** एमजी ज्वेलर्स में हाल ही में फैशन शो का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम का संचालन वूमेन्स क्लब की अध्यक्ष खुशबू सोनी ने किया।

रित्व वेलफेयर फाउंडेशन एवं एमजी ज्वेलर्स (उज्जैन वाले) द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र गृहणियों द्वारा की गई रैंपवॉक थी, जिसमें उनके भीतर छिपे आत्मविश्वास, गरिमा और उत्साह ने दर्शकों का मन मोह लिया। एमजी ज्वेलर्स में कदम रखते ही सभी प्रतिभागियों ने अपनी खुशी जाहिर की।


एमजी ज्वेलर्स में आयोजित फैशन शो में विजेता को पुरस्कृत करते अतिथि।

बिहार का चुनाव परिणाम कई मायनों में रहा खास

# यहां कोई 27 तो कोई 30 वोट से जीता.... कलाधर ने बना दिया रिकॉर्ड

## जेडीयू के प्रत्याशी रामचरण सबसे कम अंतर से जीते


रामचरण साह जदयू


सतीश सिंह बसपा


महेश पासवान भाजपा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की सभी 243 सीटों के परिणाम जारी हो चुके हैं। चुनाव में जहां एक तरफ कुछ उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन्होंने रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज करते हुए इतिहास रचा है तो वहीं कुछ प्रत्याशी ऐसे भी हैं, जो सबसे कम मार्जिन से चुनाव जीते हैं। इस सूची में सबसे पहला नाम जेडीयू के प्रत्याशी रामचरण साह का है, जिन्होंने संदेश सीट पर सिर्फ 27 वोटों के बेहद कम अंतर से चुनाव जीता है। उन्होंने आरजेडी के दीपू सिंह को हराया है। इस चुनाव में 31 उम्मीदवार 5000 के कम वोटों के अंतर से जीते हैं। इस बार 15 प्रत्याशी ऐसे हैं जो 50 हजार से अधिक मतों के अंतर से जीते है।

### सतीश ने दूसरी बड़ी जीत हासिल की

रामगढ़ सीट से बसपा प्रत्याशी सतीश कुमार ने 30 वोटों से जीत हासिल की है। उन्होंने भाजपा के अशोक कुमार सिंह को हराया

अगिआंव सीट से भाजपा उम्मीदवार महेश पासवान मात्र 95 वोट के मार्जिन से जीते हैं। उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के प्रत्याशी शिव प्रकाश रंजन को हराया है। नबीनपुर सीट से जदयू प्रत्याशी चेतन आनंद ने 112 वोटों से जीत दर्ज की है। उन्होंने राजद के अमोद कुमार सिंह को हराया है। ढाका सीट से आरजेडी प्रत्याशी फैसल रहमान 178 वोट से जीते। उन्होंने भाजपा पवन कुमार जैसवाल को हराया है। फारबिसगंज सीट से कांग्रेस प्रत्याशी मनोज विश्वास 221 वोट से जीते हैं।उन्होंने भाजपा के विद्या सागर केशरी को हराया है। बलरामपुर सीट से एलजेपी (आर) उम्मीदवार संगीता देवी 389 वोट के अंतर से जीती हैं। उन्होंने एआईएमआईएम प्रत्याशी मोहम्मद आदिल हुसैन को हराया है। चनपटिया सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अभिषेक रंजन 602 वोट से जीते। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी उमाकांत सिंह को हराया है। जहानाबाद से आरजेडी के राहुल कुमार ने 793 वोटों से जीत हासिल की है। जेडीयू के चंदेश्वर प्रसाद को हराया। बोधगया सीट से आरजेडी प्रत्याशी कुमार सर्वजीत 881 वोट से जीते। उन्होंने एलजेपी (आर) प्रत्याशी श्यामदेव पासवान को हराया। बख्तियारपुर सीट से एलजेपी (आर) के प्रत्याशी अरुण कुमार 981 वोट से जीते। उन्होंने आरजेडी के प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार को हराया है।

**नीतीश सरकार के 29 मंत्रियों में से 28 जीते**

नीतीश कुमार सरकार के 2020 के मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। 29 मंत्रियों में से 28 ने जीत हासिल की है। चकाई से सुमित सिंह को शिकस्त मिली है।

**जदयू के कलाधर मंडल ने रचा इतिहास**

### सबसे बड़े अंतर से जीत प्राप्त की

चुनाव में एनडीए की आंधी के आगे महागठबंधन फिसड्डी साबित हुआ है। कई उम्मीदवारों



ने 50,000 वोटों के भारी अंतर से जीत दर्ज की है। जदयू उम्मीदवार कलाधर प्रसाद मंडल ने सबसे बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। मंडल ने रूपौली में 73,572 वोटों के विशाल अंतर से राजद प्रत्याशी बीमा भारती को हराया है।

**जनसुराज का बड़ा आरोप**

### एनडीए सरकार ने 40 हजार करोड़ खर्च कर जनता के ही वोट खरीदे

जन सुराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह और प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने बेली रोड स्थित शेखपुरा हाउस में प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने चुनाव के नतीजों पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उदय सबसे पहले




बिहार विधानसभा चुनाव में जीत पर एनडीए को बधाई दी और नई सरकार के बनने के लिए शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में बनने वाली नई सरकार से हमारी मांग है कि अब साफ-सुथरी सरकार बने और दागी मंत्रियों को जगह न मिले। बिहार सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि एनडीए को मिला प्रचंड बहुमत खरीदा गया है। देश में पहले भी ऐसी कोशिशे होती रही हैं। लेकिन यह पहली बार है कि राज्य सरकार ने करीब 40 हजार करोड़ रुपए खर्च कर यह बहुमत प्राप्त किया है। जनता के पैसे से जनता का वोट खरीदा गया है। अब बिहार सरकार के पास शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य जैसी जरूरी चीजों पर खर्च करने लायक रुपए नहीं बचे हैं।

**खबर संक्षेप**

### कर्नाटक के कांग्रेस विधायक पर चार्जशीट


**बेंगलुरु।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कर्नाटक के कांग्रेस विधायक सतीश कृष्ण सेल के



खिलाफ विशेष अदालत में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में अभियोजन शिकायत दायर की। सतीश मल्लिकार्जुन शिपिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं। ईडी ने पीएमएलए के तहत इस कंपनी के खिलाफ भी अभियोजन शिकायत दायर की है।

### झारखंड के स्थापना पर शाह ने शुभकामनाएं दीं


**नई दिल्ली।** हर साल 15 नवंबर को झारखंड का स्थापना दिवस मनाया जाता है। 2000 में बिहार से



अलग होकर झारखंड अलग राज्य बना। यह प्रदेश शनिवार को अपना 25वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने शुभकामनाएं दी हैं। मंत्री शाह ने जनजातीय विरासत की पावन भूमि बताया है।

### सोनभद्र में ब्लास्टिंग से दरका पहाड़,1 की मौत

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में एक बड़ा हादसा हो गया। हादसा मुख्यमंत्री योगी के सभा स्थल से



केवल पांच किलोमीटर की दूरी पर बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में हु, जहां कृष्णा माइनिंग वर्क्स के बिल्ली मारकुंडी खदान में अचानक पहाड़ दरक गया और मलबे में कई मजदूर दब गए। एक मजदूर की मौत की पुष्टि हुई है, वहीं करीब 15 मजदूर दबे हुए हैं।

### जोधपुर में दोस्तों की कार पलटी, 3 की मौत

**जोधपुर।** राजस्थान के जोधपुर में भीषण सड़क हादसा सामने आया है। शुक्रवार देर रात को 11 लोगों से



भरा एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 8 लोग घायल हैं। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग 25 पर खारिया मीठापुर गांव के पास हुआ। गाड़ी में 11 लोग सवार थे। ड्राइवर ने अचानक कार से संतुलन खो दिया था। कार बेकाबू होकर पलट गई।

### भाजपा को स्वीकार नहीं करेगा बंगाल: सागरिका

**कोलकाता।** टीएमसी की सांसद सागरिका घोष ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल कभी भी भाजपा



को स्वीकार नहीं करेगा। उनकी यह टिप्पणी तब सामने आई है, जब प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी राज्य के अगले विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करेगी। घोष ने यह भी कहा कि बंगाल में ममता बेनर्जी जैसी नेता हैं, जो हमेशा लोगों के बीच रहती हैं।

पीएम मोदी ने गुजरात को 9,700 करोड़ रुपए की सौगात दी

# कांग्रेस सरकारों ने भगवान बिरसा की अनदेखी की, आदिवासियों के 'योगदान' को भुलाया

आदिवासियों ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में 'अमिट' योगदान दिया


पूजार्चन करते हुए प्रधानमंत्री

एजेंसी ⏭ नर्मदा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात पहुंचे। पीएम मोदी प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत बने एक लाख घरों के गृह प्रवेश कार्यक्रम में भी शामिल हुए। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह में प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि डेडियापाड़ा और सागबारा का एक क्षेत्र कबीर की शिक्षाओं से प्रेरित है।

मैं संत कबीर की भूमि वाराणसी से सांसद हूं। इसलिए, स्वाभाविक है कि संत कबीर का मेरे जीवन में एक विशेष स्थान है। मैं उन्हें इस मंच से नमन करता हूं। हमने यहां एक लाख परिवारों को पक्के घर दिए गए। एकलव्य मॉडल स्कूलों का शिलान्यास किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि आदिवासियों ने हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम में बहुत बड़ा योगदान दिया, लेकिन कांग्रेस ने 60 साल के शासन में आदिवासियों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया।

**रैली** निकालकर लोगों को किया संबोधित, गृह प्रवेश में हुए शामिल

जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान सम्मान

### बुलेट ट्रेन स्टेशन का पीएम मोदी ने किया निरीक्षण


रैली के दौरान फूलों की बारिश की गई

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने आदिवासी समाज के कल्याण को हमेशा प्राथमिकता दी है और उन्हें सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। दिन में पहले पीएम मोदी ने सूरत में बन रहे बुलेट ट्रेन स्टेशन का निरीक्षण किया। यह स्टेशन मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का हिस्सा है, जो देश की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है।

### भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह में पहुंचे

पीएम मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह में भी शिरकत की। इस दौरान प्रधानमंत्री नर्मदा जिले में 9700 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इन परियोजनाओं में आदिवासी कल्याण, बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और विरासत पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इनमें प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए-जगुआ) के तहत बने एक लाख घरों का गृह प्रवेश शामिल है। लगभग 1900 करोड़ की लागत वाले 42 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों, डिब्रूगढ़ में असम मेडिकल कॉलेज में एक सक्षमता केंद्र और आदिवासी संस्कृति के संरक्षण के लिए इंफाल में एक जनजातीय अनुसंधान संस्थान भवन का भी उद्घाटन किया।

#### 10 वर्षों में कई धामों का विकास किया

उन्होंने कहा कि पहले बिरसा मुंडा को याद नहीं किया जाता था। हमने तय कि हमारी अगली पीढ़ी को पता चले कि बिरसा मुंडा ने हमारे लिए क्या किया है? इसलिए हमने देश में कई जनजातीय संग्रहालय बनाए जा रहे हैं। मैंने छत्तीसगढ़ शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय का शिलान्यास किया। बहुत कम लोग जानते होंगे कि 2003 में जब मैं मुख्यमंत्री के तौर पर डेडियापाड़ा आया था, तो मां के चरणों में प्रार्थना करने गया था।

#### आदिवासी कल्याण भाजपा की प्राथमिकता

प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी कल्याण भाजपा की प्राथमिकता है। हमने ये परेशानी खत्म करने का फैसला लिया है। 1947 में देश आजाद हुआ, लेकिन उनकी स्थिति में सुधार नहीं किया गया। आदिवासी समाज का नाम भगवान राम से भी जुड़ा है। लेकिन कांग्रेस ने इनके विकास के लिए कुछ नहीं किया। पहली बार जब अटल जी प्रधानमंत्री बने, तब आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय बनाया।

#### स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासियों का योगदान अमिट

पीएम मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 'जनजातीय गौरव दिवस' कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव हजारों वर्षों से हमारे भारत की चेतना का अभिन्न हिस्सा रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन में ट्राइबल समाज के योगदान को हम भुला नहीं सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मां नर्मदा की ये पावन धरती आज एक और ऐतिहासिक आयोजन की साक्षी बन रही है। हमारी एकता और विविधता को सेलिब्रेट करने के लिए भारत पर्व शुरू हुआ है। आज भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के इस भव्य आयोजन के साथ हम भारत पर्व की पूर्णता के साक्षी बन रहे हैं।

#### एनडीए ने कई राज्यों को दिए आदिवासी मुख्यमंत्री

उन्होंने कहा कि एनडीए ने हमेशा आदिवासी समाज के लोगों ने शीर्ष पदों पर बिठाया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री राज्य का कायाकल्प कर रहे हैं। हमारे जनजातीय समाज के ओड़िशा के मुख्यमंत्री राज्य का विकास कर रहे हैं। हमने कई राज्यों में आदिवासी मुख्यमंत्री दिए। भाजपा ने कई राज्यों में आदिवासियों को जगह दी।

**लाडो लक्ष्मी योजना में बदलाव**

# अब महिलाओं को हर माह नहीं इकट्ठे पैसे देगी नायब सरकार


मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

एजेंसी ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा में पात्र महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए देने की भाजपा सरकार की सरकार और फ्लैगशिप स्कीम लाडो लक्ष्मी योजना में अब बदलाव होगा। अब हर महीने की बजाय महिलाओं को सरकार इकट्ठे पैसे देगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज हिसार में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हर माह दी जाने वाली 2,100 रुपए की लाडो लक्ष्मी योजना में बदलाव होगा। सरकार इस रकम को हर महीने देने की बजाए साल में दो किस्तों में देने पर विचार कर रही है ताकि एक बड़ी रकम एक साथ मिल सके। इस रकम को महिलाएं अपने किसी कार्य के लिए एक साथ उपयोग कर सकेंगी। चाहें तो किसी रोजगार या छोटे व्यवसाय की शुरुआत भी कर पाएंगी। सैनी ने कहा कि लाडो लक्ष्मी योजना को विस्तार देने पर भी मंथन चल रहा है। अभी एक लाख तक की आय वाले परिवारों की महिलाओं को लाभ दिया जा रहा है।

#### 1 नवंबर को योजना हुई थी लागू

हरियाणा सरकार ने इस योजना के लिए 5,000 करोड़ का प्रावधान किया है। हरियाणा में एक लाख रुपए सालाना आय वाली 23 से 60 साल तक की 19 लाख 62 हजार महिलाएं हैं। इस योजना को प्रदेश में तीन विभाग संचालित कर रहे हैं। समाज कल्याण विभाग, पंचायत विभाग और क्रीड संयुक्त रूप से इस योजना को सुचारू करने में लगे हुए हैं। राज्य के स्थापना दिवस यानी 1 नवंबर को योजना की पहली किस्त जारी की गई थी। पात्र महिलाओं के खातों में 2100 रुपए प्रति माह की पहली किस्त सीधे ट्रांसफर की थी।

#### सिर्फ एप के माध्यम से आवेदन करें

योजना का लाभ लेने के लिए महिला की उम्र 23 वर्ष या इससे अधिक होनी चाहिए। वह कम से कम 15 वर्ष से हरियाणा की निवासी होनी चाहिए। परिवार की आय एक लाख रुपए वार्षिक होनी चाहिए। वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा, निराश्रित महिला के लिए वित्तीय सहायता, दिव्यांग या अन्य पेंशन पाने वाली महिलाएं इस योजना की पात्र नहीं होंगी। आवेदन फॉर्म मोबाइल एप के जरिए ही भरा जाएगा। इसके लिए सबसे मोबाइल में लाडो लक्ष्मी योजना का मोबाइल एप डाउनलोड करना होगा।

**गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर किया जा रहा आयोजन**

# 500 किमी लंबी साइकिल यात्रा, दिल्ली के चांदनी चौक में शीशगंज गुरुद्वारे से शुरू होकर यह अमृतसर पहुंचेगी

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजीत ने कहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस पर दिल्ली से अमृतसर तक 500 किलोमीटर की साइकिल यात्रा निकाली गई। यह यात्रा दिल्ली के चांदनी चौक में शीशगंज गुरुद्वारे से शुरू हुई और अमृतसर पहुंचेगी, जहां गुरु तेग बहादुर सिंह जी का जन्म स्थल है। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सरदार मनजीत सिंह ने बताया कि यात्रा में 250 लोगों ने शुरुआत की है, लेकिन अमृतसर पहुंचने हजारों लोग इसका हिस्सा बनेंगे।

#### यात्रा में कश्मीरी पंडित भी शामिल हुए

साइकिल यात्रा में कश्मीरी पंडित भी शामिल हुए, जिन्होंने इस यात्रा पर फूल भी बरसाए। बच्चों से लेकर बुजुर्ग और विकलांग लोग भी इस यात्रा का


साइकिल यात्रा का एक दृश्य

हिस्सा बने। गुरू तेग बहादर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में गुरू साहिब जी के शहीदी स्थल गुरुद्वारा सीसगंज साहिब, दिल्ली से साइकिल यात्रा शुरू होकर उनके जन्म स्थान गुरुद्वारा गुरू का महल, अमृतसर तक जा रही है। यात्रा का आयोजन साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजीत के द्वारा किया जा रहा है।

#### पानीपत-अंबाला से होकर जाएगी यात्रा

इस यात्रा में सैकड़ों सिख नौजवान, श्रद्धालु और समाजसेवी भाग ले रहे हैं। यात्रा का उद्देश्य गुरु तेग बहादुर जी के त्याग, बलिदान और धर्म की रक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। ये यात्रा दिल्ली के चांदनी चौक से लेकर अमृतसर जो कि शहीदी स्थान तक जाएगी। यह यात्रा दिल्ली से पानीपत,अंबाला, लुधियाना, जालंधर होते हुए अमृतसर जाएगी।

## देश ने भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज और अन्य लोगों के साथ शनिवार को नई दिल्ली में संसद भवन परिसर में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर 'जनजातीय गौरव दिवस' समारोह के दौरान नमन करते हुए।

**राजस्थान के गांव में नशे की गुप्त लैब**

# 100 किलो मेफेड्रोन तैयार करने वाला केमिकल जब्त

एजेंसी ⏭ सिरोही

केंद्र सरकार के नशीले पदार्थों के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस के दृष्टिकोण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और राजस्थान पुलिस ने राजस्थान के सिरोही जिले के एक सुदूर गांव में एक गुप्त लैब का भंडाफोड़ किया है। सैकड़ों किलोग्राम केमिकल जब्त किए गए हैं, जो लगभग 100 किलोग्राम मेफेड्रोन बनाने के लिए पर्याप्त थे। इनकी अनुमानित बाज़ार कीमत 40 करोड़ है। लैब के मास्टरमाइंड और 4 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया


केमिकल बनाने के जब्त उपकरण

है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में मेफेड्रोन का इस्तेमाल साइकोट्रोपिक ड्रग्स के तौर पर बढ़ रहा है। ब्यूरो ने जिला पुलिस को संवेदनशील बनाने के लिए मासिक जिला स्तरीय एनसीओआरडी तंत्र का इस्तेमाल करते हुए कई बैठकें की और कार्रवाई की।

**बिहार में हार के बाद कांग्रेस में बढ़ी रार और तकरार**

# प्रधानमंत्री की भविष्यवाणी कांग्रेस चौथी बार टूटेगी! सही होगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बिहार चुनाव में महागठबंधन की करारी हार हुई है। कांग्रेस की स्थिति बेहद बुरी है। 61 सीटों पर लड़ी कांग्रेस बामुश्किल 6 सीट ही ला पाई। इससे कांग्रेस में सिरफुटौव्वल शुरू हो गई है। कुछ नेता हार के बाद बचाव करते दिख रहे तो कुछ अपनी ही पार्टी के दूसरे नेता पर हार का ठीकरा फोड़ रहे हैं। नतीजे के बाद प्रधानमंत्री ने बिहार को धन्यवाद करने के लिए संबोधन किया तो इस दौरान कांग्रेस में संभावित एक और बड़े विभाजन की आशंका जता दी। पीएम मोदी ने कांग्रेस को 'मुस्लिमलीगी माओवादी कांग्रेस' करार देते हुए दावा किया कि आने वाले समय में कांग्रेस का एक और बड़ा विभाजन होगा और यह स्थिति दिखाई भी देने लगी है।

### एक-दूसरे पर हार का ठीकरा फोड़ रहे कांग्रेस के नेतागण

बिहार हार के बाद सिरफुटौव्वल, बाहरी को दिया 'ठेका'


खरगे और राहुल गांधी बात करते हुए। -फाइल फोटो

करारी हार के बाद कांग्रेस के भीतर जो सिरफुटौव्वल शुरू हुआ, वे अब खुलेआम दिख रहा है। पार्टी के भीतर ही नेताओं ने टिकट बंटवारे से लेकर चुनावी रणनीति तक पर सवाल खड़े किए हैं। बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने सीधे तौर पर बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू और आरजेडी के संजय यादव को हार के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर फ्रेंडली फाइट की नौबत क्यों आई?' और आरोप लगाया कि वरिष्ठ नेताओं को किनारे लगाकर बाहर के लोगों को बिहार कांग्रेस ठेके पर दे दिया गया।

#### पार्टी में गंभीर संकट की चेतावनी आई सामने

बिहार चुनाव के बाद उभरे असंतोष की लहर सिर्फ एक राज्य तक सीमित नहीं है। कांग्रेस नेता कृपानंद पाठक ने सीधे तौर पर कहा कि 'बिहार में जिम्मेदार लोगों ने सही जानकारी नहीं दी' और चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं सुधारा गया तो यह 'गंभीर संकट की वजह' बनेगा।

#### थरूर ने की आत्म निरीक्षण की मांग

कांग्रेस के भीतर मौजूद असंतुष्ट नेताओं में शशि थरूर की आवाज भी शामिल है, जिन्होंने बिहार चुनाव में पार्टी की हार पर गंभीर आत्मनिरीक्षण की मांग की। थरूर ने कहा कि हमें अध्ययन करना है कि क्या रणनीतिक, संदेशात्मक या संगठनात्मक गलतियां थीं। इसके पहले थरूर कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं और पार्टी के भीतर एक अलग विचारधारा का प्रतिनिधित्व करते हैं।




युद्धाभ्यास में भाग ले रहे भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों के पायलट

# फ्रांस में भारतीय वायुसेना आज से दिखाएगी अपनी सैन्य क्षमता

"युद्धाभ्यास से दोनों वायुसेनाओं के संबंधों के अलावा भारत-फ्रांस के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को भी और अधिक मजबूती मिलेगी। युद्धाभ्यास में भाग लेने के लिए वायु योद्धाओं की एक टुकड़ी बीते 10 नवंबर को ही फ्रांस पहुंच गई है"

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों के बीच रविवार, 16 नवंबर से भारत और फ्रांस की वायुसेनाओं के बीच द्विपक्षीय 'गरुड़-2025 युद्धाभ्यास' की शुरुआत होगी। इस वर्ष फ्रांस के मोंट-डे-मार्सन में इसके आठवें संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। जो 16 नवंबर से शुरू होकर 27 नवंबर को समाप्त होगा। युद्धाभ्यास से दोनों वायुसेनाओं के संबंधों के अलावा भारत-फ्रांस के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को भी और अधिक मजबूती मिलेगी। वायुसेना ने शनिवार को बताया कि युद्धाभ्यास में भाग लेने के लिए वायु योद्धाओं की एक टुकड़ी बीते 10 नवंबर को ही फ्रांस पहुंच गई है।

इस बार गरुड़ युद्धाभ्यास में बल के अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमान सुखोई-30 एमकेआई भाग लेंगे। वायुसेना के दस्ते को फ्रांस पहुंचाने और वापस स्वदेश लाने की जिम्मेदारी सी-17 ग्लोबमास्टर-3 विमान निभा रहा है। अभ्यास में भाग लेने वाले लड़ाकू विमानों की रेंज और स्थायित्व में वृद्धि करने के लिए वायुसेना के आईएल-78 टैंकरों का उपयोग किया जा रहा है।

**लड़ाकू विमानों के साथ कई जटिल युद्ध स्थितियों का अभ्यास**

**पेरिस में 27 नवंबर तक चलेगा युद्धाभ्यास का आठवां संस्करण**



भारतीय लड़ाकू विमान सुखोई–30 एमकेआई

## मजबूत रक्षा साझेदारी को मिलेगी नई रफ्तार

*भारतीय वायुसेना ने कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय अभ्यास दोस्ती और रक्षा सहयोग को नई ऊंचाई देते हैं। 'गरुड़-25' भारत की इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह मित्र देशों के साथ मिलकर आधुनिक हवाई संचालन की क्षमता को विकसित और परिष्कृत करता रहेगा। यह अभ्यास दोनों देशों के बीच दशकों से चले आ रहे मजबूत रक्षा संबंधों को और प्रतिष्ठित करता है और आने वाले समय में संयुक्त अभियानों की क्षमता को बढ़ाने का भी आधार बनेगा।*

## संचालन क्षमता में बढ़ोतरी होगी

इस अभ्यास का उद्देश्य वास्तविक प्रचालन वातावरण में रणनीति और प्रक्रियाओं को बेहतर बनाना, दोनों वायुसेनाओं के बीच रक्षा सहयोग में इजाफा करना, अंतर-संचालन क्षमता में बढ़ोतरी दोनों हवाई सैन्य बलों की गरुड़ युद्धाभ्यास के दौरान भारतीय वायुसेना का सुखोई विमान फ्रांस के बहुउद्देशीय लड़ाकू विमानों यानी राफेल के साथ जटिल कृत्रिम हवाई युद्ध परिदृश्यों, संयुक्त हमले से जुड़े अभियानों पर केंद्रित प्रचालन गतिविधियों में शामिल होगा।

### मुख्य भूमिका में सुखोई30 एमकेआई लड़ाकू विमान

भारतीय वायुसेना का दल 10 नवंबर को फ्रांस पहुंच चुका है। अभ्यास के लिए सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान मुख्य भूमिका में रहेंगे। उनकी लॉजिस्टिक और परिचालन जरूरतों के लिए सी-17 ग्लोबमास्टर-III एयरलिफ्ट विमान का इस्तेमाल इंडक्शन और डी-इंडक्शन चरणों में किया जा रहा है। वहीं, आईएल-78 एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग टैंकर सुखोई विमानों की रेंज बढ़ाने और लंबे समय तक मिशन को जारी रखने में मदद करेंगे।

### दोनों देशों के बीच आपसी समझ व सहयोग बढ़ेगा

गरुड़ में वायुसेना की भागीदारी बहुपक्षीय अभ्यासों के माध्यम से मित्र देशों की वायुसेनाओं के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने और वायु संचालन के क्षेत्र में आपसी समझ व सहयोग को बढ़ावा देने की वायुसेना की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह युद्धाभ्यास दोनों हवाई बलों को व्यावसायिक संवाद, परिचालनगत ज्ञान को आपस में साझा करने और सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों के आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान करता है।

## खबर संक्षेप

### लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश का इस्तीफा


**लाहौर।** पाकिस्तान में लाहौर उच्च न्यायालय के एक वरिष्ठ न्यायाधीश



शम्स महमूद मिर्जा ने उच्चतम न्यायालय के दो न्यायाधीशों के इस्तीफे के बाद पद छोड़ दिया। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने एक नया संवैधानिक संशोधन लागू करने के माध्यम से संविधान और न्यायपालिका पर हमले का विरोध करते हुए पद से इस्तीफा दे दिया। संशोधन के तहत, सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को 2030 तक रक्षा बलों के प्रमुख के रूप में पद पर बने रहने की अनुमति भी मिल जाएगी।

### सिंगापुर जा रहे तेल जहाज को ईरान ने रोका

**तेहरान।** ईरान ने मार्शल द्वीप समूह के ध्वज वाले तेल टैंकर को जब्त



करने की शनिवार को पुष्टि की। इसने कहा कि टैंकर को तब जब्त किया गया जब यह अवैध खेप ले जाने सहित विभिन्न नियमों का उल्लंघन कर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहा था। रिवोल्यूशनरी गार्ड के हवाले से कहा कि टैंकर को ईरानी जलक्षेत्र में ले जाया गया है। तेल टैंकर की पहचान 'तलारा' के रूप में की गई और कहा गया कि इसमें 30,000 टन पेट्रोकेमिकल उत्पाद थे। यह जहाज सिंगापुर जा रहा था जिसे ईरानी सेना ने रोक लिया।

## दिल्ली बम धमाका मामले में डॉ. मुज्जमिल की डायरी से नया खुलासा

# 30 से अधिक नाम और नंबर, हवाला नेटवर्क से पहुंचाई जा रही थी 'रकम'

जांच एजेंसियां धमाके में संलिप्त हर व्यक्ति से जुड़े लोगों के रिकॉर्ड खंगाल रहीं

*डायरी में मिली सूची के आधार पर मोबाइल नंबरों के जरिये जांच कर पता लगाया जा रहा है कि ये कौन लोग हैं और देश के किस हिस्से में सक्रिय हैं। ये भी शक है कि जिन कुछ नामों के आगे रकम लिखी हुई*

एजेंसी ▶▶ फरीदाबाद

दिल्ली में हुए बम धमाकों के लिए फंडिंग हवाला नेटवर्क के जरिये पहुंच रही थी। खुफिया विभाग के एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि धमाके में पकड़े गए संदिग्ध आतंकी डॉक्टरों के बैंक खातों की ट्रांजेक्शन की जांच की जा रही है। डॉ. मुज्जमिल के कमरे से उन्हें एक डायरी के अलावा लैपटॉप समेत अन्य सामान मिला। उस पर जांच चल रही है। उस डायरी में 30 से अधिक लोगों के नाम व मोबाइल नंबर लिखे हुए हैं। इसके साथ ही कई नाम के आगे कुछ रकम भी लिखी हुई है। इस सूची के आधार पर मोबाइल नंबरों के जरिये जांच कर पता लगाया जा रहा है कि ये कौन लोग हैं और देश के किस हिस्से में सक्रिय हैं।



डॉ. मुजम्मिल डॉ. उमर नबी

### बंगाल के उत्तर दिनाजपुर से एमबीबीएस छात्र गिरफ्तार

एनआईए ने पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर से एक एमबीबीएस छात्र जानिसुर उर्फ निसार आलम को आतंक संगठनों से कथित संबंधों के शक के आधार पर गिरफ्तार किया है। निसार हरियाणा की अल-फलाह यूनिवर्सिटी का छात्र है और लुधियाना में रहता है। उसका पैतृक घर दलखोला के पास कोनाल गांव में है। अधिकारियों ने उसके मोबाइल लोकेशन डेटा के आधार पर उसकी गतिविधियों पर नजर रखी थी।

### एनएमसी ने तीन डॉक्टरों का लाइसेंस रद्द किया

*राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने दिल्ली ब्लास्ट मामले से जुड़े तीन डॉक्टरों का लाइसेंस तुरंत प्रभाव से रद्द कर दिया है। यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर मेडिकल काउंसिल की सिफारिश और जांच एजेंसियों द्वारा जुटाए गए ठोस साक्ष्यों के आधार पर की गई है। आदेश के अनुसार डॉ. मुजफ्फर अहमद, अदील अहमद राठर और मुजमिल शकील जम्मू-कश्मीर मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत थे।*

### एटीएम से पैसे निकालने का किया था प्रयास

*ब्लास्ट से पहले नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका शहर में स्थिति एक एटीएम मशीन से आतंकी डॉ. उमर नबी ने पैसे निकालने का प्रयास किया था। हालांकि, एटीएम बंद था, लेकिन एटीएम मशीन पर तैनात गार्ड को उमर ने पैसों को लालच देकर एटीएम खुलाया लिया। लेकिन पैसे नहीं निकले। जिसके बाद वह दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे से होते हुए निकल गया।*

### बंद सड़क यातायात के लिए खोली गई

घटनास्थल के आसपास की सड़क अब यातायात के लिए खोल दी गई है। दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि जांच के लिए इस सड़क को अस्थायी रूप से बंद किया गया था लेकिन अब इसे खोल दिया गया है, गुरु तेग बहादुर की 350वीं जयंती पर एक बड़ा कार्यक्रम होना है।

### दो यूट्यूबर हिरासत में

जम्मू-कश्मीर पुलिस, एटीएस और अन्य एजेंसियां अब उन सभी लोगों की पहचान कर रही हैं जो किसी भी तरह से डॉ. आदिल के संपर्क में रहे थे। इसी अभियान में शुक्रवार को दो खुफिया विभाग ने यूट्यूबरों को हिरासत में लिया, जिनसे घंटों पूछताछ की गई। दोनों युवक पिछले कई महीनों से मेडिकल फील्ड से जुड़े डॉक्टरों से संपर्क में रहते थे और सोशल मीडिया पर भी लगातार सक्रिय थे। दिल्ली धमाके के बाद जब एजेंसियों ने आदिल के संपर्कों की डिजिटल ट्रेल खंगाली, तो युवकों के नाम कई बार सामने आए।

### मेट्रो स्टेशन के गेट 2 और 3 फिर से खोले

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने घटना के बाद लाल किला मेट्रो स्टेशन को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया गया था, जिसे अब फिर से खोल दिया गया है। डीएमआरसी नेएक्स पर लिखा कि सेवा अपडेटः लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 2 और 3 अब यात्रियों के लिए खुल गए हैं।

### अल-फलाह विवि पर कसा शिकंजा

### एक्रिडटेशन के झूठे दावों पर दो एफआईआर

अल फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े मान्यता और एक्रीडिटेशन के विवादों की जांच में दिल्ली क्राइम ब्रांच की इंटर-स्टेट सेल की टीम सुबह जामिया नगर स्थित ट्रस्ट ऑफिस पहुंची और प्रशासनिक दस्तावेजों, मान्यता संबंधी पत्रों और एक्रीडिटेशन रिकॉर्ड की जांच शुरू की। टीम ने कई फाइलें अपने कब्जे में भी ली हैं। दिल्ली पुलिस को लेकर दो अलग-अलग शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इन शिकायतों के आधार पर क्राइम ब्रांच की इंटर-स्टेट सेल ने दो एफआईआर दर्ज की हैं, जिनमें चिटिंग और फॉर्जरी की धाराएं शामिल हैं।

## संयुक्त राष्ट्र में भारत की मांग

# यूएनएससी के कामकाज में पारदर्शिता होना बेहद जरूरी



पार्वथानेनी हरीश, यूएन में प्रतिनिधि राजदूत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के कामकाज में अधिक पारदर्शिता की जोरदार मांग की है। न्यूयॉर्क में शुक्रवार को 'कार्य पद्धतियां' पर आयोजित यूएनएससी की खुली बहस में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की सबसे महत्वपूर्ण संस्था है, इसलिए इसके कामकाज का ईमानदार, स्पष्ट और पारदर्शी होना बेहद जरूरी है। हरीश ने कहा कि यूएनएससी की कई सहायक संस्थाओं का कामकाज अभी भी अस्पष्ट है।

### यूएनएससी में सुधार की जरूरत

भारत ने सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार की अपनी पुरानी मांग को दोहराया। हरीश ने कहा कि आठ दशक पुराना यूएनएससी ढांचा बदलते समय और नई चुनौतियों के लिए अब फिट नहीं माना जा सकता। उन्होंने सुरक्षा परिषद में स्थायी और अस्थायी दोनों तरह की सदस्यता का विस्तार करने और अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका जैसे कम-प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों को पर्याप्त जगह देने की बात कही। भारत ने यह भी कहा कि यूएनएससी की समितियों और सहायक संस्थाओं के चेयर और पेन-होल्डर पद जिम्मेदारी वाले पद हैं, जिन्हें किसी भी तरह के स्वार्थ या टकराव से दूर रखा जाना चाहिए। जिन देशों के हित टकरा रहे हों, उन्हें इन पदों की जिम्मेदारी देना उचित नहीं है।

### जिन मिशनों का उद्देश्य पूरा उन्हें बंद करें

दुनिया में सबसे ज्यादा सैनिक देने वाले देश के रूप में भारत ने शांति मिशनों में योगदान देने वाले देशों की राय को अहम बताया। हरीश ने कहा कि ऐसे मिशन जिनका उद्देश्य पूरा हो चुका है या जो अब उपयोगी नहीं हैं, उन्हें सिर्फ कुछ देशों के राजनीतिक हित बचाने के लिए जारी नहीं रखा जाना चाहिए। उन्होंने ऐसे मिशनों को समाप्त करने के लिए 'सनसेट क्लॉज' लागू करने की वकालत की। अपने संबोधन में भारत ने साफ कहा कि सुरक्षा परिषद का कामकाज पारदर्शी, निष्पक्ष और समय के हिसाब से जिम्मेदार होना चाहिए, तभी दुनिया की बदलती चुनौतियों से प्रभावी तरीके से निपटा जा सकेगा।

## एडमिरल त्रिपाठी की वरिष्ठ अमेरिकी नौसैन्य अधिकारियों के साथ हुई बातचीत

# भारत-यूएस के बीच समुद्री सुरक्षा को मिलेगी मजबूती

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने अमेरिका की नौसेना के कई वरिष्ठ अधिकारियों जैसे हिंद-प्रशांत कमांड के कमांडर एडमिरल सैमुअल जे.पापारो, अमेरिका के प्रशांत बेड़े के कमांडर एडमिरल स्टीफन. टी. कोहलर और अमेरिकी प्रशांत क्षेत्र के समुद्री बल कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल जेम्स एफ ग्लिन के साथ मुलाकात की है। इन सभी उच्च-स्तरीय मुलाकातों में रक्षा सहयोग के अहम स्तंभों (समुद्री सुरक्षा, सहयोग, अंतर-परिचालन क्षमता और भारत-प्रशांत क्षेत्र में परिचालन जुड़ाव का विस्तार करना) की समीक्षा की गई है। नौसेना ने एक्स पोस्ट में बताया कि पारस्परिक समुद्री हित के प्राथमिकता वाले क्षेत्र भी वार्ता का हिस्सा बनें। जिसमें गहन सूचना साझा करने, समुद्री क्षेत्र जागरूकता और आईपीएमडीए तंत्रों पर निर्माण-आईएफसी-आईओआर के बीच संबंध शामिल है। नौसेनाप्रमुख बीते 12 से 17 नवंबर तक अमेरिका की यात्रा पर हैं। उनकी ये तमाम बैठकें इसी के तहत जारी हैं।



### स्थायी साझेदारी की हुई पुष्टि

दोनों नौसेनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच हुआ यह संवाद भारत और अमेरिका के बीच स्थायी साझेदारी की पुष्टि करता है। अमेरिकी मरीन और संयुक्त बलों के साथ बढ़ते तालमेल का भी प्रतीक है। यह तथ्य आपसी विश्वास, साझा मूल्यों और एक स्वतंत्र, खुले हुए-समावेशी और नियम आधारित हिंद-प्रशांत के लिए प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करता है।

## विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से होगी मुलाकात

# कल से रूस की दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगे एस.जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ संकट और यूक्रेन युद्ध के मध्य अगले सप्ताह सोमवार से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर रूस की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जो कि दो दिवसीय (17 से 18 नवंबर तक) होगी।

इस वर्ष रूस शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शासनाध्यक्ष परिषद की बैठक की मेजबानी कर रहा है। जिसमें भारत की तरफ से डॉ. जयशंकर के साथ एक प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा। 17 नवंबर को मॉस्को में भारत और रूस के विदेश मंत्रियों के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। जिसमें आगामी राजनीतिक संपर्कों (राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से जुड़ी तैयारियों का मसला शामिल), जरूरी द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर विस्तृत रूप चर्चा की जाएगी।

रूस के विदेश मंत्रालय ने हाल ही में भारतीय विदेश मंत्री की इस यात्रा की पुष्टि करते हुए बताया था कि राजधानी मॉस्को में विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की अपने भारतीय समकक्ष विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर के साथ मुलाकात होगी।

## न्यूयॉर्क में विदेश मंत्री ने भारतीय राजदूतों से की मुलाकात



**न्यूयॉर्क।** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिका में भारतीय महावाणिज्य दूतों के एक सम्मेलन की अध्यक्षता की। सम्मेलन में भारत-अमेरिका द्विपक्षीय सहयोग और भारतीय प्रवासियों से जुड़ाव की समीक्षा के लिए देशभर के मिशनों के वरिष्ठ भारतीय राजनयिकों को बुलाया गया। न्यूयॉर्क में आयोजित इस बैठक में यूएस में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा सहित वाशिंगटन डीसी स्थित भारतीय दूतावास के अलावा न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को, शिकागो, अटलांटा, ह्यूस्टन, बोस्टन, लॉस एंजिल्स और सिएटल स्थित वाणिज्य दूतावासों के वरिष्ठ राजनयिक शामिल हुए। जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि उन्होंने न्यूयॉर्क में महावाणिज्य दूतों के सम्मेलन की अध्यक्षता की। हमारे द्विपक्षीय संबंधों और प्रवासी गतिविधियों के लिए समर्थन की समीक्षा की। भारत-अमेरिका साझेदारी को मजबूत करने के लिए हमारे दूतावास और वाणिज्य दूतावासों की प्रतिबद्धता और प्रयासों की सराहना करता हूं।

## सेना की गजराज कोर का पहला अनोखा आविष्कार, एक बार में भेजा जाता 300 किलो से ज्यादा सामान

# 16 हजार फीट की दुर्गम ऊंचाई पर 'मोनोरेल' से पहुंचता सैन्य साजो-सामान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

*वर्ष 1942 में इस कोर की स्थापना असम की सुरक्षा के लिए की गई थी*

अरुणाचल-प्रदेश के दुर्गम ऊंचाई वाले सरहदी इलाकों में सेना के लिए आमतौर पर रोजमर्रा के इस्तेमाल वाली चीजों के अलावा अन्य जरूरी रसद (गोलाबारूद, मुश्किल स्टोर, राशन, ईंधन, इंजीनियरिंग उपकरण) की सप्लाई करना किसी टेढ़ी खीर से कम नहीं है।

स्थान की भौगोलिक परिस्थिति और जटिल मौसम की चुनौती साल के 365 दिन बनी रहती है। लेकिन अब सेना की चौथी कोर के नाम से विख्यात गजराज कोर ने 16 हजार फीट की ऊंचाई पर पहली बार 'हाई एल्टीट्यूड मोनोरेल' चलाकर एक ऐसा अनोखा कारनामा किया है। जो इस समस्या का बड़ा समाधान बनकर उभरी है।



मोनोरेल सिस्टम से से राशन, ईंधन व अन्य सामग्री ले जाते हुए सैनिक।

### स्वदेशी मोनोरेल सिस्टम के नवाचार से काफी राहत

*सेना ने बताया कि अरुणाचल-प्रदेश में खासतौर पर कामेंग सेक्टर में मौजूद सेना की ऊंचाई पर स्थित पोस्ट तक सर्दियों के मौसम में भारी बर्फबारी की वजह से सप्लाई को नियमित रूप से बरकरार रखना बेहद मुश्किल होता है। लेकिन अब पूरी तरह से स्वदेशी मोनोरेल सिस्टम के इस नए नवाचार की मदद से इसमें काफी राहत मिली है। जिसकी मदद से एक बार में बाकी देश से पूरी तरह से कट जाने वाली (संचार और सप्लाई) सेना की पोस्ट तक 300 किलोग्राम से अधिक सामान को पहुंचाया जा सकता है।*

### पूरी तरह ऑपरेशनल हुआ सिस्टम

यह सिस्टम पूरी तरह से ऑपरेशनल हो चुका है और अब इसके जरिए सूबे के तमाम सुदूर इलाकों में जरूरी सप्लाई भेजी जा रही है। मोनोरेल की यह यातायात सुविधा दिन और रात दोनों समय में रक्षक (एस्कार्ट) के साथ और उसके बिना प्रयोग की जा सकती है। इसमें ओलावृष्टि या अन्य जटिल मौसमी परिस्थितियां शामिल हैं।

**असम, अरुणाचल में निगरानी करती गजराज कोर**

*सेना की चौथी कोर को गजराज कोर के नाम से जाना जाता है। इसके अधिकार क्षेत्र में चीन से लगा हुआ असम और अरुणाचल प्रदेश का सैन्य-सीमाई क्षेत्र आता है। असम के तेजपुर में कोर का मुख्यालय है। देश की आजादी से पहले द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान वर्ष 1942 में इस कोर की स्थापना असम की सुरक्षा के लिए की गई थी।*

## यूक्रेन पर रूसी सैनाओं का बड़ा हमला

# 430 ड्रोन और 18 मिसाइलों का इस्तेमाल, 6 की मौत, 35 घायल

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस द्वारा शुक्रवार तड़के यूक्रेन पर किए गए मिसाइल और ड्रोन हमलों में छह लोगों की मौत हो गई और एक गर्भवती महिला समेत कम से कम 35 लोग घायल हो गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि देश भर में हुए इस हमले में कम से कम 430 ड्रोन और 18 मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। देश के अन्य क्षेत्रों में हुए इस हमले का निशाना कीव था। यह हमला आम नागरिकों को यथासंभव अधिक नुकसान पहुंचाने के लिए किया गया था। दार्नित्स्की जिले में मलबा एक आवासीय इमारत के प्रांगण और एक शैक्षणिक संस्थान के परिसर में गिर गया। गिरते हुए मलबे की चपेट में आने से एक कार में आग लग गई। दिनप्रोव्स्की जिले में हमले के कारण तीन अपार्टमेंट, एक घर और खुले क्षेत्र में आग लग गई। हमले से पोदिल्स्की जिले में पांच भवन क्षतिग्रस्त हो गए।



दार्नित्स्की जिले में हमले से तबाह इमारत

# कम कीमत में रॉयल्स में शामिल जडेजा, सीएसके में सैमसन की एंट्री, शमी समेत 8 खिलाड़ी ट्रेड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रवींद्र जडेजा और संजू सैमसन की आईपीएल 2026 रिटेंशन की डेडलाइन से पहले अदला-बदली हो गई है। लंबे समय तक चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा रहे जडेजा आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलेंगे। वहीं सैमसन अब चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में नजर आएंगे।

## सैमसन अब चेन्नई सुपर किंग्स में

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान और भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन अब अपनी मौजूदा 18 करोड़ रुपए की फीस पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का प्रतिनिधित्व करेंगे। लीग के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक सैमसन ने 177 आईपीएल मैच खेले हैं। सीएसके उनके करियर की तीसरी फ्रेंचाइजी होगी। 2013 में आईपीएल में डेब्यू करने के बाद से उन्होंने दो सीजन 2016 और 2017 को छोड़कर सभी सीजन में आरआर का प्रतिनिधित्व किया है। वह दो सीजन दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेले।

## संजू सैमसन 18 करोड़ में अब चेन्नई के लिए खेलेंगे



## 14 करोड़ की फीस में खेलेंगे जडेजा

सीएसके के लिए 12 सीजन खेल चुके जडेजा लीग के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने 250 से ज़्यादा मैच खेले हैं। ट्रेड में उनकी फ़ीस 18 करोड़ रुपए से घटकर 14 करोड़ रुपए हो गई है।



## लखनऊ के लिए खेलेंगे शमी

अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी सनराइजर्स हैदराबाद से सफल ट्रेड के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलेंगे। आईपीएल 2025 सीजन से पहले हैदराबाद ने उन्हें 10 करोड़ रुपए में खरीदा था और वह अपनी मौजूदा फीस पर एलएसजी में शामिल हुए।



## अर्जुन तेंदुलकर एलएसजी टीम में

ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर मुंबई इंडियंस से सफल ट्रांसफर के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का प्रतिनिधित्व करेंगे। अर्जुन अपनी मौजूदा 30 लाख रुपए की फीस पर एलएसजी में शामिल हुए। 2021 की आईपीएल नीलामी में मुंबई इंडियंस की ओर से पहली बार चुने गए थे, उन्होंने 2023 में फ्रेंचाइज के लिए अपना आईपीएल डेब्यू किया था।



## नीतीश राणा दिल्ली में शामिल



बाएं हाथ के बल्लेबाज नितीश राणा अब राजस्थान रॉयल्स से हुए ट्रेड के बाद दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। वह अपनी मौजूदा 4.2 करोड़ रुपए की फीस के साथ ही खेलेंगे। राणा ने 100 से ज्यादा मैच खेले हैं। उन्होंने 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी की थी।

## फरेरा की राजस्थान में वापसी

ऑलराउंडर डोनोवन फरेरा दिल्ली कैपिटल्स से हुए सफल ट्रेड के बाद अपनी पहली फ्रेंचाइज, राजस्थान रॉयल्स में वापसी करेंगे। ट्रांसफर समझौते के अनुसार उनकी फीस 75 लाख रुपए से बढ़ाकर एक करोड़ रुपए कर दी गई है।

## मयंक मार्कंडेय की मुंबई इंडियंस में वापसी

लेग स्पिनर मयंक मार्कंडेय कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से सफल ट्रेड के बाद अपनी पूर्व फ्रेंचाइज मुंबई इंडियंस (एमआई) में वापसी करेंगे। वह 30 लाख रुपए की अपनी मौजूदा फीस पर मुंबई में शामिल हुए। मार्कंडेय ने अपना आईपीएल करियर एमआई के साथ शुरू किया था और 2018, 2019 और 2022 में इस फ्रेंचाइज का प्रतिनिधित्व किया था।

## सैम करन राजस्थान में शामिल

इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन अपनी मौजूदा लीग फीस 2.4 करोड़ रुपए पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से राजस्थान रॉयल्स (आरआर) में शामिल हुए. 27 साल के इस खिलाड़ी ने 64 आईपीएल मैच खेले हैं और राजस्थान रॉयल्स उनकी तीसरी फ्रेंचाइज होगी. इससे पहले वे 2019, 2023 और 2024 में पंजाब किंग्स और अन्य सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

---

## कोलकाता टेस्ट दूसरा दिन: भारत ने दक्षिण अफ्रीका पर रखा पलड़ा भारी

# ईडन गार्डंस में विकेटों की पतझड़ एक दिन में 16 बल्लेबाज आउट

### भारतीय टीम पहली पारी में केवल 189 रन पर सिमटी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

ईडन गार्डंस का विकेट लगातार दूसरे दिन बल्लेबाजों के लिए कब्रगाह साबित हुआ और दिन भर में 16 विकेट गिरे, जिसमें भारत ने दक्षिण अफ्रीका पर अपना पलड़ा भारी रखकर पहला टेस्ट मैच तीन दिन के अंदर जीतने की संभावना बढ़ा दी। लेकिन भारत को किसी मुगालते में नहीं रहना चाहिए क्योंकि विकेट से स्पिनरों को मदद मिल रही है और इस पर 150 रन का लक्ष्य भी चुनौती पूर्ण हो सकता है। यह नहीं भूलना चाहिए कि भारतीय टीम पहली पारी में केवल 189 रन पर आउट हो गई और इस दौरान उसके बल्लेबाजों को साइमन हार्मर और केशव महाराज की स्पिन जोड़ी के सामने संघर्ष करना पड़ा।

### भारत को पहली पारी में 30 रन की मामूली बढ़त

भारत ने पहली पारी में 30 रन की मामूली बढ़त हासिल की लेकिन परिस्थितियों को देखकर यह महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। भारत के लिए कप्तान शुभमन गिल का चोटिल होना चिंता का विषय है क्योंकि पहली पारी में रिटायर्ड हर्ट होने के बाद वह दोबारा बल्लेबाजी करने के लिए नहीं उतरे। पहली पारी में 159 रन पर आउट होने वाले दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट पर 93 रन बनाए हैं और वह भारत से 63 रन आगे है। कप्तान तेम्बा बावुमा 78 गेंद पर 29 रन बनाकर एक छोर संभाले हुए हैं। उनके साथ दूसरे छोर पर खड़े कोर्बिन बॉश एक रन बनाया है।



### जडेजा की बलखाती गेंदों का चला जादू

जडेजा की बलखाती गेंदों का जादू चला और उन्होंने लगातार चार विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। उन्होंने सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम (04) का विकेट लेने के बाद वियान मुल्डर (11), टोनी डि जार्जी (02) और ट्रिस्टन स्टब्स (05) को आउट करके दक्षिण अफ्रीका की वापसी की संभावनाओं को करारा झटका दिया। जडेजा ने अब तक 29 रन देकर चार, कुलदीप यादव ने 12 रन देकर दो और अक्षर पटेल ने 30 रन देकर एक विकेट लिया है। भारत की पारी एक तरह से नौ विकेट पर समाप्त हुई क्योंकि कप्तान शुभमन गिल स्लॉग स्वीप के दौरान गर्दन में ऐंठन के कारण चोटिल हो गए और बल्लेबाजी के लिए वापस नहीं लौटे।

### हार्मर ने 30 रन देकर चार विकेट चटकाए

हार्मर ने क्लब हाउस छोर से लगातार 14.2 ओवर गेंदबाजी करते हुए 30 रन देकर चार विकेट चटकाए, जिससे धीमी और खुरदरी पिचों पर रविचंद्रन अश्विन के प्रभाव की यादें ताजा हो गईं। उन्होंने भारत के बाएं हाथ के छह बल्लेबाजों को लगातार निशाना बनाया और उनमें से तीन बल्लेबाजों वाशिंगटन सुंदर (29), रवींद्र जडेजा (27) और अक्षर पटेल (16) को आउट किया।

### ऑलराउंडरों के विशिष्ट क्लब में जडेजा

ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में 4 हजार रन पूरे किए और खेल के सबसे लंबे प्रारुप में 4 हजार टेस्ट रन और कम से कम 300 विकेट लेने वाले ऑलराउंडरों के एक विशिष्ट क्लब में प्रवेश किया। जडेजा ने कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन यह उपलब्धि हासिल की।

### पंत ने छक्के लगाने में सहवाग को पछाड़ा

| रैंक | खिलाड़ी | छक्के | टेस्ट |
|---|---|---|---|
| 1 | ऋषभ पंत | 92 | 48 |
| 2 | वीरेंद्र सहवाग | 90 | 103 |
| 3 | रोहित शर्मा | 88 | 67 |
| 4 | रवींद्र जडेजा | 80 | 88 |
| 5 | महेंद्र सिंह धोनी | 78 | 90 |
| 6 | सचिन तेंदुलकर | 69 | 200 |
| 7 | कपिल देव | 61 | 131 |
| 8 | सौरव गांगुली | 57 | 113 |
| 9 | शुभमन गिल | 46 | 40 |
| 10 | यशस्वी जायसवाल | 43 | 27 |

### स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका पहली पारी 159/10

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जयसवाल बो यानसन | 12 | 27 | 3 | 0 |
| राहुल का मारक्रम बो महाराज | 39 | 119 | 4 | 1 |
| सुंदर का मारक्रम बो हार्मर | 29 | 82 | 2 | 1 |
| गिल रिटायर हार्ट | 04 | 03 | 1 | 0 |
| पंत का वेरेने बो बॉश | 27 | 24 | 2 | 2 |
| जडेजा पगबाधा हार्मर | 27 | 45 | 3 | 0 |
| जुरेल का एवं बो हार्मर | 14 | 14 | 3 | 0 |
| अक्षर का यानसन बो हार्मर | 16 | 45 | 2 | 0 |
| यादव का वेरेने बो यानसन | 01 | 08 | 0 | 0 |
| सिराज बो यानसन | 01 | 09 | 0 | 0 |
| बुमराह नाबाद | 01 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त 18, कुल योग : 62.2 ओवर में 189/10 रन
गेंदबाजी: यानसन 15-4-35-3, मुल्डर 5-1-15-0, महाराज 16-1-66-1, बॉश 11-4-32-1, हार्मर 15.2-4-30-4

| दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकेलटन पगबाधा कुलदीप | 11 | 23 | 1 | 0 |
| मारक्रम का जुरेल बो जडेजा | 04 | 23 | 0 | 0 |
| मुल्डर का पंत बो जडेजा | 11 | 30 | 0 | 1 |
| बावुमा खेल रहे हैं | 29 | 78 | 3 | 0 |
| जोर्जी का जुरेल बो जडेजा | 02 | 02 | 0 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो जडेजा | 05 | 18 | 0 | 0 |
| काइल वेरेने बो अक्षर | 09 | 16 | 1 | 0 |
| यानसन का राहुल बो कुलदीप | 13 | 16 | 0 | 1 |
| कोर्बिन बॉश खेल रहे हैं | 01 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 08, कुल योग: 35 ओवर में 93/7 रन
गेंदबाजी: बुमराह 6-1-14-0, अक्षर 11-0-30-1, कुलदीप 5-1-12-1, जडेजा 13-3-29-4

---

## खबर संक्षेप



### एएफसी क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम में विलियम्स

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया में जन्मे फॉरवर्ड रयान विलियम्स को 18 नवंबर को ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर के अंतिम दौर के ग्रुप सी मैच के लिए 23 सदस्यीय भारतीय फुटबॉल टीम में शामिल किया गया है। विलियम्स ने हाल ही में भारतीय नागरिकता हासिल की है। भारतीय टीम छह नवंबर से बेंगलुरु में अभ्यास कर रही थी। टीम शनिवार को ढाका के लिए रवाना हो गई। फॉरवर्ड विलियम्स टीम के साथ बांग्लादेश गये है लेकिन मैच के दिन टीम में उनका शामिल होना फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया से अनापत्ति प्रमाण पत्र और उसके बाद फीफा और एएफसी से अनुमोदन प्राप्त करने पर निर्भर है।

### लक्ष्य सेन जापान मास्टर्स में हारकर बाहर

**कुमामोतो।** भारतीय शटलर लक्ष्य सेन का 475,000 डॉलर इनामी कुमामोतो मास्टर्स जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में विजय अभियान शनिवार को सेमीफाइनल में जापान के केंटा निशिमोतो से तीन गेम में हार के साथ खत्म हो गया।



सातवीं वरीयता प्राप्त सेन छठी वरीयता प्राप्त निशिमोतो से 77 मिनट तक चले मुकाबले में 19-21, 21-14, 12-21 से हार गए। सेन का अपने इस प्रतिद्वंदी के खिलाफ रिकॉर्ड अच्छा था लेकिन अंतिम गेम में गलतियों के कारण वह इसको बेहतर करने में नाकाम रहे। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन सेन ने शुरुआती गेम में मिली हार से उबरते हुए निर्णायक गेम तक का सफर तय किया, लेकिन तीसरे गेम में वह पूरी तरह से लय में नहीं दिखे। यह मुकाबला दो बराबरी के खिलाड़ियों के बीच था लेकिन जापानी खिलाड़ी ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच धैर्य बनाए रखा और आखिर में फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे।

### पाकिस्तान ने श्रीलंका को 8 विकेट से हराया



**रावलपिंडी।** बाबर आजम के दो साल से अधिक समय में लगाए गए पहले अंतरराष्ट्रीय शतक की बदौलत पाकिस्तान ने दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका को 8 विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की। बाबर के 119 गेंदों पर नाबाद 102 रन की मदद से पाकिस्तान ने 48.2 ओवर में दो विकेट पर 289 रन बनाकर जीत हासिल की। श्रीलंका ने इससे पहले आठ विकेट पर 288 रन बनाए थे। उसके शीर्ष सात बल्लेबाजों में से छह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। बाबर ने खेले गए मैच से पहले सभी प्रारुपों में 83 पारियों में कोई अंतरराष्ट्रीय शतक नहीं लगाया था।

---

## विश्व मुक्केबाजी फाइनल्स आज से, दमदार प्रदर्शन पर भारत की निगाह



**ग्रेटर नोएडा।** भारतीय मुक्केबाज जब रविवार से शुरू हो रहे विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स में उतरेंगे तो उनका लक्ष्य सत्र का शानदार अंत करने के साथ ही महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक हासिल करना भी होगा। मुक्केबाजी के संचालन का कार्य जब से वर्ल्ड बॉक्सिंग ने संभाला है तब से इस साल के शुरू में विश्व कप की शुरुआत की गई और अब उसका फाइनल्स होगा। मुक्केबाज सभी प्रमुख टूर्नामेंटों में रैंकिंग अंक अर्जित करते हैं, जो वरीयता निर्धारण में भूमिका निभाते हैं। अगले वर्ष एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेल होने वाले हैं, इसलिए ये अंक महत्वपूर्ण हो जाते हैं। प्रारुप के अनुसार इस वर्ष के शुरू में आयोजित किए गए तीन विश्व कप के पदक विजेता खिलाड़ियों के शीर्ष रैंकिंग वाले मुक्केबाजों के साथ फाइनल्स में जगह बनाई है।


### विश्व चैंपियन निकहत जरीन पर होगी नजरें

भारत मेजबान होने के कारण पुरुष और महिला दोनों के सभी भार वर्गों में अपनी चुनौती पेश करेगा। दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (51 किग्रा) महिला टीम की प्रमुख खिलाड़ी हैं। तेलंगाना की इस मुक्केबाज ने इस साल विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। मौजूदा विश्व चैंपियन जैस्मीन लाम्बोरिया (57 किग्रा) और मीनाक्षी हुड्डा (48 किग्रा), विश्व पदक विजेता पूजा रानी (80 किग्रा) और नुपुर (80 किग्रा से अधिक) अपनी अच्छी फॉर्म को बरकरार रखने की कोशिश करेंगी। प्रीति पवार (54 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और परवीन हुड्डा (60 किग्रा) राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रही हैं और वह अपने खेल से प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे।

---

फुटबॉल

## विश्व कप में क्रोएशिया की जगह पक्की, फरो आइलैंड्स को हराया




एजेंसी ▶▶ लंदन

क्रोएशिया ने फरो आइलैंड्स को 3-1 से हराकर अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में जगह पक्की कर ली, जबकि नीदरलैंड पोलैंड के साथ ड्रॉ खेलकर क्वालीफिकेशन के करीब पहुंच गया। क्रोएशिया को विश्व कप में जगह बनाने के लिए इस मैच में जीत की दरकार थी लेकिन उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। फरो आइलैंड्स की तरफ से डेविड टूरी ने गोल किया। क्रोएशिया ने हालांकि जल्द ही वापसी की। उसके लिए 23वें मिनट में जोस्को ग्वार्डिओल ने बराबरी का गोल दागा। दो साल बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी करते हुए पेटार मूसा ने जोसिप स्टानिसिक की मदद से हाफटाइम के बाद क्रोएशिया को 2-1 से आगे कर दिया। उसकी तरफ से तीसरा गोल निकोला व्लासिक ने किया। नीदरलैंड ने वारसॉ में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पोलैंड के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला और ग्रुप जी में सीधे प्रवेश की तरफ बड़ा कदम बढ़ाया। नीदरलैंड अभी अपने ग्रुप में शीर्ष पर है। इस बीच ग्रुप ए में निक वोल्टेमाडे के दो गोल की मदद से जर्मनी ने लक्जमबर्ग पर 2-0 की जीत में शीर्ष दो में जगह पक्की कर ली है।

### एटीपी फाइनल्स के सेमीफाइनल में अलियासिमे की एंट्री



**तूरिन।** फेलिक्स ऑगर अलियासिमे ने दो बार के चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। कनाडा के आठवीं वरीयता प्राप्त ऑगर अलियासिमे ने 6-4, 7-6 (4) से जीत हासिल की और ब्योर्न बोर्ग ग्रुप से यानिक सिनर के साथ अंतिम चार में प्रवेश किया। इससे पहले सिनर ने बेन शेल्टन को 6-3, 7-6 (3) से हराकर राउंड-रॉबिन में अपने सभी मैच जीते। सिनर का अगला मुकाबला सातवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर से होगा। ऑगर अलियासिमे एक अन्य सेमीफाइनल में कार्लोस अल्काराज का सामना करेंगे।

---

## आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी लॉन्च

**बैंकॉक।** भारत में महिला विश्व कप की शानदार सफलता के बाद आईसीसी ने 'दुनिया भर में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने और विस्तार देने' के लिए आठ टीमों वाला एक नया वैश्विक टूर्नामेंट शुरू किया। बैंकॉक में 20 से 30 नवंबर तक आयोजित होने वाले इसके शुरुआती सत्र को आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी कहा जाएगा और यह उभरते हुए क्रिकेट देशों को बड़े मंच का अनुभव प्रदान करने के लिए शुरू किए गए एक नए त्रि-स्तरीय विकास प्रणाली का हिस्सा होगा।




इस प्रतियोगिता में थाईलैंड, नीदरलैंड, पापुआ न्यू गिनी, संयुक्त अरब अमीरात, स्कॉटलैंड, नामीबिया, तंजानिया और युगांडा की टीमें हिस्सा लेंगी। हाल ही में संपन्न हुए महिला वनडे विश्व कप ने महिला क्रिकेट में एक नया मानदंड स्थापित किया, जिसमें टूर्नामेंट ने देश भर में 50 करोड़ से अधिक दर्शकों तक पहुंच बनाई और दुनिया भर में दर्शकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। आईसीसी ने कहा, 'भारत और (सह-मेजबान) श्रीलंका में लगभग तीन लाख प्रशंसकों ने मैचों को (स्टेडियम में) देखा और इस आयोजन का समापन भारत द्वारा महिला क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनने के साथ हुआ।

---

# एमसीए ने स्मृति को किया पुरस्कृत

## भेंट किए 50 लाख



**मुंबई।** महाराष्ट्र क्रिकेट संघ (एमसीए) ने भारतीय टीम की उप-कप्तान और कलात्मक सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को भारतीय महिला टीम को विश्व चैंपियन बनाने के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 50 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया। मंधाना ने विश्व कप में 54.25 की प्रभावशाली औसत से 434 रन बनाए थे। वह सबसे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर थीं। मंधाना ने कहा, 'मैंने महाराष्ट्र के लिए आयु-वर्ग क्रिकेट खेलकर अपनी क्रिकेट यात्रा शुरू की और अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बेहद गर्व की बात है।' उन्होंने कहा, 'हमारी विश्व कप जीत टीम के प्रत्येक खिलाड़ी के सामूहिक प्रयास, अनुशासन और टीम वर्क का परिणाम था। मैं इस सम्मान के लिए एमसीए अध्यक्ष रोहित पवार और सभी पदाधिकारियों का आभारी हूं।' भारतीय उपकप्तान ने कहा, 'एमसीए महिला क्रिकेटरों के लिए असाधारण काम कर रहा है और हाल ही में शुरू हुई महाराष्ट्र महिला प्रीमियर लीग और उसके बाद सीनियर महिला टी 20 ट्रॉफी में राज्य टीम की जीत इस प्रतिबद्धता को दर्शाती है।'

---


## राइजिंग स्टार्स एशिया कप में आज भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत

# पाक से हाथ न मिलाने की नीति पर कायम रहेगा भारत

एजेंसी ▶▶ दोहा

युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी रविवार को राइजिंग स्टार्स एशिया कप टी20 मैच में पाकिस्तान शाहीन्स के आक्रमण को स्तब्ध रखने के इरादे से मैदान पर उतरेंगे जबकि जितेश शर्मा की अगुवाई वाली भारत ए टीम भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की हाथ नहीं मिलाने की नीति का पालन करेगी।

सितंबर में एशिया कप के दौरान भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था। उस टूर्नामेंट में दूसरे विकेटकीपर और वर्तमान टूर्नामेंट में भारत ए के कप्तान जितेश से भी उम्मीद की जा रही है कि वह अपने सीनियर के नक्शेकदम पर चलते हुए पाकिस्तान शाहीन्स के कप्तान इरफान खान से न तो टॉस के समय और न ही मैच के बाद हाथ मिलाएंगे।



### भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा

भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती दाएं हाथ के तेज गेंदबाज उबैद शाह से होगी, जो सीनियर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नसीम शाह के छोटे भाई हैं। भारतीय टीम में अधिकतर वह खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्होंने आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया था। भारतीय टीम में जितेश और रमनदीप सिंह ही दो ऐसे खिलाड़ी हैं, जो सीनियर टीम की तरफ से अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। पाकिस्तान शाहीन्स के कप्तान इरफान ने नौ वनडे खेले हैं।


### सूर्यवंशी पर होंगी निगाहें

सबका ध्यान हालांकि 14 साल के सूर्यवंशी पर होगा, जिन्होंने आईपीएल में शतक लगाकर विश्व क्रिकेट में तहलका मचा दिया था। उन्होंने पिछले मैच में यूएई के खिलाफ 52 गेंदों पर 15 छक्कों की मदद से 144 रन की अविश्वसनीय पारी खेली और सीनियर अंतरराष्ट्रीय (ए टीम) क्रिकेट में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बल्लेबाज बन गए। लेकिन भारत ए के मुख्य कोच सुनील जोशी अपने बल्लेबाजों को यह याद दिलाना चाहेंगे कि पाकिस्तान का आक्रमण यूएई की तुलना में बेहतर होगा।

**विशेष: अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस 19 नवंबर**

# दबावों-अपेक्षाओं-चुनौतियों से विवश दुनिया भर के पुरुष

पुरुषों को परिवार का पालक, कमाने वाला और हर दबाव सहन कर लेने वाला लौह मनुष्य समझा जाता है। सदियों से चली आ रही यह मान्यता आज भी बरकरार है। इस वजह से वे अनेक तरह की शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक समस्याओं का सामना करने को विवश हैं। ऐसे में जरूरत है कि न केवल समाज बल्कि स्वयं पुरुष भी इन दबावों से मुक्त होने का प्रयास करें।





कवर स्टोरी
लोकमित्र गौतम

अनुमान के मुताबिक दुनिया में लगभग 4.14 अरब पुरुषों की आबादी है, जो विश्व आबादी की लगभग 50.27 फीसदी है। दुनिया के हर समाज में चाहे वो अफ्रीकन कबीलाई समाज हो, चाहे यूरोप का आधुनिक समाज हो, चाहे भारत और चीन जैसे पारंपरिक सभ्यताओं वाला समाज हो या अमेरिका का अत्याधुनिक बाजारू वर्चस्व वाला समाज हो। सभी समाजों में पुरुषों की मजबूती का मिथ सदियों से व्याप्त है। इस कारण आज के इस डिजिटल और एआई के युग में भी पुरुष वर्ग अनेक मानसिक, शारीरिक और आर्थिक परेशानियों के दुष्चक्र में फंसा हुआ है। दरअसल, दुनिया के हर समाज में चाहे पूरब हो या पश्चिम, पुरुषों को लेकर यह मिथ बहुत गहरे तक मौजूद है कि वे मजबूती, भावनात्मक निरपेक्षता के धनी होते हैं यानी पुरुष होने का मतलब हमेशा कठिन परिस्थितियों में भी भावनाओं पर पूरा नियंत्रण रखने वाला होता है। सच्चाई यह है कि इस मान्यता की वजह से पुरुष अनेक दबावों और परेशानियों के साथ जीने के लिए मजबूर होते जा रहे हैं।



## बढ़ रही स्वास्थ्य समस्याएं

पुरुष हर हाल में मजबूत बने रहते हैं, कभी भावनाओं में नहीं बहते। इस मिथ पर खरे उतरने के लिए दुनिया के 70 फीसदी से ज्यादा पुरुष अपनी समस्याएं, खासकर शारीरिक समस्याएं किसी और को बताते ही नहीं हैं। इस वजह से उनमें शारीरिक समस्याएं बढ़ती हैं। दुनिया भर के स्वास्थ्य आंकड़े बताते हैं कि अपने स्वास्थ्य के चेकअप को लेकर पुरुष बेहद लापरवाह होते हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा हार्ट अटैक पुरुषों को होता है और माना जाता है कि करीब 50 फीसदी पुरुषों को पहले से पता होता है कि वो इसकी चपेट में हैं, लेकिन इसका जिक्र कभी नहीं करते। वास्तव में इन मिथों ने पुरुषों की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को आज तक के इतिहास में सबसे खतरनाक मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है। आज भी ज्यादातर पुरुष स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण चेकअप कराने से कन्नी काट जाते हैं। यही कारण है कि पुरुषों की ज्यादातर गंभीर बीमारियां समय रहते पकड़ में नहीं आतीं और यह आंकड़ा तो दुनिया में हर कोई जानता है कि हर देश में पुरुष महिलाओं के मुकाबले कम से कम 7-8 साल कम जीते हैं।

## नहीं करते भावनाएं अभिव्यक्त

हैरानी की बात यह है कि इस डिजिटल और एआई के युग में भी पुरुषों से वैसी ही भावनात्मक उम्मीदें की जाती हैं, जैसे मध्ययुग में की जाती थीं कि वे अपनी परेशानियों का रोना नहीं रोएंगे। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि दुनिया के करीब 60 फीसदी से ज्यादा पुरुष प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संबंध विच्छेद का दंश झेलते हैं। क्योंकि वे अपनी भावनाओं और निर्भरताओं का सामाजिक रूप से प्रदर्शन नहीं कर पाते। इसलिए ऐसी परिस्थितियों में फंस जाने के बाद न केवल वे अपने दोस्त खो देते हैं बल्कि पारिवारिक अलगाव की सजा भी पुरुषों को ही मिलती है।

## नहीं दिखना चाहते इमोशनली वीक

आज जब एआई, सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म की भरमार है, तब भी यह देखना चिंताजनक है कि ज्यादातर पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे अकसर छिपे रहते हैं। उदाहरण के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया के अधिकांश देशों में पुरुषों द्वारा किए गए आत्महत्या के प्रयास, महिलाओं की तुलना में बहुत ज्यादा होते हैं। मगर हैरानी की बात यह है कि करीब 40 फीसदी आत्महत्या करने वाले या आत्महत्या की कोशिश करने वाले पुरुष इस बात का बिना खुलासा किए यह कदम उठा लेते हैं कि वे ऐसा क्यों कर रहे हैं? दरअसल, पुरुषों की यह समस्या है कि वे अपनी भावनाएं व्यक्त नहीं कर पाते, प्राचीन काल से आज तक यह स्थिति जैसे की तैसे ही बनी हुई हैं। आज भी पुरुषों को उसी नजरिए से देखा जाता है, उनसे वही अपेक्षा की जाती है। विडंबना यह है कि हर पुरुष खुद को भी उसी मिथक की नजर से देखता है। इसीलिए दुनिया का हर पुरुष भावनात्मक रूप से कमजोर होने के बाद भी इस बात से डरता है कि उसे दूसरा कोई कमजोर न समझे।

## कम नहीं वर्क-इकोनॉमिकल प्रेशर

इस डिजिटल युग में समस्या सिर्फ भावनात्मक नहीं है। इस दौर की एक बड़ी समस्या यह भी है कि काम-काज की डिजिटल संस्कृति ने पुरुषों का लाइफ बैलेंस बिल्कुल बिगाड़कर रख दिया है। पिछली एक सदी से बराबरी के नारों के बीच भी दुनिया के हर समाज में आज भी पुरुषों से उम्मीद यही की जाती है कि घर में कमाने की जिम्मेदारी उन्हीं की है। सोशल मीडिया द्वारा भले पुरुषों की अनेक काल्पनिक छवियां प्रस्तुत की जाती हों, लेकिन विश्व के श्रम पर नजर रखने वाले संगठन बताते हैं कि अभी भी जीडीपी ओरिएंटेड तकरीबन 70 फीसदी काम दुनिया के पुरुष ही करते हैं और आज जबकि ज्यादातर मामलों में मशीन पुरुषों से बेहतर है, अब भी पुरुष इस दबाव में जीते हैं कि मैं अच्छा काम कर रहा हूं या नहीं। कहीं मैं दूसरे से पीछे तो नहीं रह जाऊंगा। इस वजह से वे ओवर वर्कप्रेशर में रहते हैं।

## समाज-स्वयं पुरुष बदलें नजरिया

विश्व पुरुष दिवस के अवसर पर जरूरत है कि पुरुषों की स्वास्थ्य जागरूकता और विशेषकर उनके मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति पर खुलकर बोलने और स्वीकार करने का माहौल बने। पुरुषों को बदलती तकनीकी और सामाजिक जीवन में नई वास्तविकताओं को स्वीकार करना चाहिए। इस बात की भी जरूरत है कि पुरुषों को ज्यादा से ज्यादा संवाद मंच और मानसिक स्वास्थ्य चेकअप प्लेटफॉर्म पर लाया जाए। उन्हें परिवार का साथ और संबल मिले। पुरुष स्वयं को आयरन मैन न समझें। अपने शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें। तभी वे स्वस्थ-खुशहाल जीवन जी पाएंगे। *

---

नई सदी के पहले दशक यानी 2010 के बाद जन्मी पीढ़ी (जनरेशन अल्फा), बेशुमार तकनीकी सुविधाओं, कई चुनौतियों और अनेक दुविधाओं के साथ बड़ी हो रही है। ऐसे में उनका सहज, सही दिशा में विकास हो इसके लिए उन्हें थामने, संभालने और संबल देने की भी जरूरत है।

# जनरेशन अल्फा मन-जीवन को थामने-संबल देने की दरकार

लाइफस्टाइल
डॉ. मोनिका शर्मा

समय बदलने के साथ पीढ़ियां बदलती हैं और पीढ़ियों के साथ जमाने के रंग भी बदल जाते हैं। हर नई जनरेशन, पुरानी जनरेशन की तुलना में नए रंग-ढंग को जीती ही है। समय के साथ बच्चों की जीवनशैली से जुड़ा हर बदलाव सहज स्वीकार्य नहीं होता। इसे समझना और एक संतुलन साधना जरूरी है। हाल के वर्षों में अल्फा जनरेशन की जीवनशैली से जुड़े बदलाव बेहद विचारणीय हो चले हैं। तकनीक की दस्तक ने परिवर्तन की गति ना सिर्फ कई गुना बढ़ा दी है बल्कि बहुत से नए पहलू भी जोड़ दिए है। ऐसे में जनरेशन अल्फा को संभालने के लिए पैरेंट्स को सजग रहने की जरूरत है।

**क्या है जनरेशन अल्फा:** वर्ष 2010 से 2024 के बीच जन्मी पीढ़ी को जनरेशन अल्फा कहा जाता है। डिजिटल संसार में आंखें खोलने वाली यह पीढ़ी जनरेशन जेड की अगली पीढ़ी है। गौरतलब है कि 1997 से 2012 के बीच जन्मे लोगों को जनरेशन जेड कहा जाता है। अल्फा पीढ़ी, ग्लोबल माइंडेड और आजाद खयाल है। साथ ही जेन अल्फा की सीखने-समझने की क्षमता और अंदाज दोनों ही अलग हैं। इस पीढ़ी को जन्म के समय से ही तकनीक ने घेरा हुआ है। डिजिटल दुनिया में कुशल नेविगेटर कही जाने वाली यह पीढ़ी, जागरूक और इनोवेटिव विचारों की धनी भी है। अपने अधिकारों को लेकर सजग है। अच्छी एडॉप्टिबिलिटी रखती है।

**तकनीक का सही इस्तेमाल जरूरी:** जनरेशन अल्फा को एक डिजिटल नेटिव माना जाता है। जन्म से ही कंप्यूटर, लैपटॉप, स्मार्टफोन, टैबलेट, इंटरनेट और दूसरे डिजिटल डिवाइसेस इनके जीवन का हिस्सा रहे हैं। स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में बड़ी हो रही अल्फा जनरेशन के मन और जीवन को थामने के लिए टेक्निकल गैजेट्स के सीधे इस्तेमाल की सीख देना आवश्यक है। लंबा समय स्क्रीन के सामने बिता रही अल्फा जनरेशन को डील करने के लिए पैरेंट्स इन्हें सामाजिक जीवन से जोड़ें। डिजिटल दुनिया में रील्स, पोस्ट्स, मीम्स देखते रहने वाली अल्फा पीढ़ी को अपने असली रिश्तों-नातों से मिलवाएं। पर्व-त्योहारों पर परंपरागत जीवन का पाठ पढ़ाएं। तकनीक को सहूलियत के बजाय लत न बनने दें। क्लिक भर में हर काम हो जाने के आदी न होने दें। खुद अपने काम करने दें। चिंतनीय है कि तकनीकी जाल में उलझे ये बच्चे, कई मोर्चों पर दिशाहीनता का शिकार भी हो जाते हैं।




यही वजह है कि इस हाइटेक पीढ़ी को डील करने के लिए कुछ मामलों में असीम धैर्य की भी दरकार है, तो कई बातों को लेकर स्पष्ट गाइडलाइंस बनाना भी जरूरी हैं। बड़ों का साथ और स्नेह, जेन अल्फा को भी सहज जीवन से जोड़े रखेगा।

**नियमित संवाद जरूरी:** चैट-जीपीटी से सलाह लेने वाली इस जनरेशन से हर समस्या को लेकर नियमित संवाद किया जाना चाहिए। साथ ही इन बच्चों को सेल्फ कंट्रोल सिखाना भी बहुत जरूरी है। अनुशासित जीवनशैली न केवल स्मार्ट स्क्रीन से दूर रखेगी बल्कि जीवन को वास्तविक धरातल पर जीना भी सिखाएगी। इन बच्चों को स्मार्ट गैजेट्स के इस्तेमाल से पूरी तरह दूर नहीं रखा जा सकता। मानसिक रूप से मजबूत और सजग पीढ़ी पर किसी भी तरह का दबाव डालने के बजाय हर मामले में कोई बेहतर ऑप्शन सुझाएं। रचनात्मक सोच को बढ़ावा दें। इंडोर गेम्स हों या दूसरी फिजिकल एक्टिविटीज, पैरेंट्स इस टेक सेवी पीढ़ी को सार्थक व्यस्तता का माहौल दें।

**भावनात्मक मोर्चे पर डटें:** बात चाहे असल और आभासी व्यक्तित्व का फर्क समझाने की हो या सामाजिक-पारिवारिक जीवन से जोड़ने की, पैरेंट्स अल्फा पीढ़ी को इमोशनल फ्रंट पर अवश्य थामें। एडिटेड फोटोज, फॉलोअर्स और वर्चुअल स्टारडम की आभासी दुनिया में खोए बच्चों का मन समझने का प्रयास करना जरूरी है। सोशल लाइफ से लगभग दूर हो चुकी अल्फा पीढ़ी मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक मेल-जोल के मामले में कई चुनौतियों से जूझ रही है। गुस्सा, चिड़चिड़ापन और याददाश्त कम होने जैसी समस्याएं भी सामने आ रही हैं। ऐसे में इन बच्चों को स्क्रीन स्क्रॉलिंग के बजाय साथ बैठकर बात करने का महत्व समझाएं।




# भारतीय पुरुषों की चुनौतियां



**इस एआई** और ग्लोबलाइजेशन के दौर में भारत में पुरुषों की औसत जीवन प्रत्याशा महिलाओं के मुकाबले करीब 08 साल कम है। सिर्फ उम्र के मामले में ही नहीं, पैदा होने के बाद सर्वाइव करने के मामले में भी पुरुष महिलाओं से पीछे हैं तथा हर साल बीमारियों से मरने वाले में पुरुषों और महिलाओं में 12 से 14 फीसदी का फर्क है। 2021 के रिपोर्ट में दर्ज नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ऑफ इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक देश में 72.5 फीसदी आत्महत्याएं पुरुषों द्वारा की जाती हैं। 40 फीसदी पुरुष इस दौर में भी अपनी मानसिक स्वास्थ्य की समस्या को परिवार से छिपाते हैं और 2017 के एक आंकड़े के मुताबिक अलग-अलग रेंडम स्वास्थ्य पड़ताल में पाया गया था कि करीब 1.97 करोड़ पुरुष किसी न किसी तरह की मानसिक समस्या से ग्रस्त थे। सवाल है आखिर इस खुलेपन के दौर में भी पुरुष खुद को लेकर इस तरह के बंद के शिकार क्यों हैं? तो विशेषज्ञों के मुताबिक भारत में पुरुषों पर आज भी वो पारंपरिक अपेक्षाएं बनी हुई हैं जो कृषि युग से उन पर रही हैं। मसलन आज भी पुरुष को परिवार का पालक, कमाने वाला और दबाव सहन कर लेने वाला लौह पुरुष समझा जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस डिजिटल मीडिया और प्रतिस्पर्धा के युग में पुरुष उपेक्षा का शिकार हो गए हैं और इस दौर में उनकी मानसिक असुरक्षा का सबसे बड़ा कारण रोजगार पर लटकती एआई की तलवार है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930